सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 42.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-354 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 05 जून 2024
27 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी



हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




## लोकसभा चुनाव परिणाम 2024

जीते प्रत्याशी | हारे प्रत्याशी



नरेंद्र मोदी — वाराणसी, बीजेपी 1,52,513 वोटों से जीते
हरेंद्र मलिक — सपा, मुजफ्फरनगर 469,804 से जीते
कौशल किशोर — मोहनलालगंज, उप्र., भाजपा 70292 से हारे
विनोद सोनकर — कौशाम्बी, बीजेपी 101500

राहुल गांधी — वायनाड, केरल, कांग्रेस 3,64,422 वोटों से जीते
इमरान मसूद — कांग्रेस सहारनपुर 64542 वोटों से जीते
जयवीर सिंह — मैनपुरी, भाजपा 376887 से हारे
अजय प्रताप सिंह — वोटो से हारे कुशीनगर, सपा

हरसिमरत कौर बादल — बठिंडा, पंजाब, शिअद 49,656 वोटों से जीतीं
राहुल गांधी — रायबरेली, उप्र., कांग्रेस 3,90,030 वोटों से जीते
डॉ. संजीव बालियान — भाजपा, मुजफ्फरनगर 25989 वोटों से हारे
रितेश पाण्डेय — 81796 मतों से हारे भाजपा, अम्बेडकरनगर

अनुराग ठाकुर — हमीरपुर, हि. प्रदेश, बीजेपी 1,82,357 वोटों से जीते
उज्ज्वल रमण सिंह — प्रयागराज, कांग्रेस 462145 वोटों से जीते
स्मृति ईरानी — अमेठी, उत्तर प्रदेश बीजेपी 1,67,196 वोटों से हारीं
हरीश द्विवेदी — 145000 से हारे बस्ती, भाजपा 100958 से हारे

ओम बिरला — कोटा, राजस्थान, बीजेपी 41,974 वोटों से जीते
रुचि वीरा — मुरादाबाद, उप्र., सपा 87,255 वोट से जीतीं
उमर अब्दुल्ला — बारामूला, कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस 204142 वोटों से हारे

अर्जुनराम मेघवाल — बीकानेर, राजस्थान, बीजेपी 55,711 वोटों से जीते
आदित्य यादव — बदायूं, उप्र., सपा 35269 से जीते
नकुलनाथ — छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश कांग्रेस 1,13,618 वोटों से हारे

मनोज तिवारी — नॉर्थ ईस्ट दिल्ली, बीजेपी 1,37,066 वोटों से जीते
अरुण सागर — शाहजहांपुर, उप्र., भाजपा 5,92,227 से जीते
मेनका गांधी — सुल्तानपुर, उप्र बीजेपी 43,174 वोटों से हारीं

कंगना रनौट — मंडी, हि. प्रदेश बीजेपी 74,755 वोटों से जीतीं
छत्रपाल गंगवार — बरेली, उ.प्र., भाजपा 56000 वोट से जीते
माधवी लता — हैदराबाद, तेलंगाना, बीजेपी 3,38,087 वोटों से हारीं

ज्योतिरादित्य सिंधिया — गुना, मध्य प्रदेश बीजेपी 5,40,929 वोटों से जीते
सतीश गौतम — अलीगढ़, उप्र., भाजपा 15647 से जीते
अजय मिश्र टेनी — खीरी, उप्र., भाजपा 33323 से हारे

डॉ. शशि थरूर — थिरुवनंतपुरम, केरल कांग्रेस 16,077 वोटों से जीते
राजकुमार चाहर — फतेहपुर सीकरी, उप्र., भाजपा 445657
महेन्द्रनाथ पांडेय — चन्दौली, उप्र., भाजपा 21565 से हारे

हेमा मालिनी — थुरा, उत्तर प्रदेश बीजेपी 2,93,407 वोटों से जीतीं
राजीव राय — घोसी, उप्र., सपा 162106 से जीते
साध्वी निरंजन ज्योति — फतेहपुर, उप्र., भाजपा 33,199 वोट से हारीं

राजनाथ सिंह — लखनऊ, उप्र बीजेपी 350159 वोटों से जीते
नरेश उत्तम पटेल — फतेहपुर, उप्र., सपा 5,00328 वोट से जीते
दानिश अली — अमरोह, कांग्रेस-सपा 28670 वोट से हारे

शिवराज सिंह चौहान — विदिशा, म.प्र बीजेपी 8,21,408 वोटों से जीते
अनुप्रिया पटेल — मिर्जापुर, अपना दल (एस) 37810 वोटो से जीते
मुकेश धनगर — मथुरा, कांग्रेस 293407 मतों से हारे

मनसुख मंडाविया — पोरबंदर, गुजरात बीजेपी 3,83,360 वोटों से जीते
पंकज चौधरी — महाराजगंज, भाजपा 35451 वोट से जीते
परमेश्वर लाल सैनी — संभल, भाजपा 1.14 लाख मतों से हारे

असदुद्दीन ओवैसी — एआईएमआईएम हैदराबाद 6,61,981 वोट से जीते
एसपी बघेल — आगरा, भाजपा 271294 वोट से जीते
दिनेश लाल यादव — आजमगढ़, भाजपा 161035 मतों से हारे

पप्पू यादव — निर्दलीय, बिहार पूर्णिया 30 हजार वोट से जीते
साक्षी महाराज — उन्नाव, भाजपा 35,818 से जीते
राजवीर सिंह — कासगंज, भाजपा 32975 वोट से हारे

मनीष तिवारी — कांग्रेस, चंडीगढ़ 2504 वोटों से जीते
अखिलेश यादव — कन्नौज, उप्र. सपा 1,50,000 से जीते
अखिलेश प्रताप सिंह — देवरिया, कांग्रेस, 36,000 वोटों से हारे

जितिन प्रसाद — भाजपा, पीलीभीत 164935 मतों से जीते
सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया भाजपा, आसनसोल 59564 से हारे

| भाजपा+ | सपा | कांग्रेस | बसपा |
|---|---|---|---|
| 36 | 37 | 06 | 00 |

# एनडीए को स्पष्ट बहुमत

## कांग्रेस ने छुआ 100 सीटों का आंकड़ा, सपा का शानदार प्रदर्शन

**एनडीए-294**

**इंडिया-232**

**परिणाम**

- आज सरकार बनाने का दावा पेश कर सकता है एनडीए
- पीएम ने नीतीश-नायडू को फोन किया, राष्ट्रपति भवन में शपथ की तैयारियां शुरू
- तृणमूल के 31 सांसदों का साथ तय, नीतीश के 15 सांसद मिलें तो बनेगी बात, कोशिशें शुरू
- ओडिशा में 24 साल का पटनायक राज खत्म

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा चुनाव के नतीजे लगभग साफ हो गए हैं। 542 सीटों में से एनडीए को 291, इंडिया को 234 सीटें मिल रही हैं। हालांकि, भाजपा 272 के बहुमत आंकड़े को पार नहीं कर पाई, लेकिन एनडीए को बहुमत मिल गया है। 2014 में भाजपा को 278 और 2019 में 303 सीटें मिली थीं। इस बीच अब सरकार बनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। एनडीए बुधवार को सरकार बनाने का दावा पेश कर सकती है। उसने अपने घटकदलों की बुधवार को बैठक बुलाई है। पीएम ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार और टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू को फोन कर बैठक के लिए बुलाया है। उधर, राष्ट्रपति भवन में शपथ की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आम लोगों के लिए 5 से 9 जून तक के लिए बंद कर दिया है। उधर, इंडिया गठबंधन की भी शाम को दिल्ली में बैठक बुलाई गई है। राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस बैठक अगली रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट के अनुसार, रात 10 बजे तक भाजपा को 240, कांग्रेस को 99, सपा को 37, टीएमसी को 29, डीएमके को 22, टीडीपी को 16, जेडीयू को 12, शिवसेना यूटीबी को 9, एनसीपी शरद पवार को 7, राजद को 4 और लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास को 5, शिवसेना शिंदे को 7 सीटें मिलती दिख रही हैं। चुनाव आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा चुनाव कार्यक्रम का ऐलान किया था। कुल 7 फेज में 19 अप्रैल से 1 जून तक वोटिंग हुई। 1952 के बाद 44 दिन का यह चुनाव सबसे लंबा रहा। 1952 में यह 4 महीने चला था। इन 2 मौकों के अलावा चुनाव की प्रोसेस अमूमन 30 से 40 दिन में पूरी हो जाती थी।



## जितनी सीटें अकेले भाजपा ने जीतीं, उतनी पूरा विपक्ष मिलकर भी नहीं जीत सका: मोदी

- आत्म निर्भर बनाने के लिए करेंगे काम
- आप एक कदम चलेंगे, मोदी चार कदम चलेगा

**नई दिल्ली।** जय जगन्नाथ, हम सभी जनता जनार्दन के ऋणी हैं। उन्होंने कहा, जनता ने भाजपा और एनडीए पर भरोसा जताया है। आज की यह विजय दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीत है। यह भारत के अटूट निष्ठा की जीत है। यह विकसित भारत के प्रण की जीत हैज्यह कहना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का। मतगणना के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह विकसित भारत के प्रण की जीत है। यह सबका साथ, सबका विकास की जीत है। यह इस मंत्र की जीत है। यह 140 करोड़ भारतीयों की जीत है।

उन्होंने आगे कहा कि मैं आज देश के चुनाव आयोग का भी अभिनंदन करुंगा।

### सहयोगी दलों का मंच से लिया नाम

पीएम मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में एनडीए ने शानदार प्रदर्शन किया। बिहार में नीतीश बाबू के नेतृत्व में एनडीए ने शानदार प्रदर्शन किया। दोस्तों 10 साल पहले देश ने हमें जनादेश दिया था। 2013-14 में देश एक निराशा की गर्त में डूब चुका था। हर दिन अखबारों की हेडलाइन ऐसी ही होती थीं। ऐसे समय में देश ने हमें निराशा के गहरे सागर से आशा के मोती निकालने का जिम्मा सौंपा था।

चुनाव आयोग ने दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव इतनी कुशलता के साथ संपन्न कराया है। इस चुनाव में करीब 100 करोड़ मतदाता, 11 लाख पोलिंग स्टेशन, 55 लाख वोटिंग मशीन, 1.5 करोड़ मतदान कर्मियों ने साथ काम किया। भारत की चुनाव प्रक्रिया, चुनाव के पूरे सिस्टम पर हर भारतीय को गर्व है। ये अपने आप में बहुत बड़ा गौरव का विषय है। पीएम मोदी ने मंच से कहा कि देश के इतिहास में महिलाओं द्वारा दिए गए वोटों से रिकॉर्ड टूट गया है। मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता। देश की कोटि-कोटि माताओं-बहनों ने मुझे नई प्रेरणा दी है। राष्ट्र प्रथम की भावना हमें लक्ष्य हासिल करने का हौसला देती है। हमने दुनिया की सबसे बड़ी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाईं। आजादी के 70 साल बाद 12 करोड़ लोगों को नल से जल मिला है। आजादी के 70 साल बाद चार करोड़ जनधन खाते खुले हैं। अनुच्छेद 370 हटा, बैंकिंग रिफॉर्म हुए, जीएसटी आई। आप याद करिए कोरोना का इतना बड़ा संकट आया, हमने हर दबाव से हटकर कदम उठाया और इसी का नतीजा है कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से विकसित होती बड़ी इकोनॉमी है। राष्ट्र प्रथम की यही भावना भारत को आत्मनिर्भर बनाएगी। साथियों हमारे सामने एक महान संकल्प है। विकसित भारत का संकल्प। 10 साल के बाद लगातार तीसरी बार जनता-जनार्दन का प्यार, उनका आशीर्वाद हमारा हौसला बढ़ाता है। हमारे संकल्प को नई मजबूती, ऊर्जा देता है।

## राहुल की यात्रा ने इंडिया से भारत को जोड़ा

**लखनऊ शकील रिज़वी।** आज के चुनाव परिणामों पर अगर गौर करें तो इसके पीछे राहुल गाँधी की मेहनत और दूरदर्शिता नजर आती है। आज के परिणामों ने सिर्फ राजनैतिक दलों को हो नहीं बल्कि आम लोगों को भी अचम्भित कर दिया। इस परिणाम को समझने के लिए हमें सितंबर 2022 में जाना पड़ेगा, जब राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। यह प्लानिंग भले ही कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी की रही लेकिन इसका फायदा लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का हिस्सा बने क्षेत्रीय दलों को ऐसा मिला की वह एक आर फिर अपना अस्तित्व बचाने में कामयाब रहे। राहुल गाँधी की दो यात्रा जो की पहले भारत जोड़ो यात्रा के नाम से लगभग 136 दिन में 4000 किलोमीटर्स से ज्यादा की रही, वहीं इसी साल जनवरी में शुरु हुई दूसरी भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने मणिपुर में लोग न्याय की आस देख रहे लोगों में एक उम्मीद की चमक पैदा की। राहुल गाँधी को अपने बीच पा कर जिस तरह जनता के अपने आपको खुश पाया वह आश्चर्यचकित करने वाला था। राहुल गाँधी की इस यात्रा को देश के बेरोजगार युवा, महंगाई से परेशान महिलाओं और वंचित समाज ने एक आन्दोलन के रूप में देखा। यात्रा के जरिए राहुल ने गरीब, मज़दूर, किसान, महिलाओं, नौजवानों, पिछड़ों, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्ग की चुनौतियों और संघर्ष को समझने और उनके समाधान ढूँढ़ने का प्रयास ही नहीं किया बल्कि इसके जरिये राहुल ने सीधे आम जनता से मिल उनकी समस्याएं जानीं। राहुल गाँधी ने एक सधे हुए नेता की तरह उन मुद्दों को इन यात्रा में उठाया जिनकी तलाश में लोग थे। राहुल गाँधी की यह यात्रा ऐसे वक्त पर हुई जब कुछ दिनों में देश में लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला था। सत्ता पक्ष ने राहुल गांधी को यात्रा को लेकर तमाम तंज किये, लेकिन उससे बेपरवाह राहुल अपनी यात्रा में लोगों के दुख-दर्द समझते रहे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गाँधी न सिर्फ़ लाखों की संख्या में लोगों से मिलेए बल्कि हज़ारों से ज़्यादा लोगों की बातें भी उन्होंने ध्यान से सुनीं कभी उनके पास जाकर कभी उन्हें पास बुलाकर कभी परिवारों से कभी समूहों में और उसके आधार पर ही उन्होंने किसानों के लिए स्वामीनाथन समिति की सिफ़ारिशों के मुताबिक़ न्यूनतम समर्थन मूल्य देनेए जातीय जनगणना करवाने 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा हटाने जैसी गारंटियों की घोषणा की है गाँधी ने यात्रा के जरिए क्षेत्रीय पार्टियों के सामने भी अपने शक्ति का प्रदर्शन कर दिया जिसकी वजह से क्षेत्रीय दल जो कांग्रेस से दूरी रखना चाहते थे वह भी कांग्रेस के साथ अपना वजूद देखने लगे इसका इतना असर हुआ की क्षेत्रीय दल लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से दोस्ती की चाह रखने लगे इसी के क्रम में राहुल गाँधी ने इंडिया गठंधन की वह बुनियाद डाली जिसने देश के लगभग 40 दलों को एक साथ लेकर मजबूती से खडा कर दिया जिसका परिणाम आज सबके सामने है।

## यूपी ने भाजपा को अकेले बहुमत हासिल करने से रोका, सपा ने 37 सीटों के साथ रचा इतिहास

सूबे की सियासत की चर्चित कहावत है कि दिल्ली की कुर्सी का रास्ता यूपी से होकर जाता है। 2024 के लोकसभा चुनाव में यह कहावत एक बार फिर सही साबित हुई। प्रदेश में 2014 से लोकसभा व विधानसभा के लगातार चार चुनावों में शानदार प्रदर्शन कर रही भाजपा को इस चुनाव में यूपी में तगड़ा झटका लगा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन ने भाजपा व उसके सहयोगी दलों के विजय रथ को कुल 80 सीटों में आधे से भी कम 36 पर रोक दिया। भाजपा 33 व सहयोगी दल तीन सीटें ही पा सके। इसका असर ये हुआ है कि भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर पूर्ण बहुमत का जादुई आंकड़ा अकेले हासिल नहीं कर पाई। समाजवादी पार्टी 37 व कांग्रेस छह सीटों के साथ 43 सीटें जीतने में सफल रही। भाजपा को 2014 में अकेले 71 व 2019 में 62 सीटें मिली थीं। बसपा वर्ष 2014 की तरह यह चुनाव भी अकेले लड़ी। अकेले लड़कर वह इस चुनाव में भी खाता नहीं खोल पाई। बसपा ने पिछला चुनाव सपा से गठबंधन कर लड़ा था और 10 सीटें जीतकर बड़े फायदे में थी। पीएम नरेंद्र मोदी वाराणसी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से लगातार तीसरा चुनाव जीते। लेकिन, केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल कई मंत्री चुनाव हार गए हैं। कांग्रेस ने रायबरेली सीट पर अपना कब्जा तो बरकरार ही रखा, केंद्रीय मंत्री स्मृति जूबिन इरानी से अमेठी सीट भी छीन ली है। रायबरेली सीट सोनिया गांधी ने छोड़ी थी, जिसे राहुल ने बरकरार रखा। अमेठी में गांधी परिवार के करीबी किशोरीलाल शर्मा ने इरानी को हराकर पिछले चुनाव में राहुल की हार का हिसाब बराबर कर लिया। नजरें सपा मुखिया अखिलेश यादव के परिवार के सदस्यों से जुड़ी सीटों पर भी थी।

### फैजाबाद ही नहीं राममंदिर के इर्द-गिर्द की सभी सीटें हारी भाजपा

भाजपा ने राममंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा और निर्माण को जिस तरह से जनता से बीच उठाया, उसका फायदा उसे नहीं मिला। राममंदिर के इर्द-गिर्द की सभी लोकसभा सीटें भाजपा हार गई। अयोध्या मंडल में उसका रिपोर्ट कार्ड जीरो रहा। इतना ही नहीं वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने मध्य यूपी की 24 में से 22 सीटें जीती थीं। लेकिन, इस बार उसे इस क्षेत्र में 13 सीटों का नुकसान हुआ। वहीं, कांग्रेस को 3 और सपा को 11 सीटों का फायदा हुआ। अयोध्या मंडल की फैजाबाद सीट भी भाजपा नहीं बचा सकी। सपा ने अयोध्या में दलित प्रत्याशी व पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद को उतारा, जिन्होंने भाजपा के लल्लू सिंह को 50 हजार से ज्यादा मतों से पराजित किया। इस मंडल की सबसे चर्चित सीट अमेठी में भाजपा प्रत्याशी व कद्दावर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी कांग्रेस के केएल शर्मा के सामने कहीं भी नहीं टिक सकीं। बाराबंकी में कांग्रेस के तनुज पुनिया ने दो लाख से ज्यादा मतों से भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत को हराकर साबित कर दिया कि मंदिर से उपजी किसी तरह की लहर यहां तक नहीं पहुंच सकी।




## कार्यकर्ताओं ने रालोद प्रत्याशियों की जीत पर मनाया जश्नः चौ. नीरपाल

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ की बैठक में लोकसभा चुनाव में बागपत सीट पर डॉ.राजकुमार सागवान व बिजनौर लोकसभा सीट पर चंदन चौहान की जीत पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जतायी गयी। साथ ही जनता का आभार व्यक्त किया गया। स्थानीय हकीकत नगर स्थित शिविर कार्यालय पर आयोजित बेठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि बागपत लोकसभा सीट से डॉ.राजकुमार सागवान व बिजनौर लोकसभा सीट से चंदन चौहान की जीत ने साबित कर दिया है कि जनता में राष्ट्रीय लोकदल का विशेष प्रभाव है। जिसके चलते लोकसभा चुनाव में रालोद का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। उन्होंने कहा कि यदि गठबंधन के तहत रालोद को 10 सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका दिया जाता तो रालोद सभी दस सीटों पर जीत हासिल कर अपना परचम लहराने का काम करती।

# सपा प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा जीते, केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी हारे

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** खीरी लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन की तरफ से सपा ने जीत दर्ज की है। इस सीट के 30 राउंड के नतीजे जारी कर दिए गए। खीरी सीट पर अजय मिश्र टेनी को 521954 वोट मिले हैं, जबकि 555277 वोट उत्कर्ष वर्मा को मिले हैं, जबकि बसपा प्रत्याशी अंशय सिंह कालरा को 110122 वोट मिले हैं। इस सीट पर 11 प्रत्याशी थे, आठ प्रत्याशी नोटा से हार गए और उनकी जमानत भी जब्त हो गई। इस सीट पर कुल 12 लाख 9810 मत पड़े थे जिला निर्वाचन अधिकारी ने अभी सपा प्रत्याशी की जीत की अधिकारिक घोषणा नहीं की है वहीं भाजपा के अजय मिश्र टेनी ने अपनी हार स्वीकार कर ली है। बंधन बैंक्वेट हाल में मतगणना के आंकड़े देखने के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान अजय मिश्र टेनी ने कहा कि



देखिए यह जनता का निर्णय है, जनता ने पांच साल काम करने का मौका उन्हें दिया है तो वह अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। मुझे भी जनता ने पांच लाख वोट दिया है। जिन्होंने मुझे मतदान किया है, वह सब मेरी जिम्मेदारी हैं खीरी लोकसभा सीट से भाजपा के अजय मिश्र टेनी, सपा के उत्कर्ष वर्मा, बसपा के अंशय कालरा को मिलाकर 11 प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई थी। पिछले एक दशक से भाजपा के कब्जे वाली खीरी सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा दूसरे स्थान पर रही थी। वर्ष 2014 के चुनाव में इस सीट पर बसपा रनर अप रही। अजय मिश्र टेनी सांसद चुने गए थे। लेकिन इस बार तिकुनिया कांड के बाद किसानों नाराजगी उन पर भारी पड़ी। सपा के प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा ने 33 हजार मतों से निर्णायक बढ़त बना ली। वहीं तीसरे नंबर पर बसपा के अंशय कालरा रहे। उन्हें 1.10 लाख से अधिक वोट मिले हैं खीरी सीट के लिए 13 मई को मतदान हुआ था। 2890 बूथों पर वोट डाले गए थे। खीरी लोकसभा सीट पर कुल 18.62 लाख मतदाताओं में से 64.73 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

सुबह आठ बजे मतगणना की शुरुआत भी पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ हुई। मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के पंडाल में 14-14 टेबल लगाई गई। एक एआरओ की टेबल भी लगाई गई। प्रत्येक सात टेबल पर एक प्रभारी रहा।

**खीरी लोकसभा**
कुल पुरुष वोटर- 941805
पड़े वोट-655014 (66.65)
कुल महिला वोटर- 878323
पड़े वोट-554594 (63.15)

## सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने दो बार की सांसद रेखा वर्मा को करीब 44 हजार वोटों से हराया

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** पिछले लोकसभा चुनाव में लखीमपुर जिले की दोनों सीटों पर क्लीन स्वीप करने वाली भाजपा को इस बार तगड़ा झटका लगा है। खीरी के बाद धौरहरा सीट पर भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। धौरहरा से सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने दो बार की सांसद रेखा वर्मा को करीब 44 हजार वोटों से हरा दिया। चुनाव नतीजे घोषित होने के बाद सपा के विजली प्रत्याशी आनंद भदौरिया को रिटर्निंग ऑफीसर सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने जीत का प्रमाण पत्र सौंपा रेखा अरुण वर्मा 4077 वोटों से हारी धौरहरा लोकसभा सीट पर 32 राउंड की मतगणना के बाद नतीजे जारी कर दिए गए धौरहरा सीट पर गठबंधन प्रत्याशी आनंद सिंह भदौरिया को 442650 वोट मिले हैं, जबकि दो बार की सांसद रेखा अरुण वर्मा को 438573 वोट मिले हैं। रेखा वर्मा 4077 वोटों से चुनाव हार गईं। वहीं बसपा के प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी को



184964 वोट मिले हैं। आनंद भदौरिया की जीत के साथ सपा में जश्न शुरू हो गया। जीत के जश्न सपा कार्यकर्ता व समर्थक बेकाबू हो गए हंगाना होने लगा खीरी और धौरहरा सीट सपा के खाते में आने के बाद मंडी गेट पर हजारों समर्थकों की भीड़ जुट गई। इस दौरान हालात बेकाबू हो गए। धौरहरा सीट से आनन्द भदौरिया के जीत की अधिकारिक घोषणा की गई तो समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया।

समर्थक अपने प्रत्याशी से मिलने के बाद मतगणना स्थल पहुंचे समर्थकों की अधिक भीड़ देख सुरक्षाकर्मियों ने रोकने की कोशिश की, जिससे समर्थक भड़क गए। गुस्साए समर्थकों ने सुरक्षा कर्मियों पर पानी की बोतलें और चप्पलें फेंकनी शुरू कर दीं पुलिस कर्मियों के अलावा एसएसबी जवानों ने किसी तरह समर्थकों को खदेड़ कर मंडी का मेन गेट बंद कर दिया हालांकि काफी देर तक समर्थक मंडी गेट के बाहर हंगामा काटते रहे।

## रोडवेज बस से चुराये बैटरे व डीजल के साथ गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** रोडवेज बस से बैटरा व डीजल चुराते हुए एक व्यक्ति को बस चालक ने एक अन्य के साथ रंगे हाथों पकडकर पुलिस को सौंप दिया। गंगोह पुलिस ने चालान कर आरोपी को जेल भिजवा दिया है। रोडवेज बस चालक बाल्ला पुत्र बानू निवासी अम्बहेटा ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि जून को उसने अपनी रोडवेज बस संख्या यूपी.11 एटी 0909 बस स्टेण्ड पर खडी की थी। जिसका बैटरा व डीजल चुराकर ले जा रहे एक व्यक्ति को चालक बाल्ला ने अनिल कुमार पुत्र सीताराम ने मौके पर पकड कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बैटरा व चुराया गया 10 लीटर डीजल के साथ आरोपी का चालान कर जेल भिजवा दिया है। आरोपी का नाम सोनी उर्फ मोबीन पुत्र इरशाद निवासी मौहल्ला गुलाम आलिया बताया गया है।

## कार्यकर्ताओं की उपेक्षा भाजपा को पड़ी मंहगी, भाजपा प्रत्याशी को करना पड़ा हार का सामना

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सहारनपुर जनपद के अंतर्गत आने वाली बेहट, सहारनपुर देहात व देवबंद विधान सभा के साथ-साथ कैराना लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नकुड़ गंगोह विधान सभा सीट पर भाजपा प्रत्याशियों को करारी हार का सामना करना पड़ा, जिसके चलते एक बार फिर पार्टी के जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ नेताओं द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं की उपेक्षा का मामला चर्चा का बिन्दु बना रहा। सहारनपुर मण्डल की तीनों लोकसभा सीटों सहारनपुर, कैराना व मुजफ्फरनगर में भाजपा प्रत्याशियों को मिली करारी हार के पीछे मुख्य कारण एक ओर जहां भाजपा नेताओं की अति आत्म विश्वास व बूथ कमेटियों की निष्क्रियता कें रूप में सामने आया। अब देखना यह है कि भाजपा हाईकमान के सामने जनपद के भाजपाई जनप्रतिनिधि किसके ऊपर हार का ठीकरा फोड़ने का काम करेंगे। गौरतलब है कि सहारनपुर जनपद की गंगोह व नकुड़ विधान सभा सीट कैराना लोकसभा में शामिल है। गंगोह विधान सभा सीट पर भाजपा के चौ.किरत सिंह दूसरी व नकुड़ विधान सभा सीट पर भाजपा के ही मुकेश चौधरी पहली बार विधायक चुने गये है। आज मतगणना में भारतीय जनता पार्टी के कैराना लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी व सांसद प्रदीप चौधरी को गंगोह विधान सभा में लगभग 18 हजार व नकुड़ विधान सभा सीट पर लगभग 33 हजार वोटो के अंतर से हार का सामना करना पड़ा, जिसके पीछे राजपूत व सैनी बिरादरी के मतदाताओं का भाजपा से मोहभंग होना माना जा रहा है। हालांकि चुनाव के ऐन मौके पर भाजपा हाईकमान ने सैनी समाज के कद्दावर नेता व चार बार के विधायक व पूर्व मंत्री डॉ.धर्म सिंह सैनी को भी भाजपा में शामिल करा लिया था। इसके अलावा एमएलसी व योगी कैबिनेट में संसदीय कार्य राज्य मंत्री जसवंत सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.महेन्द्र सैनी, पूर्व कैबिनेट मंत्री साहब सिंह सैनी भी सैनी मतदाताओं की नाराजगी दूर करने में नाकामयाब रहे। इसी तरह राजपूत मतदाताओं द्वारा भाजपा की खिलाफत भी सांसद प्रदीप चौधरी की हार के पीछे मुख्य कारण माना जा रहा है। राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गंगोह विधान सभा सीट की जिम्मेदारी विधायक किरत सिंह व नकुड़ विधान सभा सीट की जिम्मेदारी विधायक मुकेश चौधरी को सौंपी गयी थी, जबकि थाना भवन में पूर्व मंत्री सुरेश राणा, शामली में पूर्व विधायक तेजेन्दर निरवाल व कैराना में दिग्गज राजनीतिज्ञ चौ.हुकम सिंह की बेटी मृगांका सिंह की डयूटी लगायी गयी थी। शामली विधान सभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी ने 11200 मतों की लीड ली, जबकि थाना भवन विधान सभा में एनडीए गठबंधन प्रत्याशी से मात्र 687 मतों के अंतर से हारे, जबकि हिन्दू गुर्जर बाहुल्य माने जाने वाली गंगोह, नकुड़ व कैराना विधान सभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी को हार का सामना करना पड़ा। अब देखना यह है कि भारतीय जनता पार्टी हाईकमान कैराना लोकसभा सीट के चुनाव परिणाम की समीक्षा के दौरान हार के लिए किसे जिम्मेदार मानेगा?

## चुनाव आयोग की गाइड लाइन के चलते प्रदीप नरवाल को नहीं मिला मतगणना स्थल में प्रवेश



**सहारनपुर।** सहारनपुर लोकसभा सीट पर इंडी गठबंधन के प्रत्याशी इमरान मसूद की जीत सुनिश्चित होने के बाद जैसे ही इमरान मसूद मतगणना स्थल पर पहुंचे, तो उनके कुछ ही देर बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल ने मतगणना स्थल पर जाने का प्रयास किया, तो सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें चुनाव आयोग की गाइड लाइन का हवाला देते हुए अंदर नहीं जाने दिया। हुंआ यू था कि आज जनता रोड स्थित सैन्ट्रल वेयर हाउस में सहारनपुर लोकसभा के साथ-साथ कैराना लोकसभा के अंतर्गत आने वाली दो विधान सभा सीटों नकुड़ व गंगोह की मतगणना संपन्न करायी गयी थी। शाम 5 बजे जैसे ही यह सुनिश्चित हो गया कि सहारनपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद ने अपना परचम लहरा दिया है, वैसे ही कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व उत्तर प्रदेश के प्रभारी प्रदीप नरवाल, एमएलसी शाहनवाज खान, गंगोह नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन काजी नोमान मसूद व सहारनपुर लोकसभा सीट से पूर्व में लोकसभा चुनाव लड़े शाजान मसूद भी मतगणना स्थल पर पहुंचे, जैसे ही नोमान मसूद के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल मतगणना स्थल के मुख्य द्वार पर पहुंचे, तो तभी तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उनके पास, पास न होने की बात कहते हुए उन्हें अंदर जाने से मना कर दिया। जबकि कांग्रेस नेताओं ने बताया कि प्रदीप नरवाल कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के सचिव भी है, जिस पर सुरक्षा कर्मी उन्हें पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक के पास लेकर पहुंचा, तब एसपी सिटी श्री मांगलिक ने भी चुनाव आयोग की गाइड लाइन का हवाला देते हुए उन्हें मतगणना स्थल में प्रवेश करने से मना कर दिया, जिसके चलते कांग्रेस नेताओं को मायूसी का सामना करना पड़ा।

## संगीनों के साये में संपन्न हुयी लोकसभा चुनाव की मतगणना

### पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के नेतृत्व में की गयी चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था के बीच सहारनपुर लोकसभा के साथ कैराना लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नकुड़ व गंगोह की मतगणना संपन्न करायी गयी। मतगणना के बाद विजयी प्रत्याशी इमरान मसूद को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र द्वारा जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पुलिस प्रशासन की सख्ती के चलते मतगणना स्थल के आसपास शांति का माहौल रहा। गौरतलब है कि विगत् 19 अप्रैल को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुए मतदान के पश्चात कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बेहट, नगर सहारनपुर, देवबंद, रामपुर



मनिहारान तथा कैराना लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली नकुड़ व गंगोह विधान सभा की ईवीएम मशीनें जनता रोड स्थित सैन्ट्रल वेयर हाउस में अलग-अलग गोदामों में रखकर सील की गयी थी। आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना संपन्न करायी गयी। मतगणना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था बनायी गयी थी। जिसके चलते माहीपुरा चौक से लेकर मतगणना स्थल तक की जिम्मेदारी एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक को सौंपी गयी थी जबकि मतगणना परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी स्वयं एसएसपी डॉ.विपिन ताडा द्वारा की गयी थी तथा चप्पे-चप्पे पर पुलिस कर्मियों के साथ-साथ अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गयी थी। मतगणना के दौरान पहली बार जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र की सख्ती के चलते मतगणना कर्मियों ,अधिकारियों, अर्द्धसैनिक बलों व मीडिया कर्मियों के लिए पीने के पानी से लेकर खाने की व्यवस्था की गयी थी। साथ ही चिकित्सकों की भी तैनाती की गयी थी, यदि किसी को भी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो तो उसे तत्काल उपचार दिलाया जा सकें। उधर, मण्डलायुक्त डॉ.एचबी यशोद ने भी मतगणना स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## चोरी की पांच बाईकों के साथ दो वाहन चोर दबोचे




*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** गंगोह कोतवाली पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को दबोचकर उनके कब्जे व निशानदेही पर चोरी की पांच बाईके बरामद कर ली। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

गंगोह कोतवाली प्रभारी एचएन सिंह ने बताया कि विगत् 4 जून को वादी फरीद अहमद पुत्र फाजिल निवासी मौ.कुरैशियान कस्बा व थाना गंगोह की लिखित तहरीर पर अज्ञात चोर द्वारा वादी की बाईक चोरी करने व 28 अप्रैल को वादी आसिफ पुत्र दिलशाद निवासी बहादुर नगर थाना गंगोह की लिखित तहरीर पर अज्ञात चोर द्वारा वादी की मोटर साइकिल चोरी कर लेने के संबंध में गंगोह कोतवाली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज गंगोह पुलिस ने उपनिरीक्षक विरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में उमरपुर तिराहे से दो शातिर चोरों रजत पुत्र कुलदीप निवासी हैदरपुर थाना तीतरो व प्रवीन पुत्र नरेश कुमार निवासी जोड़ माजरा थाना इन्दरी जनपद करनाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों की निशानदेही पर गांव दौलतपुर के निकट जंगल से 3 बाईक व दो अन्य बाईक बरामद कर ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया। गंगोह कोतवाली प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि दबोचे गये आरोपियो ने बताया कि वह पैसो की तंगी के चलते बाईक चोरी कर उन्हें सस्ते दामों पर बेच देते है।

## प्रत्येक व्यक्ति अपने माता-पिता का सम्मान करें: देवी सुदीक्षा

**सहारनपुर।** श्री नीलकंठ धाम सेवा समिति द्वारा आयोजित सत्संग के दूसरे दिन देवी सुदीक्षा महाराज ने कहा कि जीवन में माता-पिता का सम्मान करके मनुष्य प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकता है।

नुमाईश कैम्प में आयोजित सत्संग समारोह को संबोधित करते हुए देवी सुदीक्षा महाराज ने कहा कि जिस प्रकार प्रभु राम ने वनवास जाते हुए अपने माता-पिता का पिता की आज्ञा का सम्मान किया तो वह राम से मर्यादा पुरुषोत्तम राम बन गए इस प्रकार हम सभी को भी अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए परिवार में सब को जोड़कर रखना चाहिए परिवार की एकता से समाज में प्रसिद्धि मिलती है शक्ति मिलती है और हमारा राष्ट्र हमारा समाज उन्नति करता है। सत्संग कार्यक्रम में अध्यक्ष कृष्ण लाल ठकर, महामंत्री राजकुमार जोली, कोषाध्यक्ष सुमित अरोड़ा, सूरज प्रकाश ठक्कर, ऋषिराज ढींगरा, रवि जसूजा, शिव गुंबर, राजकुमार विज, रोमी आहूजा, विजय कालरा, योग चुग, अनिल रसवंत, दीपक राजदेव, दीपक गोस्वामी, सुधीर मिगलानी, दर्शन लाल आहूजा, प्रेम नाथ छोकरा, दर्शन लाल कोचर, रोमी आहूजा, संजीव शर्मा, ओम प्रकाश लोटन, मदन लाल आहूजा, संदेश खुराना, अशोक मक्कड़ आदि मौजूद रहे।

## इंडी गठबंधन के प्रत्याशी इमरान मसूद ने सहारनपुर लोकसभा सीट पर जमाया अपना कब्जा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सहारनपुर लोकसभा सीट की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुयी मतगणना में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी व पूर्व विधायक इमरान मसूद ने लगभग 65 हजार मतों के अंतर से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी व पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा को हराकर सांसद निर्वाचित घोषित किए गए जबकि बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी माजिद अली को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा।

गौरतलब है कि सहारनपुर लोकसभा सीट के चुनाव में विगत् 19 अप्रैल को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न कराया गया था। चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुरूप आज सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रातः 8 बजे शुरू हुयी मतगणना में सहारनपुर लोकसभा सीट के इंडी गठबंधन के प्रत्याशी इमरान मसूद ने अपनी बढ़त बना ली थी। जो आखिरी तक बनी रहीं। देर शाम सपन्न हुयी मतगणना में इंडी गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद ने 5 लाख 46 हजार 796 मत हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा को 65446 मतों के अंतर से पराजित कर दिया। भाजपा के राधव लखन पाल शर्मा को 4 लाख 81 हजार 350 मत व बहुजन समाज पार्टी के माजिद अली को 1 लाख 79 हजार 807 मत हासिल हुए। इसके अलावा चुनाव मैदान में डटे प्रत्याशी अपनी जमानत भी बचाने में नाकामयाब रहे। चुनाव परिणाम की घोषणा के पश्चात नवनिर्वाचित सांसद इमरान मसूद मतगणना स्थल पर पहुंचे तथा अपनी जीत का श्रेय कांग्रेस, इंडी गठबंधन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनता को दिया।

# पार्टी की नीतियों व जनता के प्यार की बदौलत ही मिली चुनाव में जीतः इमरान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सहारनपुर लोकसभा सीट से निर्वाचित इंडी गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद ने कहा कि सहारनपुर लोकसभा सीट पर मिली जीत का श्रेय कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी, सांसद राहुल गांधी के साथ-साथ गठबंधन के सभी वरिष्ठ नेताओं व जनता को है, जिनकी बदौलत उन्होंने सहारनपुर लोकसभा सीट पर जीत हासिल की है।

सहारनपुर लोकसभा सीट पर जीत की घोषणा के बाद पहुंचे इंडी गठबंधन प्रत्याशी व नवनिर्वाचित सांसद इमरान मसूद ने कहा कि उन्हें जनता के ऊपर शुरू से भरोसा था, जिसके चलते उन्होंने आज सुबह ही बता दिया था कि उनकी जीत सुनिश्चित है। क्योंकि जिस तरह उन्हें पहले राउण्ड में ही बढ़त मिल गयी थी, जिससे साबित हो गया था कि इस बार उनकी जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि वह जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का काम करेंगे तथा जनता के हितों के अनुरूप विकास कार्य कराये जाने का काम किया जायेगा। गौरतलब है कि नवनिर्वाचित सांसद इमरान मसूद इससे पूर्व 2005 में सहारनपुर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन व 2007 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में तत्कालीन मुजफ्फराबाद विधान सभा सीट से तत्कालीन विधायक व काबीना मंत्री जगदीश राणा को हराकर विधायक चुने गये थे। उसके पश्चात पूर्व विधायक इमरान मसूद को 2012 व 17 के विधान सभा चुनाव के साथ-साथ 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पडा था। जिसके चलते 2022 के लोकसभा चुनाव के ऐन मौके पर उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव पद से त्याग पत्र देकर समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया था, परन्तु विधान सभा चुनाव में टिकट न मिलने के चलते वह बसपा में शामिल हो गये थे। बाद में बसपा से भी मोहभंग होने के बाद उन्होंने कुछ माह पूर्व कांग्रेस का दामन लिया था तथा सभी दावेदारों को पछाड़ते हुए




कांग्रेस का टिकट हासिल कर लिया था। यह पहला मौका है, जब 2007 के बाद मसूद परिवार के किसी व्यक्ति को विधायिका या संसद में पहुंचने का मौका मिला है।

# राजनाथ जीते लेकिन घट गया जीत का अंतर

## साढ़े तीन लाख का मार्जिन इस बार आया लाख के नीचे

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** लखनऊ की सीट पर केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जीत तो जरूर गए हैं लेकिन उनकी जीत का अंतर पिछली बार की तुलना में काफी कम हो गया। 2019 के चुनाव में राजनाथ सिंह सपा से ही करीब साढ़े तीन लाख वोटों से जीते थे। इस बार यह अंतर एक लाख से कम हो गया। खबर लिखे जाने तक राजनाथ सिंह करीब 99 हजार वोटों से सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा से आगे चल रहे थे। हालांकि उनकी जीत की औचारिक घोषणा चुनाव आयोग ने नहीं की है।

राजनाथ सिंह तीसरी बार चुनाव जीत गए, लेकिन उनके प्रमुख प्रतिद्वंद्वी सपा के रविदास मेहरोत्रा ने लखनऊ मध्य विधानसभा क्षेत्र में उन्हें खूब छकाया। दस चरण के वोटों की गिनती दौरान राजनाथ सिंह महज तीन बार ही रविदास को पछाड़ पाए। यहां के वोटों की गिनती शुरू हुई तो पहले राउंड में रविदास को सबसे ज्यादा वोट मिले। हालांकि, दूसरे चरण की गिनती में राजनाथ उनसे आगे निकल गए। दस राउंड की गिनती के दौरान सात बार रविदास और तीन बार राजनाथ आगे रहे। इस विधानसभा क्षेत्र में राजनाथ के मुकाबले रविदास को खूब वोट मिले। कांटे की टक्कर का दौर परिणाम आने तक चलता रहा। दरअसल, रविदास मेहरोत्रा ने इस विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी को हराकर विधायकी का चुनाव जीता था।

पुराने रिकॉर्ड को देखते हुए जो अनुमान पूर्व विधानसभा क्षेत्र को लेकर लगाया जा रहा था, वही मिजाज मतगणना में फिर दिखा है। इस क्षेत्र को भाजपा का गढ़ माना जाता है। यहां वोटों की गिनती को लेकर जब ईवीएम खुली तो सामने आया कि मतदाताओं ने फिर अपना प्यार कमल पर ही लुटाया है और भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को सबसे आगे कर दिया है।

पूरब विधानसभा क्षेत्र लखनऊ लोकसभा सीट के तहत आता है। इस क्षेत्र से पिछले कई बार से भाजपा का ही विधायक बनता रहा है। उप चुनाव में फिर भाजपा प्रत्याशी ही जीता है। लोकसभा चुनाव को लेकर जब रमाबाई रैली मैदान पर वोटों की गिनती शुरू हुई तो पहले राउंड से ही राजनाथ सिंह यहां आगे रहे। पहले ही राउंड में उनको 5475 वोट मिले, जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी सपा के रविदास को 3258 वोट मिले।

इसी तरह तीसरे रांउड में राजनाथ को 5448 और रविदास को 2615 वोट मिले। चौथे राउंड में अंतर कम हुआ। इसमें राजनाथ को 3932 और रविदास को 3925 वोट मिले। इसके बाद जब अगले राउंड की गिनती आई तो राजनाथ ज्यादा आगे निकल गए। इस बार उन्हें 6151 व रविदास को 2341 वोट मिले।

यही सिलसिला सभी रांउड में चला। पूर्व विधानसभा की जनता ने अपना मिजाज नहीं बदला और कमल खिलाने का काम किया।

### जीत का दावा कर सपा-भाजपा के कार्यकर्ता आपस में भीड़े

लोकसभा चुनाव में जीत का दावा करते हुए समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोक हुई। औरंगाबाद फ्लाई ओवर के नीचे दोनों पार्टियों के कैंप लगे हुए थे। दोपहर 12 बजे के बाद जब रुझान पार्टी नेताओं की तरफ हुआ तो समर्थकों ने जीत का दावा करते हुए नारा लगाना शुरु कर दिया। हालांकि, मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने समझा बुझाकर मामले को शांत कराया।

# डिंपल को मिला मैनपुरी का ताज, भाजपा फिर निराश

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** मैनपुरी लोकसभा सीट से एक बार फिर जनता ने डिंपल यादव को ही जीत का ताज पहनाया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह को 2.21 लाख वोटों से हराकर जीत अपने नाम कर ली। वहीं दूसरी तरफ भाजपा को एक बार फिर निराशा ही हाथ लगी। बसपा भी यहां बेहतर प्रदर्शन करने में कामयाब नहीं हो सकी।

मैनपुरी लोकसभा सीट से कुल 8 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था। इसमें सपा, भाजपा और बसपा के अलावा छोटे दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों के रूप में 5 प्रत्याशी शामिल थे। 7 मई को मतदान के बाद ही जनता के रुझान से ये बात साफ हो गई थी कि चुनाव सपा के पक्ष में है। मंगलवार को नवीन मंडी में मतों की गिनती हुई तो डिंपल यादव ने शुरू से ही बढ़त बनाई, जो अंत तक जारी रही।

वहीं दूसरे स्थान पर भाजपा के जयवीर सिंह रहे। डिंपल ने 2.21 वोटों से जीत दर्ज की। वैसे तो बसपा प्रत्याशी शिवप्रसाद यादव तीसरे स्थान पर रहे, लेकिन मुख्य मुकाबले से वे बाहर ही नजर आए। मुख्य मुकाबले में सपा और भाजपा ही रही। वहीं निर्दलीय प्रत्याशियों की अगर बात करें तो वे जमानत भी नहीं बचा पाए।

### सपाइयों के खिले चेहरे, भाजपाइयों के मुरझाए

सुबह 8 बजे जब मतगणना शुरू हुई तो सपा और भाजपा दोनों के ही कार्यकर्ता मंडी पहुंचे थे। दोनों ही अपनी-अपनी जीत को लेकर आश्वस्त थे, लेकिन दिन चढ़ने के साथ मतगणना के रुझानों से माहौल बदल गया। सपाइयों के चेहरे जहां खिले नजर आए तो वहीं भाजपाइयों के चेहरे मुरझाते रहे। सपा जिलाध्यक्ष आलोक शाक्य ने 27वें राउंड में बाहर आकर मौजूद लोगों से जीत होने पर खुशी जताई।

# सपा के सनातन ने भाजपा के नीरज को दी करारी शिकस्त

अवधनामा संवाददाता



**बलिया।** बलिया लोकसभा सीट पर भाजपा के प्रत्याशी एवं पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर को सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय से करारी हार का सामना करना पड़ा। सनातन ने नीरज शेखर को लगभग 90 हजार मतों से पराजित किया। पिछले लोकसभा चुनाव में सनातन पांडेय को भाजपा प्रत्याशी से लगभग 15 हजार मतों से पराजित होना पड़ा था। इस बार उन्होंने भाजपा को धूल चटाकर अपनी हार का बदला ले लिया।

परिखरा स्थित मंडी समिति में मंगलवार को सुबह आठ बजे पोस्टल बैलेट के साथ मतगणना शुरू हुई। मतगणना के लिए विधानसभावार अलग-अलग टेबल लगाए गए थे। हालांकि पहला रुझान काफी देर से प्राप्त हुआ। मतगणना के शुरुआत से ही सपा प्रत्याशी ने अपने प्रतिद्वंद्वी पर बढ़त बनाए रखी। राउंड दर राउंड सपा प्रत्याशी की बढ़त लंबी होती गई।

कुछ एक राउंड में ही भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर सपा प्रत्याशी की बढ़त कम करते नजर आए, लेकिन वो नाकाफी साबित हुआ। सिर्फ बलिया नगर विधानसभा को छोड़ दें को सपा प्रत्याशी को बलिया के बैरिया, फेफना और गाजीपुर के जहूराबाद और मोहम्मदाबाद विधानसभा में अच्छे-खासे मत मिले। बसपा प्रत्याशी लड़ाई से एक दम बाहर दिखा। शुरू से ही उसे लड़ाई से बाहर माना जा रहा था। भाजपा ने बलिया लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करने के लिए अपना पूरा जोर लगाया था। यहां के सीटिंग एमपी वीरेंद्र सिंह मस्त का टिकट काटकर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र को टिकट दिया गया था।

# लंदन से भाई को जेल से छुड़ाने आई इकरा बनी सांसद

## लंदन में पढ़ाई के दौरान सीएए का विरोध कर आई थीं सुर्खियों में आई थीं इकरा

अवधनामा संवाददाता



**शामली/कैराना।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चर्चित कैराना लोकसभा सीट पर इकरा के प्रदर्शन ने हर किसी को चौंका दिया है। इस सीट पर उन्होंने भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी को तगड़ी पटखनी दी है। कैराना लोकसभा सीट पर वर्ष 1962 से लेकर अब तक 16 बार चुनाव हो चुका है। जिसमें भाजपा का दबदबा रहा है। लेकिन इस बार पासा पलट गया।

भाजपा ने इस सीट पर अब तक तीन बार जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस दो और सपा दो, जनता दल दो बार जीत दर्ज कर चुकी है। इस बार इस सीट पर इकरा हसन समाजवादी पार्टी के चुनाव चिन्ह पर मैदान में थीं। आज मतगणना शुरू हुई तो शुरुआत में पिछड़ती नजर आई लेकिन दोपहर बाद इकरा ने बढ़त बना ली जो अंत तक बरकरार रही। कैराना सीट पर इकरा के टिकट होने के बाद से ही कैराना लोकसभा सीट पर नए समीकरण बन गए थे। वहीं, अखिलेश द्वारा कैराना लोकसभा सीट से इकरा हसन को प्रत्याशी बना दिए जाने के बाद भाजपा-बसपा और सपा में कांटे की टक्कर मानी जा रही थी।

क्षेत्र की जनता न सिर्फ उनकी सादगी की कायल थी बल्कि उन्हें बेटी की तरह प्यार भी दिखाया। क्षेत्र की जनता ने उन्हें बंपर मतों से जिताकर यह भी दिखा दिया कि इस भूमि के लिए बेटियां भी बेटों से कम नहीं हैं। आगे जाने इकरा हसन के बारे में। इकरा हसन पिछले नौ वर्ष से कैराना क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय हैं। वह पूर्व सांसद तबस्सुम हसन की बेटी हैं और नाहिद हसन उनके बड़े भाई हैं। इकरा हसन ने लंदन की यूनिवर्सिटी से कानून की शिक्षा हासिल की है।

इकरा की शुरुआती शिक्षा भले ही कैराना में हुई हो, लेकिन उन्होंने 12वीं दिल्ली के क्वींस मेरी स्कूल से की थी। इसके बाद लेडी श्रीराम कालेज से ग्रेजुएशन किया। दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी की। इसके बाद उन्होंने इंटरनेशनल लॉ एंड पालिटिक्स में पोस्ट ग्रेजुएशन यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से किया था। यही नहीं वे पिछले कहा जाता है कि इकरा हसन राजनीति में बहुत मेहनत करती रही हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी सक्रियता देखने को मिलती है।

इकरा पूर्व सांसद रहे चौधरी अख्तर हसन की पौत्री और पूर्व सांसद रहे मुनव्वर हसन और तब्बसुम हसन की बेटी और नाहिद हसन की बहन हैं। पिछले काफी समय से इकरा हसन कैराना लोकसभा सीट पर चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई थीं। गौरतलब है कि नाहिद हसन को 15 जनवरी 2022 को पुलिस ने कोर्ट में गैंगस्टर के मुकदमे में सरेंडर करने से पहले गिरफ्तार कर लिया था। भाई के जेल जाने के अगले ही दिन से इकरा हसन लगातार प्रचार-प्रसार में जुट गई थीं। उन्होंन हसन परिवार की राजनीति की बागडोर अपने कंधों पर ले ली थी।

# वाराणसी में लगातार तीसरी बार खिला कमल



अवधनामा संवाददाता

**वाराणसी।** पूर्वांचल की सबसे हॉट सीट वाराणसी में नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार अपनी ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इंडी गठबंधन प्रत्याशी अजय राय को उन्होंने तीसर मर्तबा मात दी है। नरेंद्र मोदी को .... और इंडी प्रत्याशी अजय राय को ... मत मिले। वहीं बसपा प्रत्याशी अतहर जमाल लारी सियासी जंग से बाहर दिखे। खबर लिखे जानें तक नरेंद्र मोदी 1 लाख 52 हजार वोटों से आगे थे। वाराणसी में कुल सात प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहे। भाजपा के नरेंद्र मोदी और इंडी गठबंधन के अजय राय के बीच मुकाबला काफी टक्कर वाला था। दूसरी तरफ, मोदी की जीत के बाद काशी में जश्न का माहौल छा गया। बीती रात से भाजपाजनों ने बड़े स्तर पर लड्डू के ऑर्डर दे दिए थे।

### मोदी फिर बने सांसद, गूंजा हर-हर मोदी

# योग प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रों ने गोल्ड मेडल समेत तीन पदक जीते



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्रों ने डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्टस में गोल्ड, सिल्वर एवं ब्राँज मेडल समेत तीन पदकों पर कब्जा जमाकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

इस प्रतियोगिता में 9 से 14 वर्ष आयु के बालक वर्ग में सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस के छात्र शिवा यादव एवं अजान खान ने क्रमशः स्वर्ण पदक व कांस्य पदक पर कब्जा जमाया तो वहीं दूसरी ओर 14 से 18 वर्ष बालिका वर्ग में दिशा शर्मा ने रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। प्रतियोगिता का आयोजन डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन, लखनऊ के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि चैम्पियनशिप में लखनऊ के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर योग कौशल व दमखम का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस के होनहार छात्रों ने विभिन्न योगासनों, यौगिक क्रियाओं एवं शारीरिक क्षमता का जोरदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल समेत तीन पदकों पर कब्जा जमाया एवं रनर-अप ट्राफी अपने नाम की। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्रों की बहमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को उनकी रूचि के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु सदैव प्रोत्साहित करता है और यही कारण है कि सी.एम.एस. के छात्र शैक्षणिक क्षेत्र के अलावा भी विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सफलता अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

# आंवला सीट पर सपा ने किया उलटफेर



अवधनामा संवाददाता

**बरेली।** लोकसभा चुनाव की मतगणना में आंवला लोकसभा सीट पर टी-20 के सुपर ओवर जैसा रोमांच देखने को मिला। यहां भाजपा और सपा के कड़ी टक्कर हुई। आंवला में भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के खिलाफ गठबंधन ने सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य को उतारा था। बसपा ने सपा छोड़कर आए आबिद अली को चुनाव लड़ाया। लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा और सपा के बीच ही रहा। बरेली के परसाखेड़ा में कड़ी सुरक्षा के बीच मंगलवार सुबह आठ बजे मतगणना शुरू हुई।

प्रथम चरण की मतगणना के बाद से लगातार सपा प्रत्याशी ने बढ़त बनाते नजर आए। दोपहर करीब डेढ़ बजे भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप आगे निकल गए। लेकिन अपनी बढ़त को बढ़ा नहीं सके। 27 राउंड की मतगणना के बाद सपा प्रत्याशी ने फिर उलटफेर किया। 32वें राउंड में नीरज मौर्य ने 16 हजार से अधिक वोटों की बढ़त बना ली। आखिरी राउंड में सपा के नीरज मौर्य ने 15969 मतों से जीत अपने नाम कर ली।

# फिरोजाबाद में 'सैफई परिवार' ने फहराया जीत का परचम

अवधनामा संवाददाता




**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद लोकसभा सीट के लिए शिकोहाबाद मंडी समिति में मंगलवार को सुबह आठ बजे से शुरू हुई मतगणना शाम 4.45 बजे समाप्त हुई। इसमें सपा प्रत्याशी अक्षय यादव की 89,185 वोटों से जीत हुई।

वह पहले राउंड से ही बढ़त बनाए रहे। उन्हें कुल 5,41,689 वोट मिले हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी ठा. विश्वदीप सिंह दूसरे नंबर पर रहे। उन्हें 4,52,504 और तीसरे नंबर पर रहे बसपा के चौधरी बशीर को 90,844 वोट मिले हैं।


फिरोजाबाद सीट सीट उन चुनिंदा सीटों में है,जिन्हें सपा का गढ़ भी माना जाता है। इस बार सपा ने अपनी खोई सीट हासिल करने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। चाचा शिवपाल भी साथ थे। 2019 के चुनाव में सपा परिवार में रार के कारण ही अक्षय यादव को हार का सामना करना पड़ा था। सपा की जातीय गोलबंदी का फार्मूला इस सीट पर प्रभावी रहा। यादव और मुस्लिम यहां निर्णायक स्थिति में रहते हैं। भाजपा की कोशिश अपने परंपरागत वोट बैंक को साधते हुए सपा के पीडीए फार्मूले में सेंध लगाने की थी, जो कामयाब न हो सकी।

फिरोजाबाद क्षेत्र की पहचान समाजवादी पार्टी के गढ़ के रूप में होती रही। 2009 के लोकसभा चुनाव में सपा के युवराज अखिलेश यादव की जीत से सीट सुर्खियों में आई। अखिलेश के सीट छोड़ने के बाद हुए उपचुनाव में सपा परिवार की बहू और अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव की हार और सिने अभिनेता कांग्रेस के राजबब्बर की जीत से सुर्खियां बनीं।

### अक्षय यादव ने बीजेपी के विश्वदीप सिंह को हराया

# सीएमएस छात्र को 1,20,500 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के छात्र सक्षम शर्मा को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की हॉफस्ट्रा यूनिवर्सिटी द्वारा 1,20,500 अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सक्षम को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सक्षम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

श्री खन्ना ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 80 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

# अनुप्रिया पटेल को मिली मिर्जापुर की गद्दी

## तीसरी बार बनीं सांसद, रचा अनोखा इतिहास

अवधनामा संवाददाता



**मिर्जापुर।** मिर्जापुर की गद्दी पर आखिरकार केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कब्जा जमा लिया। जीत का अंतर भले कम रहा, पर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया। खबर लिखे जाने तक इन्हें कुल 438404 मत मिले।

इसके लिए जिले की लोकसभा सीट के पांच विधानसभा क्षेत्रों में 1352 मतदान केंद्र बनाए गए थे। जिसमें 2143 मतदेय स्थल हैं। जिले में 1906327 मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग करने का मौका मिला। वहीं, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जिले को 20 जोन और 188 सेक्टर में बांटा गया था। मॉडल बूथों की संख्या पांच और पिंक बूथों की संख्या भी पांच रही।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक माडल व एक पिंक बूथ बनाया गया था। मिर्जापुर संसदीय सीट में शामिल पांच विधानसभा क्षेत्रों में 1906327 मतदाता जिसमें 999567 पुरुष व 906691 महिला तथा 69 थर्ड जेंडर हैं। 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 25509 है जबकि 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 35457 है। इसी प्रकार दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 13236 है।

सर्विस वोटरों की संख्या 3125 है। जिले में 1104186 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मंगलवार की सुबह मतगणना शुरु हुई तो उतार चढ़ाव का क्रम जारी रहा। कभी अनुप्रिया पटेल को कभी सपा के रमेश बिंद आगे रहे। शुरुआती समय में रमेश बिंद ने लगातार बढ़त बनाये रखा। बीच-बीच में अनुप्रिया बढ़त बनाई, पर वह बढ़त ज्यादा देर तक नहीं रहा।

पूर्वांचल में इंडी गठबंधन की आंधी के बीच केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मतो से जीतकर जीत की हैट्रिक लगाने के साथ इतिहास रचा। मिर्जापुर जिले में लगातार तीन बार किसी को जीत हासिल नहीं हुई है। महिला प्रत्याशी के रुप में तो पूर्वांचल में भी कोई लगातार तीन बार नहीं जीत।

अनुप्रिया पटेल भाजपा अपना दल एस गठबंधन से दो बार मिर्जापुर सीट पर जीत दर्ज कर चुकी हैं। 2014 में अनुप्रिया पटेल को 436,536 वोट मिले। वहीं विपक्षी पार्टी बसपा की समुंद्रा बिंद को 217,457 वोट से ही संतोष करना पड़ा। समुद्रा बिंद, रमेश बिंद की पत्नी हैं। 219079 वोट से अपना दल एस भाजपा गठबंधन ने जीत दर्ज की। इसके बाद 2019 के चुनाव में अनुप्रिया फिर चुनाव मैदान में उतरीं। एक बार फिर मिर्जापुर की जनता ने उन पर भरोसा जताया। अनुप्रिया पटेल को कुल 591,564 मत प्राप्त हुए। वहीं सपा के रामचरित्र निषाद 359,556 को मत प्राप्त हुए।

### इंडी की आंधी में अनुप्रिया ने बनाई हैट्रिक

# मतगणना स्थल के बाहर आपस में भिड़े भाजपा-सपा कार्यकर्ता



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में चुनाव की गर्मी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के सिर चढ़ गई। यहां रमाबाई अंबेडकर मतगणना स्थल के बाहर भाजपा और सपा के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। इस दौरान दोनों तरफ से लात-घूंसे भी चले। वहीं, सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची है और हालातों को संभालने का प्रयास कर रही है।

बता दें कि लखनऊ लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार के तौर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं उनके प्रतिद्वंदियों में सपा उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा हैं। अभी तक मतगणना से आए रुझानों में राजनाथ सिंह 16 हजार से अधिक वोट के साथ आगे चल रहे हैं।

# 10 साल वनवास के बाद इण्डिया गठबंधन को मिली खुशी!

- लाखो मतों से जीतकर तनुज बने सांसद, बीजेपी प्रत्याशी को मिली शिकस्त
- शुरू से ही तनुज ने मनाई बढ़त, मेहनत रंग लाई, डीएम ने दी जीत का प्रमाणपत्र



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** संघर्ष जितना कठिन होगा जीत उतनी ही शानदार होगी इस कथन को सच कर दिखाया है बाराबंकी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने। एक के बाद एक लगातार चार चुनाव हारने के बाद भी तनुज पुनिया ने हार नहीं मानी और बाराबंकी की जनता का दिल जीतने के लिए संघर्ष करते रहे। परिणाम स्वरूप 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें बाराबंकी की जनता का आशीर्वाद मिला और अपनी प्रतिद्वंद्वी बीजेपी की राजरानी रावत को 2 लाख 15 हज़ार से ज्यादा मतों से करारी शिकस्त देकर तनुज पुनिया शानदार जीत दर्ज कराने में कामयाब हो गए। नवीन मंडी स्थल स्थित मतगणना स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 08 बजे शुरू हुई पोस्टल बैलेट की गिनती में ही कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीजेपी की राजरानी रावत पर भारी पड़ते नज़र आये। कुल पड़े 2253 पोस्टल बैलेट में से तनुज को जहाँ 1399 पोस्टल मत मिले वही बीजेपी की राजरानी को 771 और बसपा के शिवकुमार दोहरे को मात्र 72 पोस्टल मतों से संतोष करना पड़ा। ईवीएम से पड़े वोटो की गिनती शुरू होते ही ये फासला बढ़ता गया और पहला राउण्ड की समाप्ति पर तनुज पुनिया को 5995 मतों की ऐसी बढ़त मिली जो बाद के हर राउण्ड के साथ बढ़ती ही चली गयी। दोपहर बाद तक कांग्रेस और बीजेपी प्रत्याशी के बीच वोटो का अंतर डेढ़ लाख से अधिक हो जाने पर तनुज के समर्थक जहाँ अपनी जीत सुनिश्चित देख जहाँ जश्न मनाने में मशगूल दिखे वही बीजेपी प्रत्याशी समेत अन्य प्रत्याशियों के एजेंट हताश होकर मतगणना स्थल छोड़कर घरों को जाते दिखाई देने लगे।दोपहर बाद जब अंतिम चक्र की मतगणना का परिणाम आया तो कुल पड़े 12,90,023 मतों में से कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया को 07,19,643 मत, बीजेपी प्रत्याशी राजरानी रावत को 05,03,987 मत, बसपा प्रत्याशी शिवकुमार दोहरे को 39,094 मत, निर्दलीय प्रत्याशी बाबूराम को 3667 मत, निर्दलीय प्रत्याशी रामलखन पासी को 2926 मत, निर्दलीय प्रत्याशी मिथलेश कुमारी को 2331 मत, निर्दलीय प्रत्याशी देवतादीन गौतम को 2172 मत, स्वतंत्रता अभिव्यक्ति पार्टी की आशादेवी को 2020 मत, पब्लिक अधिकार सोशलिस्ट इंडियन पार्टी के प्रो0 राम गुलाम राज़दान को 1493 मत, अवामी समता पार्टी के महेंद्र कुमार रावत को 1190 मत, निर्दलीय ओमकार को 1137 मत, डॉक्टर भीमराव आंबेडकर दल के एडवोकेट संतोष रावत को 1077 मत, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के प्रेमचंद हरिजन को 1076 मत मिले इसके अलावा 8220 मतदाताओं ने किसी भी प्रत्याशी को वोट ना देकर नोटा का बटन दबाया। अंतिम चक्र की मतगणना समाप्त होने के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया को निर्वाचन का प्रमाणपत्र सौप कर उनकी शानदार जीत पर मोहर लगा दी। प्रमाणपत्र मिलने के बाद बाराबंकी के नवनिर्वाचित सांसद तनुज पुनिया ने अपने समर्थकों, कार्यकर्ताओं व बाराबंकी की जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह चुनाव मुद्दों पर हुआ है। देश मे ऐसा माहौल बन गया था कि लोग चेहरे ना देख कर मुद्दे देख रहे थे। महंगाई का मुद्दा देख रहे थे, बेरोजगारी का मुद्दा देख रहे थे, किसानों का मुद्दा देख रहे थे, नौजवानों का मुद्दा देख रहे थे। इंडिया गठबंधन का घोषणापत्र लोगो के दिलो पर हिट कर गया है। लोगो को समझ आ गया कि इंडिया गठबंधन के नेता उन्ही के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। जबकि सत्ता में बैठे लोगों ने हिंदू मुस्लिम करने का प्रयास किया, समाज के विभाजन का प्रयास किया लेकिन उसमें वो पूरी तरह असफल रहे।

## सदर विधायक ने पीएल पुनिया को दी जीत की बधाई

जैसे ही चुनाव के रुझान इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में आना शुरू हुआ तो सबसे पहले सपा विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव काग्रेस के पूर्व सांसद पीएल पुनिया जो तनुज पुनिया के पिता भी है, उनके आवास पहुँचे जीत की मुबारकबाद दी और मुंह मीठा कराया।

रुझान आते ही भाजपा एजेन्ट गायब

जैसे जैसे चुनाव के रुझान इण्डिया गठबधन के पक्ष में आता दिखाई दिया वैसे वैसे भाजपा पोलिग एजेंट धीरे धीरे वहाँ से खिसकने लगे। सभी भाजपाइयों के चेहरे उतरे हुवे थे और किसी से बात करना भी नही उचित समझा। लगभग दो बजे से ही भाजपा एजेंट वहाँ से खिसकना ही मुनासिब समझा।

## सुरेश यादव की मेहनत रंग लाई, तनुज को जिताया

लोकसभा के चुनाव में इंडिया गठबंधन के काग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया के भारी मतों से जीत का श्रेय सपा सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव को जाता है, क्योंकि विधायक सुरेश यादव ने अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र में घूम घूमकर तनुज के पक्ष में लोगो से वोट देने की अपील की थी। इनके अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा को भी जाता है, क्योंकि पूरे चुनाव में विधायक सुरेश यादव और सुरेन्द्र तनुज को जिताने के लिये दिन रात एक कर दिया और आखिरकार इन लोगो की मेहनत रंग लाई बाराबंकी से भाजपा का सफाया कर दिया। सबसे बड़ी बात ये है कि सुरेश यादव ने अपनी विधानसभा से भरी मत दिलाने का काम किया है।

## तनुज ने भारी मतों से जीतने पर जनपद में खुशी की लहर

जैसे ही मतगणना शुरू हुई तो इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया ने बढ़त बनाई और बढ़त बनाते गये आखिरकार इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया 2 लाख 11 हजार 9 सो 11भारी मतों से जीत हासिल की है। तनुज पुनिया की जीत से सपा काग्रेस कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और जमकर नारे बाजी शुरू हो गई एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी मनाई क्योंकि काग्रेस का 10 वर्षों का वनवास पूरा करते हुवे वापस जनता के बीच आये। यहाँ पर जनता ने भाजपा को वोट ना देकर इण्डिया गठबंधन के काग्रेस प्रत्याशी को वोट देकर जीताने का काम किया है।

## जहां हारे विधायकी वही 58 हजार मतों से जीते


### बाराबंकी सदर 59 तो जैदपुर का जीत अंतर 58 हजार पार

**बाराबंकी।** इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया मंगलवार दो लाख तेरह हजार 181 मतों से विजयी हुए है। पांच विधानसभाओं में उनके जीत मतों अंतर सबसे अधिक विधानसभा बाराबंकी सदर व सबसे हैदरगढ़ में रहा। तनुज को बाराबंकी सदर में एक लाख 52 हजार 939 मत प्राप्त हुए। जो भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत को मिले 93 हजार 616 मतों से 59 हजार 323 मत अधिक है। हैदरगढ़ विधानसभा में तनुज को एक लाख 15 हजार 492 मत मिले। जो राजरानी रावत से 17 हजार 587 मत अधिक है?। वही पूर्व में जिस विधानसभा जैदपुर से विधायकी चुनाव हार चुके तनुज को एक लाख 61 हजार 668 मत मिले। राजरानी रावत को एक लाख तीन हजार 40 मत मिले। यहां 58028 मतों से जीते है?।इसी क्रम में भाजपा प्रत्याशी राजरानी क्षेत्र यानि कुर्सी विधानसभा बात करें तो उन्हें 45 हजार 274 मतों से हार स्वीकार करना पड़ा है। यानि तनुज को कुर्सी मतदाताओं ने खूब वोट बरसाएं। उन्हें यहां एक लाख 54 हजार 338 मत मिले। रामनगर विधानसभा से तनुज को एक लाख 28 हजार 968 व राजरानी को 95 हजार 999 मत मिले। उनके जीत का अंतर 32 हजार 968 मतों का है। पांचों विधानसभाओं में तनुज पुनिया पहले राउंड से ही बढ़त बना ली। अंतिम राउंड तक वह आगे ही चलते रहे। वह करीब दो लाखों 13 हजार 181 मतों से जीत दर्ज कर इतिहास रचा है। वह भाजपा प्रत्याशी को सबसे अधिक बाराबंकी सदर व जैदपुर में क्षमता क्रमशः करीब 59 व 58 हजार मतों हराया। फिर कुर्सी उसके बाद रामनगर अंत में हैदरगढ़ विधानसभा में उनका जीत अंतर कम रहा है।

## इब्राहिम रईसी और होसैन अमीर की याद में मजलिस आयोजित

**बाराबंकी।** ईरान राष्ट्रपति आयतुल्लाह इब्राहिम रईसी विदेशमंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन समेत लगभग कई लोगो की हेलीकॉप्टर हादसे में हुई मौत से पूरी दुनिया हिल गई और उनकी मौत को लेकर तरह तरह के कयास लगाये जा रहे है। उन्ही की याद में 5 जून रात लगभग 8 बजे देवा रोड अस्करी नगर स्थित इमामबाड़ा स्व काज़िम हुसैन साहब में बाराबंकी शहर मोमनीन के तत्वाधान में एक मजलिस का प्रोग्राम किया जा रहा है। जिसमे हिंदुस्तान के मशहूर मौलाना मीसम ज़ैदी मजलिस को खिताब करेंगे मजलिस में शायर नजरनाये अकीदत पेश करेंगे और मजलिस से पूर्व हादसे में हुवे शहीद आयतुल्लाह इब्राहिम रईसी को खिराजे अकीदत पेश करेंगे। प्रोग्राम के आयोजक समीर अब्बास उर्फ शादाब ने बताया कि आयतुल्लाह इब्राहिम रईसी की शहादत को रहती दुनिया तक भुलाया नही जा सकती है। उन्होंने शहर के सभी मोमिनों से पबंदिये वक्त पर पहुचने की अपील की है।

## भाजपा के पूर्व चेयरमैन गुड्डु खान ने मनाया जश्न



**नौतनवा( महराजगंज)।** भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा चुनाव में भारी जीत होने पर नौतनवा तहसील क्षेत्र व नगर सहित अन्य स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया। इस दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ा धमाकों के साथ आतिशबाजी भी की। मंगलवार को नगर के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी पंकज चौधरी के विजय होने पर नगर के पूर्व चेयरमैन मो. कलीम उर्फ गुड्डु खान ने अपने आवास पर खुशी मनाया, पटाके फोड़े, अबीर लगया। नगाड़ा धमाकों एवं अबीर गुलाल के साथ आतिशबाजी की गई। इस दौरान सभासद शाहनवाज खां,अनुज राय, विरेद्र शर्मा, शन्री गोस्वामी , प्रभुनाथ श्रीवास्तव, रिषभ श्रीवास्तव, रोहित गौंड, किस्मती देवी आदि मैजूद रहे।

### गठबंधन प्रत्याशी की जीत से कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साहित

**अयोध्या।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन के समक्ष गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद की जीत के साथ-साथ रायबरेली में राहुल गांधी की ऐतिहासिक जीत तथा अमेठी में श्रीमती सोनिया गांधी के प्रतिनिधि श्री किशोरी लाल शर्मा द्वारा बड़बोली केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को भारी मतों से हारने पर पटाखे जलाकर तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई।जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी में एक दूसरे को मिठाई खिलाई तथा पटाखे फोड़े। गठबंधन प्रत्याशी की जीत से उत्साहित जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा उत्तर प्रदेश में गठबंधन की ऐतिहासिक जीत,इस देश के संविधान और लोकतंत्र की जीत है। जनता ने बढ़ बोले और झूठे प्रचार करने वाले प्रधानमंत्री को नकार कर यह साबित कर दिया कि यह देश न कभी अन्याय सहा था न अन्याय सहेगा। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा गठबंधन प्रत्याशी की जीत पूरे चुनाव में तन मन धन से जुटे हर कार्यकर्ता की जीत है। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा भाजपा के बढ़ बोले और अहंकारी नेताओं को देश और प्रदेश की जनता ने आईना दिखाया। जो लोग अपने पूरे कार्यकाल में और चुनाव में गांधी परिवार को अपशब्द कहते थे उनका जवाब जनता ने दे दिया है।

# सातवीं बार जीत हासिल करने वाले पंकज को मिल सकता है बड़ा मंत्रालय



*अवधनामा संवाददाता*
*(विपिन श्रीवास्तव )*

**महराजगंज।** जनपद के लोकसभा सीट से सातवें बार जीत हासिल करने वाले पंकज चौधरी का कद एक बार फिर बढ़ गया हैं। पूर्वांचल का किंगमेकर कहे जाने वाले पंकज चौधरी को इस बार जनता केंद्र में एक बड़े मंत्रालय के मंत्री के रूप में देखना चाहती है जिसका ऐलान गृह मंत्री अमितशाह अपने महराजगंज दौरे के दौरान किया था। पंकज चौधरी पिछली लोकसभा चुनाव जीते थे। 6वीं बार जीत दर्ज कराने पर मोदी की सरकार ने उन्हें केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री के पद से नवाजा था। इन पांच सालों में पंकज चौधरी बीजेपी के एक कद्दावर और पूर्वांचल में किंग मेकर के रूप में भी उभरे। उनके इस ताकत को विधान सभा चुनावों में भी देखने को मिला था। सूत्रों की माने तो जनपद में पांच विधान सभा सीट में से चार पर बीजेपी के विधायक की जीत हासिल कर अपने ताकत का परिचय दिया था। वहीं पीएम के नजर में उनके कद का आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि जब पीएम मोदी गोरखपुर में आए थे तब उन्होने पंकज चौधरी के घर जाकर परिजनों से कुशलक्षेम जाना था। वहीं दूसरी तरफ विरोधियों द्वारा इनके टिकट कटने की बात कर खूब अफवाह उड़ाया गया था लेकिन बीजेपी से इस लोकसभा में भी बीजेपी का टिकट लेकर विरोधियों का मूंह बंद हो गया। इस लोकसभा में उनके जीत को सुनिश्चित करने के लिए सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ, ओमप्रकाश राजभर, निरहुआ और केंद्रीय गृह मंत्री तक ने प्रचार किया। जिससे पंकज चौधरी के पक्ष में हवा चलने लगी।

**गृह मंत्री अमित शाह मंच से कर चुके है घोषणा**

ज़्ज़ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह लोकसभा चुनाव के दौरान पंकज चौधरी की मंच से खूब तारीफ किए हैं। उन्होंने कहा था कि पंकज चौधरी लोकसभा में सबसे अनुभवी सांसदो में से एक है उनके जैसा सांसद दिया लेकर खोजने पर भी नही मिलेगा। साथ ही उन्होंने घोषणा किया था कि पंकज चौधरी को आप लोग एमपी चुनिए बड़ा मंत्री बनाने का काम हम लोग करेंगे। तभी से यह कयास लगाया जा रहा है कि पंकज चौधरी को इस बार बड़ा मंत्रालय मिलना तय हैं।

**पूर्वांचल में बीजेपी का झंडा ऊंचा करने का मिल सकता है इनाम**

ज़्ज़ एक ही लोकसभा सीट से सात बार जीत हासिल कर पंकज चौधरी ने एक नई लाइन खीच दी है। जनता को उम्मीद है कि इस बार पूर्वांचल के इस कद्दावर नेता को सातवीं बार जीत हासिल करने पर कुछ बड़ा तौफा मिल सकता है। पूर्वांचल में बीजेपी को मजबूत करने पर मोदी सरकार ने एक बार केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री का तौफ़ा तो दी है लेकिन जनता का कहना है कि इस बार मोदी की सरकार में पंकज चौधरी को बड़ा ईनाम मिलना चाहिए।

## मतगणना के दौरान प्रशासन दिखा चुस्त दुरुस्त



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** लोकसभा मतगणना के दौरान मंगलवार को कलेक्ट्रेट में व्यवस्था चुस्त दुरुस्त दिखा। सुबह आंधी तूफान और बारिश के वजह से लगा की व्यवस्था बदहाल हो सकता है लेकिन जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा सहित अन्य अधिकारियों की तत्परता से सभी व्यवस्ताएं चुस्त दुरुस्त दिखीं। कलेक्ट्रेट में मतगणना स्थल पर अधिकारियों की निगरानी बनी रही। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक प्रेक्षकों के साथ बैठकर सभी पहलुओं पर निगाह बनाएं रहे। एजेंट और मीडिया को काउंटिंग का अपडेट समय समय पर मिलता रहा। बैरिकेटिंग करके पहुंचा मार्ग सरल बनाया गया था। चार पहिया वाहनों के लिए महिला अस्पताल के समाने बड़े परिसर में खड़ा कराया जा रहा था जिससे रास्ते अवरुद्ध नहीं हो पाए।

**मतगणना स्थल पर पुलिसकर्मी मुस्तैदी से थे तैनात**

मतगणना स्थल पर की भी हालत से निपटने के लिए भारी भरकम पुलिस और जवानों की तैनाती की गई थी। पुलिस कर्मी सभी जगहों पर मुस्तैद दिख रहे थे। बैरीकेट के पास मौजूद पुलिसकर्मी पास देखकर लोगों को अंदर जाने देते थे।

## महराजगंज लोकसभा सीट से पंकज चौधरी ने सातवी बार जीत हासिल की



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद महराजगंज में किंगमेकर कहे जाने वाले बीजेपी प्रत्याशी पंकज चौधरी महराजगंज लोकसभा सीट से सातवीं बार सांसद बनने में कामयाब रहे। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी महागठबंधन के प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी को लगभग 35 हजार वोटों से हरा दिया। उनके जीत पर बीजेपी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। मंगलवार को सीसीटीवी के निगरानी में लगभग 70 टेबल पर सुबह 8 बजे से मतगणना की शुरुआत हो गई। मतगणना की पहली रुझान लगभग 9 बजे के करीब आया जिसमें बीजेपी प्रत्याशी पंकज चौधरी को 20201 कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी को 18632 और बसपा के मोसमे आलम को 933 वोट मिले। पहले राउंड में ही बीएसपी प्रत्याशी मोसमे आलम दौड़ से बाहर हो गए और अन्तिम राउंड तक तीसरे पायदान पर ही कायम रहे। जबकि बीजेपी प्रत्याशी और कांग्रेस प्रत्याशी अन्तिम राउंड तक एक दूसरे से जूझते रहे। तीसरे राउंड में कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी बढ़त बनाते दिखे जिससे गठबंधन में खुशी की लहर दौड़ गई। लेकिन ज्यों ज्यों। मतगणना का राउंड बढ़ता गया त्यों त्यों बीजेपी प्रत्याशी अपने जीत को पक्का करते चले गए और मतगणना के अन्तिम राउंड बीजेपी 591310, कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी 555859 और बीएसपी प्रत्याशी 32460 वोट पाई।

## देवीपाटन मंडल में तीन सीटों पर कमल खिला, एक पर दौड़ी साइकिल

- गोंडा से कीर्तिवर्धन सिंह, कैसरगंज से करण भूशण सिंह व बहराइच आनंद कुमार जीते

*अवधनामा संवाददाता*



**गोंडा।** देवीपाटन मंडल में चार संसदीय सीटों पर तीन पर भाजपा ने जीत दर्ज कराकर कमल खिला दिया। वहीं भाजपा की प्रतिश्ठित सीट श्रावस्ती पर सपा के राम षिरोमणि वर्मा ने दोबारा जीत दर्ज करा कर सबको चौंका दिया। वर्श 2019 में गोंडा से भाजपा के कीर्तिवर्धन सिंह] श्रावस्ती से सपा के राम षिरोमणि वर्मा] बहराइच में भाजपा से अक्षयवर लाल गौड व कैसरगंज से बृजभूशण शरण सिंह सांसद बने थे] इस बार गोंडा सीट पर कीर्तिवर्धन सिह भाजपा की सीट बचा कर सपा के श्रेया वर्मा को हरा दिया। कैसरगंज में करण भूषण सिह ने सपा के भगत राम मिश्र को हरा दिया। बहराइच सीट पर आनंद कुमार ने सपा के रमेश गौतम को हरा दिया।श्रावस्ती सीट पर राम षिरोमणि वर्मा ने भाजपा के साकेत मिश्र को हरा दिया। यहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा कर साकेत मिश्र के लिए वोट व समर्थन मांगा था। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर में देवीपाटन मंदिर पर एक दिन कैंप कर साकेत मिश्र के लिए मत मांगा।

### श्रावस्ती सीट के हारने से भाजपा को लगा बडा झटका

**गोंडा।** देवीपाटन मंडल द्दह्ड्ड भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा की हार ने पार्टी को बडी चुनौती दी। डबल इंजन सरकार का असर यहां पर दोबारा नहीं दिखा। यहां पर संगठन व जनप्रतिनिधि की मेहनत रंग नहीं लायी। इससे पीएम नेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के लिए यह सीट बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही थी। कैसरगंज भाजपा के नवनिर्वाचित सांसद करनभूषण सिंह कीजीत तय होते ही उनके पैतृक गांव विश्वनोहरपुर से लेकर जनपद मुख्यालय तक हजारो जगह लोगों ने एक दुसरे का मुंह मीठा कराया मौके पर करनभूषण सिंह ने अपने पिता सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पैर छूकर आशीर्वाद लीया वही अपने पैतृक गांव मंदिर मे पूजा किया। मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष डा सत्येंद्र सिंह सोनू सिंह पिंकल सिंह प्रधान बहादुरा हरनाम सिंह दौलतपुर प्रधान कृष्ण लाल यादव बालापुर प्रधान रिशू श्रीवास्तव कनकपुर विपिन सिह गौरीया रंजीत लिदेहना ग्रंट गिरधारी पप्पू सागर पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र सिंह भाजपा नेता अवधेश सिंह राकेश यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश यादव राजेश गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बीजेपी के भगवा गढ़ में लहराया समाजवादी परचम



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** फैजाबाद लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद 54 हजार से अधिक वोटों से आगे चल रहे जीत तय। सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद 527005 वोट मिले। जबकि बीजेपी प्रत्याशी लल्लू सिंह 472222 वोट मिले हैं। चुनावी भाषणों में राम मंदिर का जिक्र करके भाजपा ने इसका सियासी लाभ लेने की कोशिश की लेकिन रामनगरी में भगवा पार्टी की हालत ऐसी है कि लगता है जैसे ये मुद्दा बैकफायर कर गया है। योगी आदित्यनाथ का विपक्षी दलों के नेताओं को रामद्रोही करार देना भी काम नहीं आया। अब हालत ये हो गई कि राम राजनीति की राजधानी कही जाने वाली अयोध्या में ही भाजपा को बड़ी हार मिली है।

फैजाबाद लोकसभा सीट से भाजपा के लल्लू सिंह को सपा के अवधेश प्रसाद ने हरा दिया है। यह वही फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र है, जिसके अंतर्गत अयोध्या आती है। अयोध्या में इस साल के शुरुआत में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई थी। नरेंद्र मोदी ने खुद मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की थी। इस कार्यक्रम को लेकर काफी सियासी विवाद भी हुआ था। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया था कि भाजपा लोकसभा चुनाव में फायदा उठाने के लिए अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करा रही है। विपक्षी दलों ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को बीजेपी का अपना इवेंट बताकर इससे किनारा कर लिया था।इधर भाजपा ने विपक्ष के इस स्टैंड को लेकर जवाबी हमले शुरू कर दिए। भाजपा ने आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता रामद्रोही हैं और उन लोगों का समर्थन करते हैं, जो राम जन्मभूमि स्थान पर मस्जिद होने का दावा करते हैं। योगी आदित्यनाथ से लेकर नरेंद्र मोदी तक ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के विपक्षी दलों द्वारा बायकॉट करने पर उस पर निशाना साधा। योगी आदित्यनाथ ने तो यहां तक कह दिया कि यह चुनाव रामभक्तों और राम द्रोहियों के बीच हो रहा है। उनके बयान में रामभक्त का मतलब वे लोग थे, जो राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए। रामद्रोही वे थे, जिन्होंने ऐसा नहीं किया या फिर वे राम मंदिर आंदोलन के दौरान कार सेवकों पर गोली चलवाने वाले लोगों के साथ खड़े थे। उनका निशाना साफतौर पर सपा की ओर था। योगी अपने भाषणों में जनता से वोट देने की अपील करते हुए यह भी कहते थे कि जो राम को लाए हैं, यूपी की जनता उन्हें ही सत्ता में लाएगी। आपको बता दें कि फैजाबाद सीट पर बीजेपी 2014 से जीतते आ रही थी। यहां राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी और बीजेपी के नेताओं द्वारा चुनाव प्रचार में राममंदिर के जिक्र के बाद भी यहां बीजेपी को रुझानों में बड़ा झटका लगा है। फैजाबाद लोकसभा सीट पर 20 मई को मतदान हुआ था। यहां कुल 509.10 फीसदी वोट पड़े थे। फैजाबाद लोकसभा सीट में 2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो यहां भाजपा के उम्मीदवार लल्लू सिंह ने 65 हजार से अधिक वोटों से सपा के आनंद सेन यादव को हराया था ।इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद की जीत पर सपा व कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने की आतिशबाजी, खुशी मना कर बांटी मिठाई, शहर के रिकाबगंज स्थित कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर मनाया गया जीत का जश्न।

## सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के चुनाव जीतने पर समाजसेवी ने जतायी खुशी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिले के प्रतिष्ठित समाजसेवी व्यवसायी प्रेम कुमार सोनी ने फैज़ाबाद लोकसभा से सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के चुनाव में भारी जीत हासिल करने पर जोरदार बधाई दी। उन्होंने हनुमान जी महाराज से प्रार्थना किया की गठबंधन की सरकार बने। उन्होंने अपने सैकड़ो साथियों के साथ मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया।समाजसेवी प्रेम सोनी ने कहा कि यह जनता की जीत है जनता बीजेपी सरकार की नीतियों से घुटने लगी थी। व्यापारी,किसान नौजवान सभी सरकार की उपेक्षा से परेसान थे। अयोध्या की जनता ने संविधान बचाने के लिए वोट कर एक नया इतिहास रचा है। अगर देश मे इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो अयोध्या का विकास दुगुनी गति से होगा वह भी बिना भेदभाव के। उन्होंने गठबंधन के साथियों के प्रति आभार जताया है।

# संविधान और आरक्षण पर विपक्षी दलों ने जनता को भ्रम में डाला: सांसद

## सपा से लाल जी वर्मा ने बीजेपी प्रत्याशी रितेश पांडेय को हराया

### लालजी वर्मा ने 145000 वोट से जीते



- सपा प्रत्याशी की रिकार्ड जीत के सामने भाजपा ने टेके घुटने
- भाजपा कार्यालय में दिनभर पसरा रहा सन्नाटा

**अम्बेडकरनगर।** लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा ने 145000 वोट के बड़े अंतराल से जीत दर्ज की। सपा के लालजी वर्मा ने भाजपा के रितेश पांडेय को 145000वोट से हराया। सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा145000 मतों से विजयी हुए। बसपा उम्मीदवार कमर हयात अंसारी तीसरे नंबर पर रहे। अम्बेडकरनगर लोकसभा सीट पर सपा के लालजी वर्मा ने जीत दर्ज किया। सुबह आठ बजे से शुरू हुई मतगणना में पहले पोस्टर बैलेट की गिनती में सपा आगे रही। वही ईबीएम की गिनती के पहले राउंड से ही सपा की बढ़त शुरू हो गयी, जो आखिरी राउंड तक चलती रही। लोकदल से राजनीति की शुरुआत करने वाले लालजी वर्मा पहले एमएलसी बने।उसके बाद वह बसपा में शामिल होकर पहले टांडा फिर कटेहरी से विधायक बने। 2022 के चुनाव से पहले लालजी वर्मा को बसपा प्रमुख मायावती ने पार्टी से निकाल दिया और वह सपा में शामिल हो गए। सपा ने उन्हें कटेहरी से चुनाव लड़ाया और वह छठवीं बार जीतकर विधानसभा पंहुचे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 2024 में उन्हें अम्बेडकरनगर लोकसभा सीट से टिकट दिया लालजी वर्मा चुनाव जीते।

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** नवनिर्वाचित सांसद विजय दूबे कहा कि विपक्षी दल ने जनता को खासकर दलित वर्ग को भ्रम में डाल दिया कि भाजपा जीतेगी तो संविधान बदलकर आरक्षण खत्म कर देगी इस भ्रम को भाजपा तोड़ेगी। सांसद ने लगातार दुसरी और पार्टी के तीसरी जीत का श्रेय पीएम मोदी, सीएम योगी और पार्टी कार्यकर्ताओं को देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम मे सभी ने अथक परिश्रम किया।

अपने दूसरे काल की प्राथमिकता के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि छितौनी-तमकुहीरोड रेल लाइन परियोजना, सरदारनगर-कुशीनगर रेल लाइन परियोजना, सड़कों को गांव से जोडने का अभियान व हाटा के बाघनाथ चौराहे पर ओवरब्रिज का निर्माण करना उनकी प्राथमिकता मे शामिल हे। उन्होंने अपनी जीत के लिए जनता धन्यवाद दिया।



### वर्ष 2019 में 3,37,560 मतों के अंतर से हुई थी जीत

इसके पहले वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवार को बदलते हुए विजय कुमार दुबे को कुशीनगर सीट से चुनावी मैदान में उतारा। पार्टी का यह दांव काम आया और भाजपा उम्मीदवार ने 5,97,039 वोट हासिल कर जीत हासिल की। दूसरे स्थान पर समाजवादी पार्टी के एनपी कुशवाहा रहे। उन्हें 2,59,479 वोट मिले।

- जीत दर्ज करने के बाद बोले नवनिर्वाचित सांसद विजय कुमार दुबे

इस प्रकार भाजपा उम्मीदवार ने 3,37,560 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। इसी तरह वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कुशीनगर लोकसभा सीट पर मोदी लहर का असर दिखा। भाजपा ने इस सीट पर अपना कब्जा वापस पाया। पार्टी उम्मीदवार राजेश पांडेय 3,70,051 वोट हासिल कर जीत दर्ज करने में कामयाबी हासिल की थी जबकि कांग्रेस उम्मीदवार आरपीएन सिंह 2,84,511 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इसके पहले वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव मे भाजपा ने राजेश पाण्डेय को मैदान मे उतारा था उस समय राजेश पाण्डेय को कुल 370051 वोट मिले थे। उन्होंने कांग्रेस के आरपीएन सिंह को 85560 वोटों से हराया था।

### मौर्य समेत सात प्रत्याशियों की जमानत जब्त

हमेशा विवाद बयान देकर सुर्खियों में रहने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य कुशीनगर सीट से लोकसभा चुनाव में खड़े थे। स्वामी प्रसाद मौर्य को मजह 36558 मत लेकर संतोष करना पड़ा। मौर्य अपनी जमानत बचाने में भी नाकाम रहे। वहीं इनके अलावा छः अन्य प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की हार भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने जीत दर्ज कराई



**अवधनामा संवाददाता**

**कानपुर।** 4 जून लोकसभा चुनाव का परिणाम आते ही भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा को 25000 वोटो से हराकर जीत हासिल की लोकसभा सीट से भाजपा की रमेश स्वास्थ्य और कांग्रेस के आलोक मिश्रा के बीच कांटे की टक्कर चल रही थी मतगणना के दौरान आगे पीछे का खेल चलता रहा भाजपा की जीत में किदवई नगर विधानसभा और गोविंद नगर विधानसभा बनी संजीवनी बूटी किदवई नगर और गोविंद नगर के वोटो से भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने बना ली अपनी लंबी बढ़त आर्य नगर सीसामऊ और कैंट विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आलोक मिश्रा को मिला बढत आर्य नगर में आलोक मिश्रा को लगभग 11000 मतों की मिली थी बढत सीसामऊ विधानसभा में सभी 26000 मतों से अधिक मिला आलोक मिश्रा को बढ़त। कैंट विधानसभा से 43000 से ज्यादा आलोक मिश्रा को मिले वोट किदवई नगर विधानसभा से रमेश अवस्थी को 62 हजार से अधिक वोट प्राप्त हुए गोविंद नगर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी को 40000 वोट से बढ़ोतरी हुई। अकबरपुर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने तीसरी बार जीत हासिल की।

## कांग्रेस दफ्तर पर जश्न का माहौल, लड्डू बांटकर मनाई खुशी

### बस्ती में इंडिया गठबंधन की शानदार जीत, कांग्रेसजनों में खुशी की लहर

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के रामप्रसाद चौधरी ने 100958 वोटो से दो बार के सांसद हरीश द्विवेदी को चुनाव हरा दिया। उत्साहित कांग्रेसजनों ने पार्टी दफ्तर पर लड्डू बांटकर साथियों का मुंह मीठा कराया और शानदार जीत की बधाइयां दी। बस्ती लोकसभा सीट पर कांटे का मुकाबला था।

आपको बता दें 2019 के लाकसभा चुनाव में राम्रपसाद चौधरी हरीश द्विवेदी के मुकाबले 30,354 वोटों से पीछे रह गये थे। लेकिन इस बार इंडिया गठबंधन की रणनीति, कांग्रेस के न्याय पत्र के चलते अनुकूल माहौल बना और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कराया। कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' ने कहा 2024 का लोकसभा चुनाव जनता ने खुद लड़ा है। भारत जोड़ों यात्रा के जरिये राहुल गांधी ने युवाओं, महिलाओं, किसानों, व्यापारियों, गरीबों और असहायों का दर्द समझा और उनकी बुनियादी जरूरतों को न्याय पत्र का हिस्सा बनाया। उन्होने सभी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के प्रति आभार जताया। पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में नर्वदेश्वर शुक्ल, मो. रफीक खां, प्रशान्त पाण्डेय, वीरेश कुमार सिंह, रामभवन शुक्ल, सुरेन्द्र मिश्रा, अनिल भारती, लालजीत पहलवान, अशोक श्रीवास्तव, अजय सिंह, राजकपूर, शौकत अली नन्हू, अलीम अख्तर, आशुतोष पाण्डेय, गिरजेश पाल, रामबचन भारती, अवधेश सिंह, नफीस अहमद, अतीउल्लाह सिद्धीकी, सरवर अंसारी, रूपेश पाण्डेय, मो. अशरफर अली, यशराज केके, सर्वेश शुक्ला, विनय तिवारी, मो. सिद्धीक, मनीष सिंह, बबलू गुप्ता, नन्हे तिवारी, इस्माइल आदि मौजूद रहे।



## ईरान से आये शिया धर्मगुरु ने मजलिस को किया सम्बोधित

**अवधनामा संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** कुरान मजीद को परवर दिगार ने मुर्दा जमीरों को जिंदा करने के लिए भेजा था, लेकिन हमने उसे सिर्फ मुर्दों से जोड़ दिया जो विडम्बना ही है। उक्त विचार ईरान से आए शिया धर्म गुरु मौलाना सैय्यद जैगमुर रिजवी ने व्यक्त किया। वह मौजा सिकंदरपुर के चकबुलाकी में मरहूमा लाडली बेगम बिंते सैय्यद कदीर हुसैन के 40वें की मजलिस को संबोधित कर रहे थे। बड़ी संख्या में जुटे गणमान्य लोगों की मौजूदगी में धाराप्रवाह बोलते हुए कहा कि जिस प्रकार बातचीत के विभिन्न पहलू होते हैं उसी तरह कुरान पाक द्वारा भी गुफ्तगू के कई अंदाज हैं। मौलाना ने चिंता प्रकट करते हुए कहा कि अल्लाह के इस कलाम को पढ़ने के बजाए हमने इसे केवल घरों की शोभा बना रखा है। सैय्यद आगा नजफ एवं सैय्यद कमर नजफ आदि की तरफ से आयोजित मजलिस कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. मुंतजिर काएमी जलालपुरी ने देश के प्रसिद्ध शायर मंजर भोपाली का शेर दोहराया गमे हुसैन को आंसू बना दिया जाए, ये वो चराग है जिनको जला दिया जाए। ये चंद अश्के अजा हैं इन्हें कुबूल करें, अब और आप को तोहफे में क्या दिया। अमूद अब्बास परियानवी ने कहा सोचकर देखें जरा कि साथ क्या रह जाएगा, जो करेंगे उम्र भर उसका सिला रह जाएगा। मुबारक जलालपुरी ने कहा सब खुदा है जानता की, किस-किस को क्या-क्या चाहिए, किसको काबा और किसे मौलूदे काबा चाहिए। इसी कड़ी में अली हसन मुजफ्फरनगरी ने सौजखानी किया। जबकि जफर जैदी, डॉ. अजहर काएमी, हसन अब्बास, अकबर एजाज काएमी, रजा हुसैन, अजहर काएमी ने भी पेशखानी किया। मोहम्मद अली, नादिर अब्बास, मीर वारिस,अलमदार जैदी, यावर जैदी, दिलावर जैदी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## पीलीभीत सीट से भाजपा के जितिन प्रसाद ने 164935 मतों से जीत दर्ज की

**अवधनामा संवाददाता**

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश की चर्चित सीटों में शुमार पीलीभीत में जनता ने भाजपा के पक्ष में मतों की झड़ी लगा दी। पिछले विजेता वरुण गांधी का टिकट कटने से चर्चा में आई इस सीट पर भाजपा के जितिन प्रसाद ने 164935 मतों से जीत दर्ज की। यहां सपा के भगवत सरन गंगवार दूसरे और बसपा के अनीस अहमद खां 'फूल बाबू' तीसरे स्थान पर रहे। इस सीट से 10 प्रत्याशी मैदान में थे। बता दें कि सन 2004 से यहां भाजपा प्रत्याशी ही जीतते आए हैं। इस तरह लगातार पांचवीं बार यहां से भाजपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज की।

नवीन मंडी स्थल पर मतगणना शुरू होने से पहले ही सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार पहुंच गए थे, जबकि जितिन दो राउंड की मतगणना समाप्त होने के बाद पहुंचे। इसके बाद 15 राउंड की मतगणना पूरी होने तक डटे रहे। बाद में भगवत सरन के मुकाबले काफी बढ़त मिलने के लिए बाद जीत निश्चित होने पर वहां से चले गए। इससे पूर्व पहले राउंड की मतगणना सुबह करीब 10 बजे खत्म हुई। जिसमें जितिन करीब 9881 वोटों से सपा के प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार से आगे रहे। इसके बाद कई बार उतार-चढ़ाव आए पर जितिन की बढ़त अंत तक बनी रही। अंततः उन्होंने 1.64 लाख मतों से जीत दर्ज की। पूरनपुर, बरखेड़ा और बहेड़ी विधानसभा क्षेत्रों से जितिन को एकतरफा समर्थन मिला। इस दौरान जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह समेत कई अफसरों ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। वर्ष 2019 में कुल 1187225 मत पड़े थे। 29 चरणों में हुई मतगणना पूरी होने के बाद वरुण गांधी को 704549 और गठबंधन के हेमराज वर्मा को 448922 मत मिले थे। भाजपा के वरुण गांधी ने हेमराज वर्मा को 255627 मतों से शिकस्त दी थी।



## शिरोमणि रत्न सम्मानित एवं पूर्व पार्षद प्रत्याशी की याद में कराया श्री स्वर्णीम श्याम महोत्सव

### भजन गायक त्रिशित राज कश्यप ने बांधा समां गूंजी तालियों की गड़गड़ाहट

**अवधनामा संवाददाता**

**कानपुर।** आ जा सांवरिया ना जा सांवरिया आ जा ना सांवरिया मोर छड़ी लहराई रे रसिया वो सांवरा का भजन गाकर सुपर से ऊपर कानपुर भजन गायक त्रिशित राज कश्यप ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया मौका था घण्टा घर स्थित केनाल रोड लोकमन मोहाल में कश्यप परिवार द्वारा श्री स्वर्णिम श्याम प्रथम महोत्सव पर आयोजित शिरोमणि रत्न सम्मानित एवं पूर्व पार्षद प्रत्याशी ब्रह्मलीन बाबूलाल की 8 वीं पुण्यतिथि का। इससे पूर्व खाटू श्याम बाबा के शीश को बेहतरीन फूलों से सजाया गया उसके पश्चात विधि विधान से उनकी पूजा अर्चना कर जोत प्रज्वलित की गई जो कि भोर तक जगमगाती रही फिर गणेश वंदना के द्वारा सभी देवी-देवता का आव्हान हुआ नवीन म्युजिक ग्रुप के अति सुन्दर साज़ के जरिए बाबा के भजन गायकों द्वारा अपने अपने भजनों से बाबा को रिझाने का सिलसिला पूरी रात चला जिसमें कानपुर सुपर से ऊपर भजन गायक त्रिशित राज कश्यप ने अपने भजनों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया जिस पर उन्हें 51 किलो की फूल माला पहनाई गई दिव्यांश भट्ट, मुकेश,अनुज अलबेला, विष्णु ,अनुज श्रीवास्तव महिमा पाण्डेय ने भी अपनी अपनी हाजिरी लगाई शहर की महापौर प्रमिला पाण्डेय, एमएलसी सलिल विश्नोई, विधायक अभिताभ बाजपेई पार्षद आदर्श गुप्ता और गणमान्य लोगों ने बाबा के अलौकिक दिव्य दर्शन किए महोत्सव में आये अतिथियों का श्याम पटका मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान भक्तों ने बाबा के अलौकिक दर्शन कर मंनते मांगी पुरोहित ने भक्तों को मोर छड़ी का छाड़ा भी दिया इसी बीच बाबा को छप्पन भोग भी कराया गया यूपी के मशहूर झांकी स्टार ईशू तिलकधारी और नायरा की जोड़ी द्वारा सुंदर सुंदर राधा कृष्ण की झांकियां प्रस्तुत की गई।



## यूपी ने भाजपा को आईना दिखाया : भाकपा-माले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को हिंदुत्व की प्रयोगशाला बनाने वाली भाजपा को प्रदेश की जनता ने आईना दिखा दिया है। झूठ, तानाशाही और नफरत की राजनीति की हार हुई है और लोकतंत्र, संविधान और न्याय की जीत हुई है। चुनाव नतीजों पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए भाकपा (माले) के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने कहा कि भाजपा का चार सौ पार का नारा हवा हो गया है।

पीएम मोदी ने पूरे देश में उनके नाम पर वोट मांगे थे। कई सीटों पर मतदाताओं ने उन्हें नकार दिया। मोदी की गारंटी काम नहीं आई। वाराणसी सीट पर ही उन्हें भारत गठबंधन से कड़ी टक्कर मिली। अयोध्या में फैजाबाद सीट पर भारत गठबंधन को अपराजेय बढ़त हासिल है, जहां राम मंदिर स्थित है। यह भाजपा के लिए दीया तले अंधेरा जैसा है। उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ने वाले मोदी मंत्रिमंडल के कई सदस्य हार रहे हैं। अमेठी से लेकर लखीमपुर खीरी तक यही नजारा है। यूपी के मतदाताओं ने भाजपा के दंभ और अहंकार को चकनाचूर कर दिया है। डबल इंजन और बुलडोजर की विध्वंसकारी ताकत को लोकतंत्र की ताकत ने रोक दिया है बेरोजगारी, महंगाई, बढ़ती असमानता और कॉरपोरेट फासीवाद से त्रस्त जनता ने भाजपा को कड़ा संदेश दिया है। एनडीए की आंधी की भविष्यवाणी करने वाला गोदी मीडिया का एग्जिट पोल फेल साबित हुआ। कुल मिलाकर यह परिणाम जनता की जीत है। राज्य सचिव ने कहा कि भाकपा-माले ने भारत गठबंधन के घटक के रूप में बिहार और झारखंड में कुल चार सीटों पर चुनाव लड़ा था। इनमें से पार्टी ने बिहार की दो लोकसभा सीटों - आरा और काराकाट पर जीत हासिल की तथा शेष दो सीटों - नालंदा और कोडरमा पर दूसरे स्थान पर रही। भाकपा-माले ने बिहार में अगिआंव विधानसभा उपचुनाव भी जीता है।

## अपना दल एस एनडीए गठबंधन की उम्मीदवार बहन अनुप्रिया पटेल की जीत पर मिष्ठान वितरण

**अवधनामा संवाददाता**

**कानपुर।** दिनांक 4 जून 2024 को लोकसभा आम चुनाव 2024 का परिणाम में मिर्जापुर लोकसभा सीट से अपना दल एस एनडीए गठबंधन की उम्मीदवार बहन अनुप्रिया पटेल ने लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करते हुए मिर्जापुर लोकसभा सीट के इतिहास में लगातार तीन बार सांसद चुने जाने का एक कीर्तिमान स्थापित किया है।

आज सुबह से ही केशव नगर स्थित अपना दल एस कानपुर महानगर के जिला कार्यालय में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी टीवी स्क्रीन के सामने परिणाम से जुड़ी पल-पल की अपडेट लेते रहे और बहन अनुप्रिया पटेल को तीसरी बार सांसद बनने की खुशी में जिला अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव के नेतृत्व में जमकर मिठाई एक दूसरे को खिलाने का काम किया है एक दूसरे के गले लगा कर बधाई देने का काम किया है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने नेता के अच्छे प्रदर्शन से बहुत प्रसन्न है।इस संबंध में जिला अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव ने बताया कि आज सुबह से ही कार्यकर्ता जिला कार्यालय में बड़ी संख्या में उपस्थित थे सभी कार्यकर्ताओं को अपने नेता की जीत का पूरा विश्वास था हमने देश के एवं एनडीए गठबंधन के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारी नेता बहन अनुप्रिया पटेल की जीत को कार्यकर्ताओं में मिठाई बांटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराने का काम किया है आज हमारा देश एनडीए के सबसे बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते देखने जा रहा है जिसमे हमारी पार्टी की नेता बहन अनुप्रिया पटेल जी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। कार्यालय में प्रमुख रूप से मुकेश पटेल अंकिता सचान, आशा अग्रवाल, रजनी कांत कटियार देवेंद्र सचान सौरभ सचान दयाशंकर गुप्ता अजय तिवारी, सुमन गुप्ता, आरती शर्मा, सूरज मिश्रा, विकास सचान आकाश द्विवेदी अक्षय त्रिपाठी अंकुश मिश्रा शौर्य दीक्षित रिशु विश्वकर्मा शिवेंद्र वर्माआदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### नहीं चला दिनभर पोर्टल दिव्यांगों को हाथ लगी निराशा

**अम्बेडकरनगर।** दिव्यांजन सशक्तिकरण विभाग के पोर्टल में तकनीकी खराबी आ गई है। खराबी से बीते एक सप्ताह से पोर्टल नहीं चल रहा है। इससे प्रमाण पत्र के लिए दिव्यांग आनलाइन आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। प्रत्येक सोमवार को स्वास्थ्य विभाग दिव्यांगता शिविर का आयोजन करता है। शिविर में पोर्टल पर आनलाइन आवेदन करने वाले आवेदकों की दिव्यांगता की जांच पड़ताल करके मेडिकल बोर्ड प्रमाण पत्र जारी करता है, लेकिन ऑनलाइन आवेदन न हो पाने के चलते मेडिकल बोर्ड सोमवार को प्रमाण पत्र जारी नहीं कर सका। सोमवार को डिप्टी सीएमओ और दिव्यांग प्रमाण पत्र के नोडल डा. संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में आयोजित शिविर में मेडिकल बोर्ड ने पांच पुराने आवेदकों का प्रमाण पत्र जारी किया। डिप्टी सीएमओ ने आवेदकों को आनलाइन आवेदन कर अगले सोमवार को आने कहा है। पिछले सोमवार को भी पोर्टल में खराबी के चलते न आनलाइन आवेदन हो सका था और न प्रमाण पत्र ही जारी हो सका था।

## अब पहले करें रिचार्ज तब करेंगे बिजली का इस्तेमाल

**अवधनामा संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** मोबाइल और डीटीएच की तरह अब बिजली के भुगतान को भी प्री-पेड किए जाने की तैयारी है। जितने का रिचार्ज कराएंगे उतनी ही बिजली का उपयोग किया जा सकेगा। यह नई व्यवस्था कई मायनों में सुविधा देने वाली साबित होगी। 100 रुपये से लेकर अधिकतम राशि का भी रिचार्ज कर बिजली उपयोग किया जा सकेगा। इन दिनों जनपद में चार लाख 25 हजार बिजली उपभोक्ताओं को 41 उपकेंद्रों के 231 फीडरों के माध्यम से बिजली आपूर्ति दी जा रही है।

खपत के अनुरूप बिजली के बिल की वसूली 50 फीसद हो पाती है। खुले तारों से बिजली की चोरी और जर्जर संसाधनों से लाइन लॉस से हर माह 25 से 30 प्रतिशत बिजली की बर्बाद हो जाती है। चोरी व बिजली की बर्बादी पर अंकुश लगाने के लिए पावर कारपोरेशन अब बिजली घरों से लेकर सभी वर्ग के उपभोक्ताओं के घरों में प्री-पेड बिजली मीटर लगाने की तैयारी में है।बीते दिनों इसका टेंडर भी हो चुका है।जिले में प्री-पेड मीटरों को लगाने की जिम्मेदारी पोलेरेसिस कंपनी को दी गई है। पहले चरण में सभी बिजली घरों पर मीटर लगाने का सर्वे कंपनी द्वारा पूरा कर दिया गया है। अब दूसरे चरण में डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसमिशन के साथ ही कॉमर्शियल उपभोक्ताओं का सर्वे कर प्रीपेड मीटर लगेंगे। इसके बाद चौथे चरण में वृहद अभियान चलाकर घर-घर प्रीपेड मीटर लगाए जाएंगे।प्रीपेड मीटर लगने से बिजली चोरी पर अंकुश लग जाएगा। उपभोक्ता जितने का रिचार्ज करेगा उसको उतनी ही बिजली उपभोग करने को मिलेगी। वहीं उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करने के लिए बिजली घरों का चक्कर काटने से निजात मिल जाएगी। इसके अलावा बिजलीकर्मियों को भी बकाया वसूली करने के लिए उपभोक्ताओं के घरों तक दौड़ लगाने से छुटकारा मिल जाएगा।

## 2678 वोट से भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत विजय घोषित

**अवधनामा संवाददाता**



**फर्रुखाबाद।** प्रेक्षक से मिलने के बाद बोले सपा प्रत्याशी, जिला प्रशासन ने 27 वे राउंड से धाधली करने और हराने का खाका तैयार कर लिया था। उन्होंने कहा कि कोर्ट में जाकर पूरे जिले की रि काउंटिंग की मांग करेंगे। फर्रुखाबाद लोक सभा सीट पर परिस्थितियों के सही रहने के बाद जब 27 वे में राउंड का रिजल्ट आया तो अचानक हलचल तेज हो गई। इसके बाद 32 वा राउंड आते-आते जमकर हो हल्ला होने लगी। इसके बाद सपा के भोजपुर विधानसभा के एजेंट जब बाहर निकले तो प्रशासन पर तीन बूथ की काउंटिंग नहीं करने का आरोप लगाते हुए विरोध में नारेबाजी करते हुए बाहर धरने पर बैठ गए।

शाम 7:50 पर मतगणना काउंटिंग स्थल से सपा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य बाहर निकले। प्रशासन पर धांधली करते हुए 27 वे राउंड से गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए 5913 वोट एकाएक भाजपा प्रत्याशी के बढ़ाने का आरोप लगाया। जिसके बाद सपा प्रत्याशी ने प्रेक्षक दीपक कुमार मीणा, मतगढ़ना प्रेक्षक अमरदीप कौर से मुलाकात कर पुनः मतगणना कराने का पत्र सौंपा। इसके बाद मीडिया से बात करते हुए बोले की अब वह कायमगंज विधानसभा की बजाय पूरे जिले की पुनः मतगणना की मांग करते हैं। वह कम से कम 8000 वोटो से जीत रहे थे उन्हें जानबूझकर प्रशासन ने हरवाने का काम किया है। चुनाव आयोग बा परीक्षक गानों को पत्र देकर पुनः रिकाउंटिंग की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि न्यायालय में जाने का भी दरवाजा खुला है।

### डॉक्टर साहब जो कुछ करना है आज ही करना है यहां से हटाना नहीं है: प्रियंका

रात 8:25 मिनट सपा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य की पत्नी प्रियंका शाक्य सातनपुर मंडी पहुंची। पति नवल किशोर से बात करते हुए कहा कि यहां भाजपाइयों ने चंडीगढ़ जैसा घपला करने का प्रयास किया है। डॉक्टर साहब यहां से हटना नहीं है। जो कुछ करना है आज ही करना है। आपके हजारों लोग बाहर खड़े हुए हैं।

## कड़ी मेहनत और लगन से मिलती है सफलता

**अवधनामा संवाददाता**




**सिद्धार्थनगर।** नीट में सफलता का परचम लहराने वाले शादाब आलम, जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका क्षेत्र के पुरानी नौगढ़ में एक साधारण परिवार से हैं। उनके पिता कलीमुल्लाह पेशे से अध्यापक हैं और पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री हैं, वहीं उनकी मां, स्नातक हैं और साधारण गृहणी है। शादाब आलम ने कहा कि कड़ी मेहनत और लगन से ही सफलता संभव है। शादाब आलम ने प्राथमिक शिक्षा, न्यू एरा पब्लिक स्कूल महदेय्या से हासिल की, तथा हाई स्कूल तक की शिक्षा सरला इंटरनेशनल एकेडमी भीमापार में हुई, जहां पर उन्होंने टॉप मेरिट में स्थान बनाया और विद्यालय द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था। इन्टर मीडिएट की शिक्षा सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल थरौली से हासिल की, जहां पर उन्होंने बालक वर्ग में जिला टॉप किया था। नीट के इम्तेहान की तैयारी के लिए एक साल राजस्थान के कोटा में रहे, लेकिन उन्हें रास नहीं आया और तबियत खराब हो गई जिसके कारण पूरी तैयारी नही हो पाई और पिछले वर्ष नीट की परीक्षा में सफल नहीं हो पाए। इस बार उन्होंने घर पर ही रहकर ऑनलाइन तैयारी की। खुद की मेहनत से घर पर ही रहकर पढ़ाई करके 720 में 628 नंबर हासिल किए। शादाब आलम का कहना है कि अगर सभी बच्चे कहीं भी रहकर पूरी लगन और ईमानदारी से मेहनत करें, तो उन्हें कामयाबी एक न एक दिन जरूर मिलेगी। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है, जिन्होंने सफलता के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया, और असफल होने पर कभी हतोत्साहित नहीं होने दिया।

## मतदाता और नेता दोनो परिपक्व है

भारत का मजबूत लोकतन्त्र दुनियां के आंखो में किरकिरी बना हुआ है। अंग्रेज भारत छोड़ कर जाने लगे तो उन्हें विश्वास था। भारत आजादी संभाल नही सकेगा उन्हें फिर भारत आना होगा। भारत आजादी संभाला ही नही मजबूत बनकर उभरने लगा। आज इतना विकसित हो चुका है कि दुनियां को उसकी आवाज को सुनना पड़ता है। उसकी आवाज को अहमियत देनी पड़ती है। तीसरी बड़ी इकानमी बनने की ओर अग्रसर है। बड़े देशों का रूआब भारत पर चल नहीं पा रहा हे इसलिये वे और क्षुब्ध है। दोस्ती है पर कूटनीतिक चालें भी है। मोदी के दस साल के शासन में सर्वागीरण विकास किया है। बढ़ोत्तरी जारी है।

विदेशी देश और मीडिया दोनो मिलकर भारत के खिलाफअभियान चलाते रहते है। चुनाव के समय में वे और सक्रिय हो जाते है क्योकि तब आफ्वाहें और अनाआवश्यक मुद्दों के प्रचार का मौका मिल जाता है। चुनाव में आफ्वाहें भी बनती है खबरें खबरदार भी करती रहती है। पाकिस्तान भारत के चुनाव में अनर्गल टिप्पणी करता रहता है। उसका सिविल शासन तो सेना के कब्जें में रहता है। सेना भारत से दोस्ती नही चाहती क्योकि भारत से दोस्ती हो जाने पर भारत के डर से पैसा वसूलने का काम रूक जायेगा। सहायता के लिये आने वाला फन्ड का बड़ा हिस्सा अपने सुख सुविधाओं के लिये सुरक्षा के नाम पर हड़प लेता है। आज हालात यह है कि आवाम भूखों मर रही है, अंधेरे में रह रही है पर सेना उनके विरोध का दबाने में लगी हुई है। विदेश मंत्री के अनुसार एक इन्टरनेशनल रवाना गैग का जिक्र करते हुये बताया विदेशी मीडिया बुद्धजीवी वर्ग, मध्यम दर्जे के अधिकारी शामिल है। उन्होंने विदेशी देशों से कहा अपना देश संभाले। पाकिस्तान, अमेरिका पश्चिमी देश भारत की बढ़त से आतंकित है भारत को कमजोर करने के लिये तरह तरह की चाले आरोप गढ़ा करते है। केजरीवाल ने अपना पोस्ट साझा करते हुये पाकिस्तान को बताया मंहगाई, बेरोजगारी, तानाशाही के खिलाफलड़ रहे है तो पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फ्लाद चौधरी ने कहा शान्ती से नफरती और कट्टरवादी ताकतों को हराया जा सकता है। केजरीवाल ने फ्साद के कूटनीतिक चाल का जवाबद देते हुये हिदायत दी आपको आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के बजाय अपने देश की खराब स्थिति पर ध्यान देना चाहिये। मोदी ने इसे चुनाव में मुद्दा बनाना चाहा। चुनाव में ऐसी बातें मुद्दे का रूप लेती रहती है। पर चुनाव बाद ये मुद्दे गायब हो जाते है। पाकिस्तान के मंत्री नवाज़ शरीफभारत के दोस्ती के कायल थे। बाजपेयी काल में कोशिश भी की थी, पर पाकिस्तानी सेना को यह बढ़ती दोस्ती बरदाश्त नहीं हुई, नवाज शरीफको अपदस्थ कर सैनिक शासन लगा दिया। आफ्वाहों के मुद्दे पर मोदी से पूछा गया तो कहा कुछ लोग है जो प्रभावित होते है, ऐसा क्यों करते है पता नहीं। गम्भीर जांच का वायस बनते है। बाहरी भीतरी सारे अड़गे के बावजूद भारत मन्थर गति से विकास और खुशहाली और बढ़ता जा रहा है। विदेशी बेचैनी बढ़ाती जा रही है। जबकि उसका मारा है बसुधैव कुटुम्मकम है भारतीय परिपक्व है।

## प्रकृति और पर्यावरण का सबसे बडा शत्रु स्वयं मानव, पर्यावरण के प्रति चेतना शून्य



संजीव ठाकुर

अपने विकास की क्रमिक उन्नति में मनुष्य ने जितने भी अविष्कार और विकास के कार्य किए हैं सब के सब प्रकृति एवं पर्यावरण के विरोध में ही रहे हैं। प्लास्टिक तथा पॉलीथिन का अविष्कार मानव तथा जीव जंतुओं के लिए बेहद खतरनाक साबित हुआ है। पॉलीथिन ने मानव तथा जीव जंतुओं को सबसे ज्यादा क्षति पहुंचाई है क्योंकि पॉलिथीन एक ऐसा पदार्थ है जो अत्यंत ज्वलनशील होने के साथ-साथ नष्ट ना होने वाला पदार्थ है जो मनुष्य के। भोजन पकाने हेतु जंगल से लकड़ी काटकर धूंआ पैदा करने का काम भी मनुष्य ने ही किया है। इसी क्रम में सबसे बड़ा नुकसान पर्यावरण को औद्योगिकरण की नीति ने किया है,बड़े बड़े उद्योगों से निकलने वाले वैश्विक स्तर पर प्रदूषित वायु अपशिष्ट पदार्थों के साथ नदियों तथा समुंदर में विषैले अपशिष्ट को छोड़ने से शुद्ध जल विषैला होकर जीव जंतुओं को नष्ट करते आ रहा है। इसके पश्चात प्राकृतिक रूप से भी बाढ़, ज्वालामुखी ने प्रकृति तथा पर्यावरण को नष्ट करने का काम बखूबी किया है, पर मानव जाति ने अपने आराम तथा सुविधा के लिए स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार और परिवहन के लिए ट्रक और डीजल एवं कोयले से चलने वाली लोकोमोटिव ने प्रकृति तथा पर्यावरण को को नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इसके अलावा घरों कार्यालयों और कारखानों में लगाए जाने वाले वातानुकूलित यंत्रों से निकलने वाले वायु प्रदूषण के कारण ग्लोबल वार्मिंग बहुत तेजी से बढ़ते जा रही है जो मानव जाति के लिए खुद नुकसानदेह है, किंतु मानव ही पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन बन चुका है।शुद्ध वायु, जल मनुष्य तथा पृथ्वी पर निवास कर रहे जीव जंतुओं तथा हमारी वनों से आच्छादित प्यारी धरती के लिए अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरण की असुरक्षा से धरती असुरक्षित नदियां ,असुरक्षित और धरती, जलवायु की असुरक्षा होने से जीव जंतु और मानव जाति का जीवन भी असुरक्षित हो जाएगा,।हमें इन परिस्थितियों में पर्यावरण की सुरक्षा को प्राथमिक सुरक्षा मानकर इसकी हर संभव शुद्धता एवं परिष्करण पर सबसे ज्यादा ध्यान देना होगा। पर्यावरण से आशय पर यानी मतलब चारों तरफ, और वरण का मतलब ढका हुआ माना गया है। पर्यावरण विदों के अनुसार पर्यावरण का मतलब उस अवस्था से है जो किसी जंतु, प्रकृति और मनुष्य को चारों ओर से ढक कर उसे अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। हम सदैव पर्यावरण को प्रकृति से जोड़कर ही देखते हैं। इसीलिए मानव जीव जंतु वृक्ष सभी को स्वस्थ जीवन देने के लिए एक परिष्कृत पर्यावरण के वातावरण की निरंतर महत्वपूर्ण उपस्थिति आवश्यक होती है, किंतु जब वायु, जल तथा प्रकृति में प्राकृतिक अथवा मानवीय अवांछनीय कार्यों से कुछ ऐसे तत्व वातावरण में प्रवेश कर जाते हैं जिससे हमारी प्रकृति, हमारा पर्यावरण प्रदूषित होने लगता है और माननीय जीवन प्रकृति के साथ नष्ट होने की कगार पर खड़ा होने लगा है। प्रगति और वातावरण यानी की पर्यावरण ने हमें सब कुछ दिया है, स्वच्छ हवा से हमें ऊर्जा,स्वच्छ जल और नवजीवन की उत्प्रेरणा प्राप्त होती है। भोपाल में मिक नामक गैस रिसाव से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जाने से हजारों लोगों की मृत्यु एवं उसके पश्चात शरीर में अनेक बीमारियों को जन्म दिया, जिस की विभीषिका आज भी भोपाल वासी झेल रहे हैं। इसके पश्चात मई 2020 को आंध्र प्रदेश के पॉलीमर कंपनी द्वारा स्टाइलिन नामक गैस का रिसाव हुआ एवं जून में असम गैस रिसाव से मानव जीवन को प्रभावित कर पूरे पर्यावरण को प्रदूषित कर मानव जाति तथा जीव जंतुओं के संपूर्ण जीवन को दांव पर लगा दिया था। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो मानव जीवन भी सुरक्षित रह पाएगा। प्रदूषण को हमें सदैव वायु प्रदूषण यानी ज्वालामुखी विस्फोट, जंगल की आग, कोहरा, परागकण, उल्कापात आदि प्राकृतिक स्रोतों से उत्पन्न वायु प्रदूषण से नियंत्रण में रखकर उसका संरक्षण करने का प्रयास करना चाहिए। मानवीय अवांछित क्रियाकलाप भी प्रकृति तथा वातावरण और पर्यावरण के लिए खतरा बनते जा रहे हैं, जिस तरह वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है मोटर वाहनों का बेतरतीब प्रयोग लकड़ी कोयला तथा अन्य पदार्थों के जलाने से उत्पन्न हुआ बेतहाशा कारखानों का निकलता धूंआ, ताप विद्युत गृह, खनन तथा रासायनिक पदार्थों के साथ आतिशबाजी द्वारा वायु प्रदूषण में बेतहाशा वृद्धि हो गई है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

ग्लोबल वार्मिंग का खतरनाक प्रभाव अब साफतौर पर दिखने लगा है। देखा जा सकता है कि गर्मियां आग उगलने लगी हैं और सर्दियों में गर्मी का अहसास होने लगा है। असंतुलित पर्यावरण विनाश का कारण बन रहा है। आजकल जब उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्से रेकार्ड गर्मी से तप रहे हैं तब पश्चिम बंगाल और केरल में भयानक बारिश हो रही है। इस तरह एक साथ इतनी तेज बारिश से नुकसान होता है। बढ़ते शहरीकरण विकास योजनाओं और जिंदगी से जुड़े हर क्षेत्र में पानी की जरूरतें बढ़ रही है। दूसरी तरफ पानी के कुदरती स्रोत कम होते जा रहे हैं।

# पर्यावरण के बड़े खतरों के लिये कोशिशें भी बड़ी हो



ललित गर्ग

विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इंसानों को प्रकृति, पृथ्वी एवं पर्यावरण के प्रति सचेत करने के लिए यह खास दिवस मनाया जाता है और देश एवं दुनिया में पर्यावरण संरक्षण की याद दिलाई जाती है। यह सर्वविदित है कि इंसान व प्रकृति के बीच गहरा संबंध है। इंसान के लोभ, सुविधावाद एवं तथाकथित विकास की अवधारणा ने पर्यावरण का भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसके कारण न केवल नदियां, वन, रेगिस्तान, जलस्रोत सिकुड़ रहे हैं बल्कि ग्लेशियर भी पिघल रहे हैं, तापमान का 50 डिग्री पार करना जो विनाश का संकेत तो है ही, जिनसे मानव जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है। इस वर्ष बढ़ी हुई गर्मी एवं तापमान ने न केवल जीवन को जटिल बनाया बल्कि अनेक लोगों की जान भी गयी। वर्तमान समय में पर्यावरण के समक्ष तरह-तरह की चुनौतियां गंभीर चिन्ता का विषय बनी हुई हैं।

ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से ग्लेशियर तेजी से पिघल कर समुद्र का जलस्तर तीव्रगति से बढ़ा रहे हैं। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है। इस बार पर्यावरण दिवस ऐसे समय में आया है, जबकि अनेक देश युद्ध की विभीषिका के कहर से जूझ रही है और दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, बढ़ता तापमान, असंतुलित पर्यावरण जैसी चिंताओं से रू-ब-रू है। पर्यावरण को समर्पित यह खास दिन हमें प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने एवं उसके प्रति संवेदनशील होने के लिए प्रेरित करता है। विश्व पर्यावरण दिवस 1974 से ही मनाया जाता है, जब संयुक्त राष्ट्र ने पहली बार इसकी घोषणा की थी। सऊदी अरब 2024 में विश्व पर्यावरण दिवस समारोह की मेज़बानी करेगा, जिसका थीम होगी 'हमारी भूमि, हमारा भविष्य।' यह थीम भूमि और इकोसिस्टम को बहाल करने, जैव विविधता की रक्षा करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक सामूहिक प्रयास पर जोर देती है। इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस का विषय है 'भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता।' मानवता भूमि पर निर्भर है। फिर भी, पूरी दुनिया में प्रदूषण, जलवायु अराजकता और जैव विविधता विनाश का एक जहरीला मिश्रण स्वस्थ भूमि को रेगिस्तान में बदल रहा है और संपन्न पारिस्थितिकी तंत्र मृत क्षेत्रों में बदल रहा है। इस वर्ष का विषय का फोकस 'हमारी भूमि' नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित है।

ग्लोबल वार्मिंग का खतरनाक प्रभाव अब साफतौर पर दिखने लगा है। देखा जा सकता है कि गर्मियां आग उगलने लगी हैं और सर्दियों में गर्मी का अहसास होने लगा है। असंतुलित पर्यावरण विनाश का कारण बन रहा है। आजकल जब उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्से रेकार्ड गर्मी से तप रहे हैं तब पश्चिम बंगाल और केरल में भयानक बारिश हो रही है। इस तरह एक साथ इतनी तेज बारिश से नुकसान होता है। बढ़ते

**विश्व पर्यावरण दिवस**



शहरीकरण विकास योजनाओं और जिंदगी से जुड़े हर क्षेत्र में पानी की जरूरतें बढ़ रही है। दूसरी तरफ पानी के कुदरती स्रोत कम होते जा रहे हैं। हमें पानी के इस्तेमाल के तौर-तरीकों में तुरंत बदलाव करते हुए संयम बरतने की जरूरत है। खेती में पानी के इस्तेमाल, पानी को इकट्ठा करने और उन्हें भूगर्भीय स्रोतों तक पहुंचाने के तौर-तरीकों और पानी के आम इस्तेमाल को बदलना होगा। नई सरकार को इस पर ज्यादा ध्यान देना होगा क्योंकि पानी की उपलब्धता के सारे समीकरण बदल गए हैं।

तापमान का 50 डिग्री पार करना जटिल एवं गंभीर पर्यावरणीय घटना है। फ्रिज, एसी, कूलर और कारों की बिक्री बढ़ने से बिजली की खपत बढेगी। यह स्थिति कोयले, पेट्रोल, डीजल के इस्तेमाल को बढ़ायेगी। ऐसे में लगातार ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही धरती और गर्म हो जाएगी। देश-दुनिया में गर्मी के नए रेकार्ड बनेंगे। इन दिनों कई शहरों का तापमान रेकार्ड तोड़ चुका है। इससे दिहाड़ी मजदूर, किसान और मेहनतकश लोगों को जूझना पड़ रहा है। वहीं ज्यादा बारिश वाले क्षेत्रों में पानी की कमी हो रही है तो सूखी जगहों पर बेतहाशा बारिश। इन घटनाओं की वजह को समझना होगा, उसे गंभीरता से लेना होगा। नई बनने वाली सरकार को पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देना होगा। जलवायु परिवर्तन के अलावा कई समस्याएं मानव निर्मित भी है। माना कि बादल फटने, जंगलों में आग जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन अपेक्षाकृत नए माने जाने वाले हिमालय एवं पहाड़ी क्षेत्रों में नए बांध और सड़क बनाए जाने से होने वाले नुकसान ज्यादा सामने आ रहे हैं। जलवायु परिवर्तन ऐसा मसला है जिसमें पर्यावरण से होने वाला खतरा किसी देश की सीमा या उसकी हैसियत नहीं देखता। सबको बराबर नुकसान होता है। इसलिए विश्व के सभी देशों एवं विशेषतः विकसित एवं शक्तिसम्पन्न देशों को उदार एवं दूरगामी नजरिया अपनाना होगा। अपने-अपने स्वार्थों को नजरअंदाज करते हुए विश्व मानवता को केन्द्र में रखना जरूरी है। कई बिंदुओं पर दुनिया पीछे जा रही हैं। दुनियाभर में जो युद्ध चल रहे हैं, उनकी वजह से भी सारे समीकरण बदल गये हैं। पहले कोविड ने नुकसान पहुंचाया, उसके बाद रूस-युक्रेन युद्ध और इस्राइल-गाजा का मामला चल रहा है। युद्धों का पर्यावरण पर सबसे घातक असर पड़ता है और यही जलवायु परिवर्तन का बड़ा कारण भी बनते हैं। पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम रहते हैं। इसमें हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल होते हैं, जैसे कि हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे, जानवर और अन्य जीव-जंतु। पर्यावरण के घटक परस्पर एक-दूसरे के साथ जुड़कर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। हालांकि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। दूषित पर्यावरण उन घटकों को प्रभावित करता है, जो जीवन जीने के लिए आवश्यक हैं। ऐसे में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, प्रकृति और पर्यावरण का महत्व समझाने की आज बड़ी आवश्यकता है, इस दृष्टि से विश्व पर्यावरण दिवस मनाना केवल आयोजनात्मक न होकर प्रयोजनात्मक बने, यह अपेक्षित है। बदलते मौसम का ग्लेशियर पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। सदियों से ग्लेशियर पिघलकर नदियों के रूप में लोगों को जीवन देते रहे हैं। लेकिन पिछले दो-तीन दशकों में पर्यावरण के बढ़ रहे दुष्परिणामों के कारण इनके पिघलने की गति में जो तेजी आई है, वह चिंताजनक है। ऐसे में मुंबई समेत दुनिया के कई हिस्सों एवं महानगरों-नगरों के डूबने की आशंका तेजी से बढ़ चुकी है। इसका खुलासा अमरीकन नेशनल अकादमी ऑफ साइंस ने किया है। औद्योगिक गैसों के लगातार बढ़ते उत्सर्जन और वन आवरण में तेजी से हो रही कमी के कारण ओजोन गैस की परत का क्षरण हो रहा है। इस अस्वाभाविक बदलाव का प्रभाव वैश्विक स्तर पर हो रहे जलवायु परिवर्तनों के रूप में दिखलाई पड़ता है। सार्वभौमिक तापमान में लगातार होती इस वृद्धि के कारण विश्व के ग्लेशियर तेजी से पिघलने लगे हैं। ग्लेशियर के तेजी से पिघलने के कारण महासागर में जलस्तर में ऐसी ही बढ़ोतरी होती रही तो महासागरों का बढ़ता हुआ क्षेत्रफल और जलस्तर एक दिन तटवर्ती स्थल, भागों और द्वीपों को जलमग्न कर देगा।

# बढ़ती मानवीय सुविधा बनी जलवायु परिवर्तन चक्र के लिए असुविधा

विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2021 के अनुसार, 100 सबसे प्रदूषित शहरों में से 63 शहर भारत के हैं। वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, औद्योगिक कचरा, चुल्हे का धुआं, निर्माण क्षेत्र, फसल अपशिष्ट जलाना और बिजली उत्पादन भारत में वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोत हैं, इससे हर साल वायुमंडल में 2.65 बिलियन मीट्रिक टन कार्बन का योगदान होता है। कोयला, तेल और गैस वैश्विक जलवायु परिवर्तन में सबसे बड़ा योगदानकर्ता हैं, जो वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का 75 प्रतिशत से अधिक और सभी कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन का लगभग 90 प्रतिशत है।



डॉ. प्रितम भी. गेडाम

ग्लोबल वार्मिंग आज पूरी दुनिया में सजीवों के लिए सबसे ज्वलंत मुद्दा है, आधुनिकता ने ग्लोबल वार्मिंग की समस्या को सबसे बड़े अभिशाप के रूप में बढ़ा दिया है। आज गर्मी के मौसम में बारिश हो रही है, बरसात के मौसम में गर्मी है, ठंड के मौसम में बारिश हो रही है। जिसका सीधा असर मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, घातक बीमारियों का साम्राज्य चरम पर पहुंच रहा है, असामयिक मौतों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो रही है, मौसम बिगड़ने का दूसरा सबसे बड़ा असर फसलों पर पड़ता है, ऊपर से कभी बाढ़ तो कभी अकाल की स्थिति पैदा हो जाती है। मंडियों में पर्याप्त अनाज भंडारण न होने के कारण हर साल लाखों टन अनाज बर्बाद हो जाता है, जिसका नुकसान किसानों को उठाना पड़ता है, शहरों में विकास के नाम पर पेड़ काटे जा रहे हैं और बचे-खुचे पेड़ भी जरा सी हवा में उखड़ जाते हैं, क्योंकि पेड़ों की जड़ों को पनपने के लिए पर्याप्त मिट्टी नहीं है, हर जगह सीमेंट का जंगल उग रहा है। मनुष्य से अधिक संख्या में वाहन एवं यांत्रिक संसाधन बढ़ रहे हैं। मिलावट, खेती में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग, प्रदूषण, शोर, बढ़ता कचरा और इसके उचित प्रबंधन की कमी, घटते जंगल, औद्योगिक क्षेत्रों द्वारा नियमों की अवहेलना और लोगों की लापरवाही ने जलवायु चक्र को बाधित कर दिया है। सबसे ज्यादा परेशानी किसानों और गरीब तबके को हो रही है, इससे आर्थिक असमानता की खाई बढ़ती जा रही है। आज के लोग इस बात पर गहराई से विचार नहीं करते कि थोड़ी सी लापरवाही से बिगड़ते जलवायु चक्र का खामियाजा आने वाली पीढ़ियों को कितना भुगतना पड़ेगा। पर्यावरण संरक्षण में प्रत्येक पशु-पक्षी का विशेष योगदान है। पृथ्वी पर मनुष्य ही एकमात्र ऐसा प्राणी है जो अपने स्वार्थ के लिए पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है।

वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक 2021 में जलवायु जोखिमों की घटनाओं और संवेदनशीलता के मामले में भारत सबसे अधिक प्रभावित देशों की सूची में 7वें स्थान पर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2030 से 2050 के बीच, जलवायु परिवर्तन के कारण हर साल कुपोषण, मलेरिया, दस्त और गर्मी के तनाव से अनुमानित ढाई लाख अतिरिक्त मौतें होने की आशंका है। बढ़ते तापमान के कारण ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र के स्तर में वृद्धि से तटीय कटाव, भूस्खलन, तूफान, बाढ़ और गर्मी की लहरें जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। पिछले कुछ समय से मौसम के बदलते मिजाज के कारण देश का सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इससे पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए भी बड़ा खतरा पैदा हो गया है। जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि उपज कम हो गई है और मलेरिया, डेंगू, हैजा, हीट स्ट्रोक, श्वसन संक्रमण और मानसिक तनाव जैसी बीमारियाँ बढ़ गई हैं। पिछले दशक में बाढ़ से देश को 3 अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ है, जो वैश्विक आर्थिक नुकसान का 10 फीसदी है, और गर्मी के तनाव से संबंधित



उत्पादकता में गिरावट के कारण भारत 2030 तक 3.4 मिलियन नौकरियां खो देगा। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, भारत की प्राथमिक ऊर्जा मांग 2030 तक दोगुनी हो जाएगी।

विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2021 के अनुसार, 100 सबसे प्रदूषित शहरों में से 63 शहर भारत के हैं। वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, औद्योगिक कचरा, चुल्हे का धुआं, निर्माण क्षेत्र, फसल अपशिष्ट जलाना और बिजली उत्पादन भारत में वायु प्रदूषण के प्रमुख स्रोत हैं, इससे हर साल वायुमंडल में 2.65 बिलियन मीट्रिक टन कार्बन का योगदान होता है। कोयला, तेल और गैस वैश्विक जलवायु परिवर्तन में सबसे बड़ा योगदानकर्ता हैं, जो वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का 75 प्रतिशत से अधिक और सभी कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन का लगभग 90 प्रतिशत है। अब दुनिया किसी भी समय की तुलना में तेजी से गर्म हो रही है। इससे मनुष्यों और पृथ्वी पर मौजूद अन्य सभी जीवन रूपों के लिए कई खतरे पैदा होते हैं। प्रतिदिन लगभग 4 करोड़ लीटर सीवेज नदियों और अन्य जल निकायों में बहता है। इनमें से, पर्याप्त बुनियादी ढांचे और संसाधनों की कमी के कारण केवल एक छोटे से हिस्से का ही पर्याप्त उपचार किया जाता है। जल प्रदूषण से भारत सरकार को सालाना 6.7 से 7.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है, जिससे सरकारी कर और कृषि आय प्रभावित होती है। हर साल लगभग 4 करोड़ भारतीय टाइफाइड, हैजा और हेपेटाइटिस जैसी जल जनित बीमारियों से पीड़ित होते हैं और लगभग 4 लाख लोग मर जाते हैं।

लगभग 140 करोड़ की आबादी में हर साल 277 मिलियन टन नगरपालिका ठोस कचरा उत्पन्न होता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वर्ष 2030 तक इसके 387.8 मिलियन टन तक पहुंचने की संभावना है और 2050 तक यह वर्तमान से दोगुना हो जाएगा। बढ़ता शहरीकरण अपशिष्ट प्रबंधन को बेहद चुनौतीपूर्ण बनाता है। वर्तमान में, एकत्र किए गए कुल कचरे का लगभग 5त्न पुनर्नवीनीकरण किया जाता है, 18त्न खाद बनाया जाता है और बाकी को लैंडफिल साइटों पर डाल दिया जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, भारत वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 25,000 टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है, जो देश में उत्पन्न कुल ठोस कचरे का लगभग 6त्न है। सबसे प्रदूषित नदियाँ, दुनिया का लगभग 90त्न प्लास्टिक समुद्र में बहाती हैं। इस सदी की शुरुआत के बाद से, भारत ने अपने कुल वृक्ष आवरण का 19 प्रतिशत खो दिया है। अधिकांश नुकसान जंगल की आग के कारण होता है, जो प्रतिवर्ष 18,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक जंगल को प्रभावित करता है, जो वार्षिक औसत वनों की कटाई दर से दोगुना है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की रेड लिस्ट के अनुसार, देश में 1212 पशु प्रजातियों में से 12त्न से अधिक को लुप्तप्राय के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हाल के वर्षों में 25 प्रजातियाँ विलुप्त हो गई हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट है कि जलवायु परिवर्तन हर साल कम से कम 150,000 मौतों के लिए जिम्मेदार है, 2030 तक यह संख्या दोगुनी होने की संभावना है। आईपीसीसी की रिपोर्ट का अनुमान है कि बढ़ते तापमान से एशिया में 130 मिलियन लोगों के लिए भोजन की कमी हो सकती है। 2050 तक तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ, देश को दोगुना भोजन आयात करना होगा। भारत में 85 प्रतिशत से अधिक ताजे पानी का उपयोग कृषि के लिए किया जाता है, दूसरी ओर जल संकट के कारण, देश के कुछ प्रमुख शहरों में 2030 तक भूजल खत्म हो जाएगा, जिससे लगभग 40 फीसदी आबादी प्रभावित होगी। देश में हर साल गर्मी के मौसम में लू के कारण बड़ी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। वर्तमान समय में गर्मी के मौसम में सूरज आग उगल रहा है। दिल्ली में तापमान 52 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। फिलहाल महाराष्ट्र के नागपुर शहर में लू के कारण दो दिनों में 10 लोगों की जान चली गई है। अगर ये एक शहर की तस्वीर है तो पूरे देश में गर्मी के असर से हालात कितने भयावह हो सकते है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट ने अपनी रिपोर्ट में देश के प्रमुख महानगरों में बढ़ते तापमान का विश्लेषण किया और कहा कि लगातार कांक्रीटीकरण के कारण गर्मी बढ़ रही है।

# बिगड़ते पर्यावरण के लिए केवल और केवल मानव जिम्मेदार

पर्यावरण जब जब बिगड़ेगा, तब तब उसका सबसे ज्यादा खामियाजा मानव को भुगतना होगा। यह तथ्य उतना ही सत्य है जितना कि यह कि हम धरती को विनाश की ओर धकेल रहे हैं। पर्यावरण प्रदूषण कोई और नहीं फैला रहा हैं स्वंय मानव ही तो इसका पहला और अंतिम कारक है। इसलिये मानव के हित के लिये, वह स्वयं जितनी जल्दी पर्यावरण के सुधार के लिए होश में आएं ये उतना ही अच्छा सिद्ध होगा।



सुरेश सिंह बैस

विश्व की सभी महाशक्तियां और ताकतवर देश संयुक्त राष्ट्र संघ एवं सुरक्षा परिषद द्वारा बनाएं नियम तो हैं ही, लेकिन प्रकृति के नियमों का भी उल्लंघन और अवहेलना कर रहे हैं ये शक्तिशाली देशों के नित परमाणु परीक्षणों, विस्फोटों के कारण अतिवृष्टि, अनावृष्टि और दूषित वायुमंडल हमें चेतावनी दे रहे है। और यह लोग उल्टे दुनिया को तबाह करने वाले परमाणु बमों का विशाल भण्डार रखकर दुनिया को धमका रहे हैं, और मनमानी कर रहे हैं। इसी का ताजा तरीन उदाहरण है कि आज रू -यूक्रेन युद्ध की तबाही पिछले पंद्रह महीने से अधिक हो जाने के बाद भी रुक नहीं रही है । इसके दुष्प्रभाव से सारी दुनिया आक्रांत हो चुकी है।

पर्यावरण प्रदूषण को हम निम्न प्रकार से देखेंगें, वायुमंडलीय प्रदूषण- स्वच्छ हवा प्राणिमात्र के लिये पहली जरूरत है। इस लिहाज से आज हमारे वातारण में काफी जहर घुल चुका है। कारखानों की चिमनियों से निकलने वाला धुआं प्रदूषण का एक प्रमुख स्त्रोत है, वहीं वाहनों द्वारा छोड़ी जाने वाली गैस, धुवां आदि भी इनके जिम्मेदार है। वायुमंडल में इसके फलस्वरुप सल्फर डाइआक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड एवं कार्बन मोनोआक्साइड जैसी विषैले गैसों की मात्रा बढ़ती जा रही है। यदि इसकी मात्रा बहुत ज्यादा हो जाय तो तेजाब की बारिश हो सकती है। कई घातक बीमारियां भी इसी वजह से फैल रही हैं। जल प्रदूषण-हवा के बाद पानी जीवन की दूसरी मूलभूत आवश्यकता है। कारखानों में विभिन्न रसायनिक प्रकियाओं से गुजरने के बाद जल एकदम विषैला हो जाता है, जिसे हम पीने के उपयोग में ले लेते है। इसी तरह शहरी क्षेत्रों में भी मल - मूत्र सीवेज के जरिये नालों में फिर नालों के जरिये नदियों में प्रवाहित कर दिया जाता है। इस विषैले एवं प्रदूषित जल में घातक कार्बनिक एवं अकार्बनिक पदार्थ तो होते ही हैं। साथ ही कीटाणु और अन्य बीमारियां भी होती है , जो कि अनेक महामारियों का कारण बनते हैं। प्रदूषित जल के कारण कुछ वर्ष पूर्व बिलासपुर शहर एवं आसपास के काफी क्षेत्रों में आंत्रशोध, हैजा, डायरिया जैसी बीमारियों का प्रकोप हमें सहना पड़ा था। इस वर्ष भी बरसात का मौसम अब सिर पर आ रहा है। अभी से ही शासन प्रशासन एवं निगम सहित हम सभी को बचने हेतु प्रवं बचाव कार्य निपटा लेना अति अवश्यक होगा।

भूमि प्रदूषण- दतों फंजीसाइडश पेस्टीसाइड (रसायनिक खाद) के अधिकाधिक प्रयोग से हमारे यहां की मिट्टी प्रदूषित होती जा रही है। इससे जमीन की उर्वरा शक्ति पर भी विपरित प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा वर्षा में इन्हीं विनाशक पदार्थों को लेकर पानी नदियों एवं तालाबों में पहुंचता है। इस तरह भूमि का यह प्रदूषण अप्रत्यक्ष रूप से जल को भी प्रदूषित करने में सहायक है। पर्यावरण की सुरक्षा में हम देखते है कि पेड़ पौधों का बहुत



अधिक महत्व है। मनुष्य के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक पहलुओं के साथ वृक्ष अटूट रूप से जुड़े हैं। पर्यावरण जब जब बिगड़ेगा, तब तब उसका सबसे ज्यादा खामियाजा मानव को भुगतना होगा। यह तथ्य उतना ही सत्य है जितना कि यह कि हम धरती को विनाश की ओर धकेल रहे हैं। पर्यावरण प्रदूषण कोई और नहीं फैला रहा हैं स्वंय मानव ही तो इसका पहला और अंतिम कारक है। इसलिये मानव के हित के लिये, वह स्वयं जितनी जल्दी पर्यावरण के सुधार के लिए होश में आएं ये उतना ही अच्छा सिद्ध होगा। पर्यावरण प्रदूषण का गंभीरता पूर्वक अध्ययन करने से पूर्व यह समीचीन होगा कि यह अच्छी तरह से जान लिया जाये कि पर्यावरण किसे कहते हैं?

हमारे चारो ओर की जलवायु, वनस्पति, जल और जीवधारी -आपसी सामंजस्य के साथ मिलकर ही पर्यावरण का निर्माण करते हैं। इन सबके आपसी संतुलन से जैविक विविधताओं से स्वच्छ पर्यावरण का निर्माण होता है। अपवाद स्वरुप यह होता है कि प्राकृतिक उथल पुथल से कभी कभी इसका संतुलन बिगड़ जाता है, तब पर्यावरण को संतुलित करने का दायित्व जीवधारियों में सबसे ज्यादा बुद्धियुक्त प्राणी मानव का ही होता है। वैसे भी नैतिकता का तकाजा भी यहीं कहता है। जीवधारियों के लिये आवश्यक स्वच्छ पर्यावरण इस समय काफी हद तक प्रदूषित हो चुका है। और तो और जीवन की प्रथम संजीवनी प्राण वायु भी हर सांस के साथ हमें मृत्यु के करीब ले जाने को तत्पर है। मानव जीवन सरल बनने की अपेक्षा कठिन से कठिनतर बनता जा रहा है। भारत में तीव्रगति से बढ़ती हुई आबादी व नित नए औद्योगिकीकरण ने बढ़ते परिवेश में हमारी जटिलताओं और आवश्यकताओं को और भी बढ़ा दिया है। बढती हुई जब आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये बड़े-बड़े समुद्रि उद्योग जो वायु ,जल ,धूल की जहरीले धुये घातक केमिकल्स, अवशिष्ट कूड़ा करकट आदि से रोजाना प्रदूषित करते जा रहे है। पावन नदियो का स्वच्छ व निर्मल जल आज अमृत तुल्य न रहकर विषयुक्त हो चुका है। अब तो यह मानव ही नहीं अन्य जीवधारियों के लिये भी घातक सिद्ध हो रहा है।

बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के लिये केवल उद्योग ही अकेले दोषी नही है बल्कि समाज का प्रत्येक वर्ग इसके लिये उत्तरदायी है। सरकार की ओर से कितने भी स्वच्छता एंव पर्यावरण सुधारक कार्यक्रम चलाये जाये, जब तक हम भी तन मन धन से इन कार्यक्रमों में सहयोग नहीं देगें। कोई भी कुछ नहीं कर सकता। आज मनुष्य जिस तेजी से प्रगति की ओर और अत्याधुनिकता की ओर बढ़ रहा है, ठीक उसी रफ्तार से पर्यावरण को भी गंदा करते जा रहा है। प्रकृति के नियमों की मनुष्य भी हमेशा से, श्रद्धा व आदर देता आया है। वनों एवं वृक्षों को हमारे समाज द्वारा पूजा जाता है। पौधे वायुमंडल की हानिकारक गैसों को अवशोषित करते हैं, तो वही जीवन के लिए आवश्यक अमृततुल्य ऑक्सीजन देते हैं और वे वातावरण में ताजगी बनाये रखते है। वृक्षों की अवैध कटाई रोककर हरे वृक्षों की रक्षा एवं वृक्षारोपण अत्यावश्यक है। वैसे प्रदूषण की रोकथाम के लिये सबसे पहली जरुरत तो जन-जागरण की है। वहीं नये उद्योगों को शुरु होनें के पूर्व तब तक अनुमति नहीं दी जानी चाहिये जब तक कि उनमें प्रदूषण निवारण के लिए समुचित इंतजाम न हों। कानूनी तौर पर इसके लिए भी प्रदूषण फैलाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जानी चाहिये।

**निष्कर्षः** विभिन्न रूपों में बढ़ते हुये प्रदूषण की रोकथाम यदि शीघ्र नहीं की गई तो आने वाली पीढ़ी पर इस प्रभावों को देखकर÷ मुंह में उंगली दबाने की ÷अपेक्षा और कुछ शेष नहीं रह जायेगा। समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह सरकार द्वारा इस क्षेत्र में चलाए जा रहे जन-जागरण अभियान या सफाई अभियान पर गंभीरता पूर्वक निर्देशों का पालन कर सहयोग करें। वर्ना जीवन अभिशाप बनकर रह जायेंगा। आवश्यक है एक जुट होकर ऐसे समाज की रचना करें जहां प्रकृति और पर्यावरण के साथ सामंजस्यपूर्ण अपनी उपलब्धियों को आगे बढ़ायें और आने वाली पीढ़ियों के लिये आदर्श बन सकें।

# महाराजा रणजीत सिंह के बेटे से हथिया लिया कोहिनूर



बारह साल बाद, सिंह के सबसे छोटे बेटे और वारिस दलीप को ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की विजयी सेना के लिए पंजाब के विलय पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर होना पड़ा। विजय के हिस्से के रूप में कंपनी ने वास्तव में घोड़ों के पन्ने, साथ ही सिंह के सबसे कीमती पत्थर, पौराणिक कोह-ए-नूर हीरे को हथिया लिया। आज, कोहिनूर महारानी एलिजाबेथ द क्वीन के ताज में लंदन के टॉवर पर प्रदर्शित है और यह अपने शाही इतिहास के साथ ब्रिटेन के अत्याचारपूर्ण संबंधों का प्रतीक बन गया है।

मोतीयों का हार

गार्जियन द्वारा पाए गए दस्तावेज़ में पहचाने गए गहनों में ÷चार बहुत बड़े स्पिनल माणिकों का छोटा हार÷ है, जिनमें से सबसे बड़ा 325.5-कैरेट स्पिनल है जिसे बाद में तैमूर रूबी के रूप में पहचाना जाने लगा। 1996 में अकादमिक सुसान स्ट्रोंग द्वारा किए गए शोध ने निष्कर्ष निकाला कि यह संभवतः मंगोल विजेता तैमूर के स्वामित्व में नहीं था। यह एक स्पिनल है, एक लाल पत्थर जैसा है, लेकिन रासायनिक रूप से एक माणिक से अलग है। 1969 की बीबीसी डॉक्यूमेंट्री रॉयल फैमिली में एलिजाबेथ द्वितीय को इसे संभालते हुए दिखाया गया था। वह इसके आसपास के मिथकों से स्पष्ट रूप से परिचित थी। इतिहास, ज़ाहिर है, बहुत ही आकर्षक है। यह फारस और मुगल सम्राटों के इतने सारे राजाओं से संबंधित था, जब तक कि महारानी विक्टोरिया को भारत से नहीं भेजा गया था। हालांकि इसे पहने हुए महारानी को कभी देखा नहीं गया। हालाँकि, उन्होंने लाहौर के अन्य खजाने से जुड़े हार पहना हो सकता है, जिसे भारत कार्यालय की रिपोर्ट में 224 बड़े मोतियों से युक्त एक मोती का हार के रूप में वर्णित किया गया है।

एक साल से भी ज्यादा वक्त से चले आ रहे रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद दुनिया दो धरों में बंटी है। एक तरफ जहां अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों की तरफ से रूसी आक्रमण के जवाब में कई तरह के प्रतिबंध लगाए गए। इन प्रतिबंधों का मकसद रूस को आर्थिक रूप से कमजोर करना और अन्य देशों के साथ उसके व्यापारिक रूट को बाधित करना है। लेकिन तमाम तरह के प्रयासों के बीच एक बड़ी जानकारी सामने आई है, जिसे सुनकर अमेरिका, ब्रिटेन और उसके सहयोगी देश के होश भी फाख्ता हो जाएंगे। रूस पर लगाए गए कई प्रतिबंधों के बीच राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक रास्ता खोज लिया है। मास्को ने कई देशों के साथ पिछले दरवाजे से डील किए हैं। यह रूस को प्रतिबंधों से बचने में कैसे मदद कर रहा है? क्या है रूस का गुप्त नेटवर्क आइए जानते है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को वफादारों से घिरे रहने के लिए जाना जाता है और उनकी दुनिया गोपनीयता में डूबी हुई है। लंबे समय से शासन करने के बावजूद देश में उनकी एक मजबूत नेता के रूप में छवि नहीं बदली है। जबकि 70 वर्षीय नेता के स्वास्थ्य के बारे में अटकलें लगाई जाती रही हैं। हालांकि इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन का साथ छोड़कर पाला बदलने वाले एक वरिष्ठ रूसी सुरक्षा अधिकारी ग्लीब काराकुलोव ने राष्ट्रपति के बारे में चौंकाने वाला खुलासा किया है। काराकुलोव ने पुतिन की सीक्रेट लाइफ स्टाइल, पुतिन के गुप्त ट्रेन नेटवर्क, विभिन्न शहरों में एक जैसे ऑफिस के साथ सख्त व्यक्तिगत सुरक्षा प्रोटोकॉल की पूरी जानकारी दुनिया के सामने लाकर रख दी है। 35 वर्षीय ग्लीब काराकुलोव एक रूसी इंजीनियर हैं, लेकिन कोई साधारण नहीं। वह पुतिन की गुप्त अभिजात्य निजी सुरक्षा सेवा फ़ेडरल गार्ड सर्विस में एक अधिकारी थे और संचार को सुरक्षित करने की जिम्मेदारी संभालते थे। वह उस इकाई का हिस्सा थे जो पुतिन और उनके प्रधान मंत्री को 24/7 एन्क्रिप्टेड संचार प्रदान करती है। मास्को टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, इंजीनियर पिछले 13 वर्षों में 180 से अधिक यात्राओं पर रूसी राष्ट्रपति के साथ कथित तौर पर गए हैं। उन्होंने पहली बार पुतिन के साथ अक्टूबर 2009 में व्यापार यात्रा पर यात्रा की थी। काराकुलोव ने अक्टूबर 2022 की यात्रा के दौरान कजाकिस्तान में रूसी दूतावास में पुतिन के लिए गुप्त संचार स्थापित करने की डिटेल भी साझा की है, जब काराकुलोव भागकर तुर्की पहुंचे और वहां से पश्चिम दिशा में एक अज्ञात देश में चले गए। काराकुलोव पिछले अक्टूबर में पुतिन के साथ कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना की अपनी कई यात्राओं में से एक के दौरान वहां से भाग निकले। काराकुलोव ने लंदन स्थित डोजियर सेंटर की खोजी वेबसाइट के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का नैतिक विरोध और वहां मरने के डर ने उन्हें अपने और अपने परिवार के जोखिम के बावजूद बोलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वह अन्य रूसियों को भी बोलने के लिए प्रेरित करने की उम्मीद करते हैं। पांच साल पहले बकिंघम पैलेस ने तत्कालीन प्रिंस चार्ल्स के 70 वें जन्मदिन पर उनके पसंदीदा शाही रत्नों की प्रदर्शनी लगाई थी। इस प्रदर्शनी में भारत से लूटकर लाई गई ब्रिटिश राजशाही से जुड़ी वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया। मूर्तियों, चित्रों और अन्य प्रदर्शनों में 19 बड़े पन्ना रत्नों के साथ जड़ा हुआ एक लंबा सोने का करधनी था, जिसे एक भारतीय महाराजा अपने घोड़ों को सजाने के लिए इस्तेमाल करते थे। इस प्रदर्शनी को लेकर ब्रिटेन के शाही परिवार की तीखी आलोचना भी हुई थी। इसे ब्रिटेन के हिंसक अतीत से जोड़कर देखा गया।

## सौ साल पुरानी रिपोर्ट से खुलासा

गार्जियन ने भारतीय उपमहाद्वीप पर ब्रिटेन के शासन के लिए जिम्मेदार सरकारी विभाग, भारत कार्यालय के अभिलेखागार में एक उल्लेखनीय 46-पन्नों की फ़ाइल का खुलासा किया है। यह एक जांच का विवरण देता है, जिसमें एलिजाबेथ द्वितीय की दादी क्वीन मैरी के उस आदेश का जिक्र है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने ब्रिटिश शाही परिवार को मिले गहनों की उत्पत्ति की जांच करवाई थी। 1912 की रिपोर्ट बताती है कि कैसे चार्ल्स के पन्ना बेल्ट सहित अनमोल टुकड़े भारत से विजय की ट्राफियों के रूप में निकाले गए और बाद में महारानी विक्टोरिया को दिए गए। वर्णित वस्तुएं अब ब्रिटिश क्राउन की संपत्ति के रूप में सम्राट के स्वामित्व में हैं।

## लूटे गए पत्थर

गहनों के पीछे के संदर्भ और भारत के इतिहास में उनके स्थान को पूरी तरह से समझने के लिए, अभिलेखागार का दौरा करना आवश्यक था। एक पत्रिका ने उत्तर भारत में पंजाब क्षेत्र के 1837 में उस समय के ब्रिटिश राज के गवर्नर जनरल, सोसायटी डायरिस्ट फैनी ईडन और उनके भाई जॉर्ज द्वारा एक दौरे को रिकॉर्ड किया। उन्होंने लाहौर में महाराजा रणजीत सिंह से मुलाकात की, जिन्होंने छह साल पहले अंग्रेजों के साथ ÷ट्रीटी ऑफ फ्रेंडशिप÷ पर हस्ताक्षर किए थे। ईडन ने अपनी पत्रिका में लिखा कि सिंह ने बहुत कम कीमती रत्न पहने थे, लेकिन उनका दल सकारात्मक रूप से बेशकीमती रत्नों से सजा हुआ था। महाराजा के रत्न इतने प्रचुर मात्रा में थे कि वह अपने घोड़ों पर अपने बेहतरीन गहने डाल रखे थे और उनकी साज-सज्जा और आवास की भव्यता की आप कल्पना कर सकते हैं किसी भी चीज़ से बढ़कर थी। ईडन ने बाद में अपनी पत्रिका में स्वीकार किया कि अगर कभी हमें इस राज्य को लूटने की अनुमति दी जाती है, तो मैं सीधे उनके अस्तबल में जाऊंगी।

# बेडरूम की दिशा में बदलाव करें




सेक्स, शादीशुदा रिश्ते का एक बहुत ही जरुरी हिस्सा होता है, जो कपल को एक-साथ बांधे रखने का काम करता है। ऐसा कहा जाता है कि शादीशुदा लोगों की सेक्स लाइफ जितनी अच्छी होती है उतना ही उनके रिश्ते में प्यार बना रहता है। हालाँकि, हमेशा चीजें एक जैसी नहीं रहती है। हर कपल के रिश्ते में एक समय ऐसा आता है जब उनकी सेक्स लाइफ फीकी पड़ने लगती है। समय बीतने के साथ लगभग हर कपल की लाइफ में ऐसा दौर आता है। सेक्स लाइफ फीकी पड़ने के पीछे कई वजहें हो सकती हैं। सेक्स लाइफ में फिर से रोमांच भरने के लिए कपल कई तरीके आजमाते हैं। इन तरीको में ज्योतिषी तरीके भी शामिल है, जो घर के वास्तु से जुड़े हुए हैं। घर के वास्तु में बदलाव कर के कपल अपनी सेक्स लाइफ को सकारात्मकता से भर सकते हैं।

सेक्स लाइफ में रोमांच बनाए रखने के लिए बेडरूम में सकारात्मकता होनी बेहद ही जरुरी है। नकारात्मकता अच्छे से अच्छे रिश्ते को खत्म कर देती है। इसलिए आपका बेडरूम घर के दक्षिण-पश्चिम कोने में होना चाहिए। वास्तु के अनुसार, यह दिशा रिश्तों में शांति, स्थिरता और मजबूती को बढ़ावा देती है।

## बेडरूम में बेड कहा होना चाहिए

मास्टर बेडरूम में मौजूद चीजों का भी सही दिशा का होना बेहद जरुरी है। इसलिए अपने कमरे के अंदर आप दक्षिण-पश्चिम कोने में ही बेड को रखें। इसके अलावा इस बात का ध्यान रखें कि आप जब सोए तो आपका सिर पूर्व या दक्षिण की ओर होना चाहिए। माना जाता है कि इस दिशा में सिर कर के सोने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इसके अलावा बेड की बात करें तो धातु या लोहे के बजाय लकड़ी के बेड का उपयोग करने से सकारात्मकता आती है।

## बेडरूम और मौजूद चीजों का रंग

हर रंग का अपना महत्व और प्रभाव होता है, इसलिए बेडरूम के लिए इनका चुनाव बड़ा सोच समझकर करना चाहिए। सेक्स लाइफ को रोमांच से भरना चाहते हैं तो बेडरूम को हल्के रंगों से सजाना अच्छा माना जाता है। हलके में आप गुलाबी, नीले, हरे और लैवेंडर जैसे रंगों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## बेडरूम में शीशा

लोग अपने बेडरूम में अनजाने में ऐसी चीजें लगा देते हैं, जो उनकी सेक्स लाइफ को ख़राब कर देती है। शीशा भी इन्हीं चीजों में से एक है। बेडरूम में कपल को शीशा नहीं लगाना चाहिए। माना जाता है कि ये सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बाधित करता है।

# जूतों को बार-बार और जल्द धोने से उसकी लाइफ कम हो जाती है

गर्मी के मौसम में जूतों से एक अजीब सी गंध आना बेहद ही आम समस्या है। आमतौर पर, जब जूतों से बैड स्मेल आती है तो पैरों से भी वह बदबू आनी शुरू हो जाती है। जिससे व्यक्ति को बेहद ही अजीब लगता है। अक्सर हम जूतों से स्मेल आने पर उसे धोना पसंद करते हैं। हालांकि, जूतों को बार-बार और जल्द धोने से



उसकी लाइफ कम हो जाती है। धोकर तो आप जूतों से आने वाली स्मेल को दूर कर ही सकते हैं। लेकिन इसके अलावा भी आप कुछ अन्य उपाय अपना सकते हैं।

## जूतों को सुखाएं

एक बार जूते पहनने के बाद आप भले ही उन्हें धोना ना चाहते हों, लेकिन फिर भी आपको उन्हें सुखाना अवश्य चाहिए। अगर आपके जूते काफी देर तक नम रहते हैं तो ऐसे में वे बैक्टीरिया के लिए प्रजनन स्थल बन जाएंगे। जिससे उसमें से बैड स्मेल आएगी। आप जूतों को सुखाने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए इनसोल को हटा दें और जूतों को सूखे कागज़ से भर दें। आप देखेंगे कि कागज जल्द ही सारी नमी सोख लेंगे। जिससे आपके जूतों से स्मेल दूर हो जाएगी।

## पैरों पर लगाएं एंटीपर्सपिरेंट

गर्मी के मौसम में मुख्य रूप से पैरों से पसीने के कारण जूतों में नमी आ जाती है। जब आप पैरों के पसीने को रोकते हैं, तो आप अपने जूतों को सूखा रखते हैं और बैक्टीरिया और फंगस को पनपने नहीं देते। इसलिए, जूतों से आने वाली बैड स्मेल को रोकने के लिए सुनिश्चित करें कि आपके पास एंटीपर्सपिरेंट अवश्य हो। हालांकि, अगर आप इसका इस्तेमाल पहली बार कर रहे हैं तो ऐसे में एक पैर की अंगुली या एक पैर पर एक छोटा पैच टेस्ट अवश्य करें।

## समझदारी से करें मोजों का चयन

आपके द्वारा पहने जाने वाले मोजे भी आपके जूतों से आने वाली बैड स्मेल को रोक सकते हैं। कोशिश करें कि आप ऐसे मोजे पहनें, जो आपके पैरों और जूतों को सूखा रखने में मदद करें। आजकल मार्केट में ऐसे मोजे अवेलेबल हैं, जो आसानी से पसीने को अब्जॉर्ब कर लेते हैं। वहीं कॉटन पसीने को पैर में ऐसा ही रखता है, जिससे आपके जूते में बैक्टीरिया के लिए एक आदर्श प्रजनन स्थल बन जाता है। फिर आपके जूतों से बैड स्मेल आने लगती है।

## पाउडर की लें मदद

आजकल मार्केट में ऐसे फुट पाउडर मिलते हैं, जो नमी के साथ-साथ गंध आदि को भी अब्जॉर्ब करने में मदद करते हैं। ऐसे में अगर आपको अक्सर जूतों से बैड स्मेल आती है तो आप मेडिकेटेड फुट पाउडर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह जूते पहनने पर फंगस के विकास को भी रोक सकता है। अगर आपके पास फुट पाउडर नहीं है तो ऐसे में आप बेकिंग सोडा के इस्तेमाल पर विचार करें।

# एक बार जरूर घूमे काजीरंगा नेशनल पार्क में



असम अपनी खूबसूरती के लिए पर्यटकों के बीच काफी फेमस है। लेकिन नेचर प्रेमियों के के लिए यहां पर एडवेंचर और विभिन्न जीव-जंतुओं बेहद करीब से देखने का अनुभव मिलता है। ऐसे में आपको काजीरंगा नेशनल पार्क घूमने के लिए जरूर जाना चाहिए। काजीरंगा नेशनल पार्क एक सींग वाले गैंडों के लिए काफी फेमस है। इसके अलावा आपको यहां पर जीवंत टाइगर रिजर्व भी मिलेगा। जहां पर आप बाघों सहित अन्य कई दुर्लभ प्रजातियों को देख सकते हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क 430 वर्ग किमी के क्षेत्र में स्थित है। असम में देखने लायक यह नेशनल पार्क एक बेहतरीन जगह है। यहां पर आप कई एक्टिविटीज भी कर सकते हैं।

## जीप सफारी

अगर आप भी नेशनल पार्क का बेहतरीन दौरा करना चाहते हैं। साथ ही यहां पर कई दुर्लभ जीव-जन्तुओं को देखना चाहते हैं। तो आप जीप सफारी का लुत्फ उठा सकते हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क के 4 क्षेत्रों में आप जीप सफारी करते हुए एक सींग वाले गैंडे के अलावा अन्य विदेशी जानवरों और बेहतरीन दृश्यों का आनंद ले सकते हैं। नेशनल पार्क के इन 4 जोन में कोहोरा में सेंट्रल रेंज में मिहिमुख, अगराटोली में पूर्वी रेंज में अगराटोली, घोराकाटी में बुरापहाड़ रेंज में घोराकाटी और बागोरी में पश्चिमी रेंज में बागोरी है।

## अनोखे पक्षी

एक ओर जहां काजीरंगा ब्रह्मपुत्र नदी के साथ अपनी सीमा को बांटता है। इसके अलावा आपको इस पार्क में पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां भी देखने को मिलेगी। अगर आप भी बर्ड लवर हैं तो यह नेशनल पार्क आपको निराश नहीं करेगा। पानी के लैगून की संख्या के चलते यहां की पूर्वी सीमा पक्षियों को देखने के लिए सबसे अनुकूल जगह है। इस दौरान यहां पर व्हिसलिंग टील, ग्रेटर एडजुटेंट स्टॉर्क और पेलिकन के अलावा कुछ अनोखे पक्षियों को भी देख सकते हैं। साथ ही इन्हें अपने कैमरे में भी कैद कर सकते हैं।

## एलिफेंट सफारी

काजीरंगा नेशनल पार्क में जीप सफारी बेहद आम है। लेकिन अगर आप यहां पर कुछ अलग एक्सपीरियंस करना चाहते हैं तो आप एलिफेंट सफारी का लुत्फ उठा सकते हैं। यह एडवेंचर्स से भरपूर है। इस दौरान आप एलिफेंट सफारी का लुत्फ उठाते हुए जंगल और अन्य वन्य जीवों को काफी करीब से देख सकते हैं।

## काजीरंगा ऑर्किड नेशनल पार्क

सेंट्रल रेंज के पास यह एक सुंदर ऑर्किड पार्क है। यहां पर आपको प्राकृतिक सुंदरता देखने को मिलेगी। इस पार्क में ऑर्किड की करीब 500 प्रजातियां देखने को मिलेंगी। इन प्रजातियों को देखने का एक्सपीरियंस आप पूरी जिंदगी नहीं भूल पाएंगे। इसमें बांस की 46 प्रजातियां, पत्तेदार सब्जियों और खट्टे फलों की 132 प्रजातियां और स्थानीय मछलियों की विभिन्न प्रजातियां भी हैं। यह एक बेहतरीन पार्क है। यहां पर आने वालों पर्यटकों के लिए शाम के समय कल्चरल प्रोग्राम भी आयोजित किया जाता है। यह कल्चरल प्रोग्राम असम की विरासत और संस्कृति को दर्शाता है।

# लाल किला को मुगल सम्राट शाहजहाँ द्वारा बनाया गया था

दिल्ली में इतने शानदार स्थल है घूमने के लिए जहां जाकर आप ये भूल जाएंगे की आप भीड़-भाड़ वाली दिल्ली में हैं। आइये इस आर्टिकल में हम उन्हें जगहों के बारे में जानकारी देते हैं। दिल्ली में सबसे प्रतिष्ठित स्थलों में



से एक लाल किला है। लाल किला को 17वीं शताब्दी में मुगल सम्राट शाहजहाँ द्वारा बनाया गया था। यह एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है जो हर साल लाखों पर्यटकों को आकर्षित करता है। किले की शानदार वास्तुकला, जटिल नक्काशी, और आश्चर्यजनक बगीचे इसे दिल्ली आने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए एक ज़रूरी गंतव्य बनाते हैं।

पुराना किला- मध्य दिल्ली में स्थित पुराना किला भारत के सबसे पुराने और प्राचीन किलों में से एक है। हालांकि, मूल संरचना की नींव की सही समय अवधि रिसर्च करने वालों के पास नहीं है लेकिन किताबों में मिली जानकारी के अनुसार इसे दूसरे मुगल सम्राट हुमायूं और सुर सम्राट शेर शाह सूरी के शासनकाल में फिर से बनाया गया था। किले की पुरानी खुदाई तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व मौर्य काल के निशानों की ओर इशारा करती है।

हुमायुं का मकबरा- यह आश्चर्यजनक मकबरा 16वीं शताब्दी में बनाया गया था और यह मुगल सम्राट हुमायूं का विश्राम (कबर) स्थल है। हुमायुं का मकबरा मुगल वास्तुकला की उत्कृष्ट कृति है और इसे ताजमहल का अग्रदूत माना जाता है। दिल्ली के इतिहास और संस्कृति में रुचि रखने वाले इस जगह को देखने के लिए जा सकते हैं। मकबरा और उसके आस-पास के बगीचे बेदह खूबसूरत हैं।

लोटस टेंपल- यह अनोखा मंदिर कमल के फूल के आकार का है और दिल्ली के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है। यह एक बहाई उपासना स्थल है और सभी धर्मों के लोगों के लिए खुला है। मंदिर की आश्चर्यजनक वास्तुकला और शांतिपूर्ण परिवेश इसे विश्राम और ध्यान करने के लिए एक आदर्श स्थान बनाते हैं।

कुतुब मीनार- दिल्ली में एक और प्रतिष्ठित स्मारक कुतुब मीनार है। यह दुनिया की सबसे ऊंची ईंट मीनार है। जिसकी ऊंचाई 73 मीटर है। मीनार को 12वीं शताब्दी में कुतुब-उद-दीन ऐबक द्वारा बनाया गया था और यह लौह स्तंभ और कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद सहित कई अन्य ऐतिहासिक संरचनाओं से घिरा हुआ है। दिल्ली का पुराना नाम इंद्रप्रस्थ है और इंद्रप्रस्थ का महत्व प्राचीन काल से ही काफी महत्वपूर्ण रहा हैं। मुगल काम में दिल्ली में मुगलों ने राज किया।

# चेहरे के दाग-धब्बों से हो चुके हैं परेशान



औधषीय गुणों से भरपूर तुलसी लगभग हर घर में मौजूद रहती है। धार्मिक महत्व होने के साथ ही यह कई तरह की समस्याओं में भी काफी कारगर है। कई बीमारियों से निजात दिलाने के साथ ही तुलसी त्वचा के लिए भी काफी गुणकारी होती है। इन दिनों कई लोग त्वचा संबंधी समस्याओं के परेशान हैं। ऐसे में तुलसी इन समस्याओं में आपके काफी काम आ सकती है। एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर तुलसी मुंहासों से निजात दिलाने के साथ ही रंगत निखारने में मदद करती है। ऐसे में अगर आप भी चेहरे के दाग-धब्बों की समस्या से परेशान हैं, तो इसके लिए तुलसी के फेस मास्क का इस्तेमाल कर सकते हैं

तुलसी, गुलाब जल और हल्दी का फेस पैक

**सामग्री** 10-15 तुलसी के पत्ते 1 चुटकी हल्दी पाउडर एक चम्मच गुलाब जल

## फेस पैक बनाने का तरीका

सबसे पहले तुलसी के पत्तों को पीसकर इसका एक पेस्ट तैयार कर लें। अब इसमें हल्दी पाउडर और गुलाब जल डालकर अच्छे से मिला लें। तैयार है चेहरे के लिए तुलसी, गुलाब जल और हल्दी का फेस पैक। अब इस फेस पैक को चेहरे और गर्दन पर लगाकर 15 मिनट सूखने दें। जब मास्क सूख जाए तो साफ पानी से अपना मुंह धो लें। दो मुंहे बालों से छुटकारा पाने के लिए लगाएं पपीते का हेयर मास्क तुलसी और बेसन का फेस पैक **सामग्री** 7 से 8 तुलसी के पत्ते एक कप बेसन थोड़ा सा पानी

## फेस पैक बनाने का तरीका

सबसे पहले 7 से 8 पत्तियों का पेस्ट बनाकर इसमें बेसन मिलाएं। अब थोड़ा सा पानी डालकर इसका फेस पैक तैयार कर लें। तैयार है तुलसी और बेसन का फेस पैक। इसे लगाने से पहले चेहरे को अच्छी तरह से साफ कर लें। अब इसे चेहरे और गर्दन पर लगाकर 20 मिनट तक सूखने दें। जब पैक सूख जाए तो चेहरे को साफ पानी से धो लें। हफ्ते में एक बार इस फेस पैक का इस्तेमाल करने से चेहरे का निखार लौट आएगा।

तुलसी और दही का फेस पैक


**सामग्री** आधा चम्मच तुलसी का पाउडर एक कटोरी दही

## फेस पैक बनाने का तरीका

तुलसी और दही का फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले दही में तुलसी पाउडर डालें। अब इन दोनों को अच्छे से फेंटकर फेस पैक तैयार कर लें। इसके बाद इसे पेस्ट को चेहरे पर लगातर 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।

जब फेस पैक सूख जाए, तो चेहरे को पानी से धो लें। आप हफ्ते दो बार इस फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे लगाने से त्वचा को ठंडक मिलेगी और स्किन रैशेस भी कम होंगे।

# अगर आप टैटू बनवाने का विचार कर चुके हैं कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए



अगर आपने हाल ही में टैटू बनवाया है तो ऐसे में ब्लड डोनेट करना सही नहीं माना जाता है। ऐसा करने से व्यक्ति में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। खासतौर से, ब्लड के जुड़ी बीमारियां जैसे हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी और एचआईवी की संभावना काफी बढ़ जाती हैं। ऐसा नहीं है कि टैटू बनवाने के बाद आप कभी भी ब्लड डोनेट नहीं कर सकते। लेकिन आपको कम से कम 6 महीने तक तो बिल्कुल भी ब्लड डोनेट नहीं करना चाहिए। हालांकि, अगर आप अतिरिक्त सुरक्षा चाहते हैं तो एक साल तक ब्लड डोनेट करने से परहेज करें। अक्सर टैटू बनवाने के बाद संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि टैटू बनवाते समय लोग हाइजीन का इस्तेमाल नहीं करते। यहां तक कि जिस सुई से बॉडी पर इंक किया जाता है, वो भी पहले से इस्तेमाल की हुई होती है। ऐसे में एक व्यक्ति के कारण दूसरा व्यक्ति बीमार हो सकता है। रक्तदान को महादान माना गया है। ऐसा कहा जाता है कि किसी व्यक्ति के रक्त की कुछ बूंदे दूसरे व्यक्ति की जान बचा सकती हैं। लेकिन कभी-कभी रक्तदान किसी दूसरे व्यक्ति की जान भी ले सकता है। दरअसल, रक्त दान करने वाले व्यक्ति को कई तरह की बातों का ध्यान रखना चाहिए। सिफऱ् बीमार होने पर ही नहीं, बल्कि टैटू बनवाने के बाद भी ब्लड डोनेट करने से बचना चाहिए। डॉक्टर टैटू बनवाने के बाद कम से कम छह माह तक ब्लड डोनेट ना करने की सलाह दी जाती है। लेकिन अक्सर लोगों को इस बात की जानकारी ही नहीं होती है। हमेशा किसी हाइजीनिक और अच्छे टैटू पालज़्र से ही टैटू बनवाएं। अगर आपके टैटू बनवाया है तो ब्लड टेस्ट करवाने के पहले एक बार डॉक्टर से सलाह अवश्य लें।

# जितेंद्र ने भाजपा के डा. रामशंकर को दी मात





वहाज अली निहाल

■ 2014 के बाद भाजपा से सीट छीनने में सपा को मिली बड़ी कामयाबी

**इटावा।** इटावा लोकसभा चुनाव के प्रतिष्ठापूर्ण मुकाबले में सपा के जितेंद्र दोहरे ने भाजपा के निवर्तमान सांसद डा. रामशंकर कठेरिया को लगभग 58419 मतों के अंतर से हराया।भाजपा से यह सीट छीनकर सपा ने एक बार फिर अपने राजनैतिक गढ़ को सुरक्षित करने में कामयाबी हासिल की है।सपा अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम अखिलेश यादव का गृह जनपद होने के नाते यह सीट सपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बनी हुई थी। पिछले दो लोकसभा चुनावों से इटावा सुरक्षित सीट पर भाजपा जीत दर्ज कराती चली आ रही थी। 2024 के मुकाबले में भाजपा की जीत का सिलसिला थम गया और सपा ने अपनी सीट पर फिर से कब्जा कर लिया। देर शाम निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए गए चुनाव परिणामों के मुताबिक सपा के प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे ने 490747 मत हासिल किए।उनके निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के डा. रामशंकर कठेरिया को 432328 मत मिले।बसपा की सारिका सिंह बघेल को 96541 मत मिले।हारजीत का अंतर लगभग 58419 रहा।निर्दलीय सुनील शंखबार एडवोकेट को 2950,मुलायम सिंह 1708,भुवनेश कुमारी सम्यक पार्टी को 1657,विवेक राज जनता समाजवादी पार्टी को 1574 मत मिले। इसके अलावा 6266 मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया।

इटावा के नई मंडी में बने मतगणना स्थल में मंगलवार को इटावा लोकसभा के अंतर्गत आने वाली इटावा और भरथना तथा मैनपुरी लोकसभा की जसवंतनगर विधानसभा सीट की मतगणना कराई गई।देर शाम तक हुई गणना के बाद परिणाम जारी किए गए।इटावा और भरथना विधानसभा दोनों में सपा ने भाजपा से बढ़त बनाये रखी।दोनों ही विधानसभाओ में भाजपा को पराजय का मुंह देखना पड़ा।इटावा की मतगणना तीस चक्र में भरथना की मतगणना 33 चक्रों तक चली।

### 2014 के बाद भाजपा से सीट छीनने में सपा को मिली बड़ी कामयाबी

**इटावा।** इटावा विधानसभा में मिले मतों का विवरण जितेंद्र दोहरे सपा- 110332, डा रामशंकर कठेरिया भाजपा-107239, सारिका सिंह बघेल बसपा-11447, भुवनेश कुमारी सम्यक पार्टी- 272, विवेक राज जनता समाजवादी पार्टी- 450, मुलायम सिंह निर्दलीय-315, सुनील शंखबार निर्दलीय-622, नोटा-1269, कुल पड़े मतों की संख्या- 231947, कुल मतदाता- 418416

# मार्ग दुर्घटना में पत्नी की मौत पति गंभीर रूप से घायल

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** थाना क्षेत्र के रहुला मार्ग पर देर रात जरौली शेरपुर गांव से दवा लेकर घर जा रहे बाइक सवार दंपति की दुर्घटना में मौत हो गई जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोनी पत्नी आलम खां 28 वर्ष निवासी ग्राम रहुला थाना बिलग्राम सोमवार को देर शाम दवा लेने बिलग्राम क्षेत्र के जरौली शेरपुर गांव गये थे दवा लेकर जब दोनों पति-पत्नी देर रात वापस अपने गांव रहुला आ रहे थे इसी बीच रहुला मार्ग बडनपुर मोड़ के कुछ आगे उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी जिसमें बाइक पर सवार दंपत्ति मोनी व पति आलम गंभीर रूप से घायल हो गया खबर पाकर परिजनों तथा ग्रामीणों ने आनन फानन मे घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने मोनी को म्रत घोसित कर दिया वहीं दूसरे घायल आलम को उपचार के बाद हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दोनों पति-पत्नी घायल हुए जिसके बात पत्नी की मौत हो गई। म्रतक मोनी की डेढ़ वर्ष पूर्व आलम के साथशादी हुई थी दोनों की तीन माह की एक बच्ची भी है जिसे घर छोड़ कर दोनों दवा लेने जरौली गये थे अचानक हुए हादसे से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# ज्येष्ठ माह के दूसरे मंगलवार पर शर्बत वितरण




**सीतापुर।** ज्येष्ठ माह के दूसरे मंगलवार के अवसर पर समाज सेवी विजय शुक्ला ने मुंशीगंज में शर्बत वितरण किया। सर्वप्रथम भगवान बजरंग बली का पूजन अर्चन व आरती की गयी, इसके उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद में शरबत वितरण किया गया। राहगीरों और श्रद्धालुओं को शरबत पीकर गर्मी से राहत मिली। शर्बत वितरण में सहयोगी के रूप में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी रास्ट्रीय सेवा परिषद के रास्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय, समाजसेवी सचिन त्रिपाठी, कमलेश मेहरोत्रा, अम्ब्रीश दीक्षित, कवि प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ शांति स्वरुप रस्तोगी, डॉ विकास जैन, ललित मोहन शुक्ला, राम प्रसाद अ वस्थी, अमित मोहन शुक्ला आदि रहे।

# यमुना घाटों से सिल्ट हटाने को लगाई मशीन

अवधनामा संवाददाता

■ दशहरा पर्व पर बडी संख्या में श्रद्धालु लगाते हैं डुबकी

**मथुरा।** दशहरा पर्व 16 जून को मनाया जाएगा। पर्व से पूर्व यमुना घाटों की सफाई की जा रही है। पोकलेन मशीन लगातार तीन दिन रात्रि के समय विश्राम घाट से लेकर आगरा होटल के सभी घाटों की सफाई करेगी। नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने बताया कि दशहरा पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यमुना स्नान करते हैं। उसी को दृष्टिगत रखते हुए मथुरा शहरी क्षेत्र के सभी घाटों की सफाई पोकलेन मशीन से कराई जा रही है जिसके चलते यमुना जल के प्रवाह को रुकवाया गया ताकि गंदगी स्पष्ट नजर आ सके। आज दिन में सभी घाटों की सफाई मैन्युअल कराई गई। सांय काल से पोकलेन मशीन को यमुना जी में उतारा गया और यमुना जी में भरी हुई कीचड़ को हटवाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर बहुत से जागरूक नागरिकों द्वारा यमुना घाटों पर गंदगी यमुना में जल की कमी के चित्र पोस्ट किए गए। ये दृश्य निगम द्वारा सफाई के लिए बनाई गई कार्य योजना थी जिसे समझा गया कि यमुना में जल की कमी से गंदगी के ढेर दिखाई दे रहे है। सफाई कार्य की जिम्मेदारी अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार को सौंपी गई है जो स्वयं अपनी मौजूदगी में मौके पर कार्य करा रहे हैं। इस संबंध में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार ने बताया कि चार दर्जन कर्मचारियों को यमुना जी की सफाई के लिए लगाया गया है। अगले 3 दिन में आगरा होटल से विश्राम घाट तक के सभी घाटों से गंदगी को हटा दिया जाएगा। नगर निगम द्वारा कराए जा रहे सफाई कार्य की घाट क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों ने सराहना की है।

## हाईटेंशन लाइन से मजदूर की मौत

**मथुरा।** कोसीकला में हाइवे किनारे एक कॉलोनी में काम कर रहा मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गया। कोसीकला में बठैन गेट क्षेत्र में शक्ति नगर कॉलोनी है। यहां एक मकान में काम चल रहा था। एक मजदूर सुबह करीब ग्यारह बजे सरिया उठा रहा था। ऊपर से बिजली की हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी। सरिया इसी दौरान बिजली के तारों को छू गई और सरिया में करंट आ गया। जोर के झटके से मजदूर दूर जा गिरा। इस दौरान मजूदर बुरी तरह झुलस गया। वहीं काम कर रहे दूसरे साथी मजदूर आनन फानन में उसे चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# बढ़ता तापमान जीव जंतुओं सहित मानव जाति के लिए खतरे की घंटी

■ विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून विशेष

■ धरती बन रही है आग का गोला अब केवल वृक्षारोपण ही है अंतिम विकल्प

वहाज अली निहाल



**इटावा।** बड़े भाग्य मानुष तन पावा जलवायु परिवर्तन के गंभीर संकट के दौर में यह प्रसिद्ध पंक्तियां अब मनुष्य लगातार भूलता ही चला जा रहा है।

पर्यावरणविद,वन्यजीव विशेषज्ञ जनपद इटावा का कहना है कि दूसरो को रास्ता दिखाने वाला मनुष्य अब उस शेख चिल्ली की तरह व्यवहार कर रहा है जो अपनी ही डाल को काट रहा था जिस पर वह कभी बैठा हुआ था।ईश्वर ने भी धरती पर मनुष्य जाति को बुद्धि प्रदान कर यह सोचकर एक सर्वश्रेष्ठ जीव की रचना की थी कि वह धरती को हरा भरा और सुंदर बनाएगा,लेकिन आज उसी निर्लज्ज मनुष्य ने अपने ही कुछ न कुछ निजी स्वार्थ के लिए धरती पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन करके धरती पर मौजूद सभी छोटे बड़े जीव जंतुओं सहित स्वयं अपनी ही मानव जाति के अस्तित्व को ही खतरे में डाल दिया है।आज धरती के समस्त वायुमंडल में इतना ज्यादा उत्सर्जित कार्बन मौजूद है कि ग्रीन हाउस इफेक्ट के चलते धरती लगातार गर्म होती जा रही है और पृथ्वी के मौसम में भी लगातार आमूलचूल परिवर्तन होते जा रहे हैं। जो गर्म जलवायु,बाढ़,भूकम्प,सूखा,

महामारी आदि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के रूप में भविष्य में हमारे सामने कभी न कभी आते ही रहेंगे। जलवायु परिवर्तन के शोध से जुड़े शीर्ष वैज्ञानिक इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि,लगातार बढ़ती वैश्विक जनसंख्या के साथ ऑटोमोबाइल कार्बन उत्सर्जन के साथ ग्रीन हाउस गैसों का बढ़ता दायरा, लगातार जंगल में लगने वाली आग या हाइवे के निर्माण के समय हजारों पेड़ों का कटान भी अब जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारण बनकर हम सबके सामने आ रहा है।

अब जरा इस महत्वपूर्ण बात को भी समझ लीजिए कि,पूरी पृथ्वी पर वैश्विक तापमान में वृद्धि का सीधा मतलब है पृथ्वी के सामान्य तापमान में असामान्य बढ़ोतरी जिसका सीधा संबंध होता है जलवायु परिवर्तन से और उसका संबंध होता है किसी भी देश की सामान्य वर्षा और वहां के वार्षिक मानसून से और चूंकि मानसून का सीधा संबंध होता ही हमारी फसलों की वृद्धि से और फसलों की वृद्धि का संबंध है उत्पादन के प्रतिशत से और फिर खाद्यान्न उत्पादन प्रतिशत का सीधा संबंध है विश्व की जनसंख्या के भोजन, महंगाई,स्वास्थ्य और जनता की औसत आयु से। अब जब जलवायु परिवर्तन का बढ़ते तापमान से इतना गहरा संबंध है तो हम सब यह भी जान ही लें कि,हमारी आज की ये बड़ी मानवीय भूल बार बार हम सभी से क्यों हो रही है?और उसका एक ठोस समाधान क्या हो सकता है ?और इन सब समस्याओं से भी महत्वपूर्ण एक बात यह भी है कि,मानव सभ्यता के लाखों करोड़ों वर्ष गुजर जाने और लंबे जीवन संघर्ष के बाद अस्तित्व में आई यही अति विकसित मानव जाति की सभ्यता अब स्वयं ही अपनी निजी स्वार्थ की इन्हीं करतूतों से किसी न किसी दिन लाखों करोड़ों वर्ष पीछे भी चली ही जायेगी।तब हमारे अध्यधिक विकसित प्रजाति होने समूची मानव जाति को एक बहुत बड़ा खामियाजा भी भुगतना पड़ेगा और फिर एक बार लाखों करोड़ों वर्ष के लिए विलुप्त होने के बाद न जाने किस ग्रह पर मानव जाति पुनःजन्म लेगी भी या नहीं या यह रहस्य भविष्य के गर्त में ही करोड़ों वर्षो तक एक निम्न डी एन ए के रूप में छुपा रहेगा और शायद फिर से कभी शुरू होगा उसी प्रथम कोशा पुनर्जन्म या फिर किसी कीचड़ से किसी एक कोशकीय जीव की विकास की एक लम्बी यात्रा या मनुष्य की प्रथम जाति का कोई सुनहरा उद्भवकाल।इसी क्रम में विश्व के विभिन्न आर्कियोलॉजिस्ट के मत के अनुसार धरती पर मानव जाति आज से लगभग 53 लाख वर्ष पूर्व पैदा हुई थी।आज का विकसित मानव (॥श्द्बश्व स्ड्डश्चद्बद्गठ्ठह्य) भी लगभग 2,00,000 वर्ष पूर्व धरती पर अस्तित्व में आया था।अब इतने लंबे समय और बेतहाशा कड़े संघर्ष के बाद आज का मानव अपने जीवन संघर्ष के एक ऐसे मुहाने पर आकर खड़ा हो गया है जहां से अब उसके पास सोचने का नही बस सही समय पर सही निर्णय लेने का ही समय शेष मात्र है।

यदि हम दस वर्ष पूर्व में दुनिया के सबसे गर्म स?थान को देखें तो वो जगह ईरान का बंदर-ए-महशाहर है जिसमे जुलाई 2015 में इस जगह का अधिकतम तापमान 74 डिग्री सेल्सियस था।इससे पूर्व यहां सबसे ज?यादा तापमान 51 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया था साल 2003 से 2009 के बीच जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार इसके बाद ईरान के ही दश?त-ए-लूट में अधिकतम तापमान 70.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था लेकिन ईरान का यह इलाका पूरी तरह से वीरान भी है जहां पर कोई भी इंसान ही नहीं रहता है। अब इसी जलवायु परिवर्तन के दौर में हमे यह भी जान ही लेना चाहिए की मानव शुक्राणु भी एक निश्चित अधिकतम तापमान पर ही जीवित रह सकते है। इसीलिए प्रकृति द्वारा भी इन्हें मानव शरीर मैं मौजूद अंडकोष में सुरक्षित रूप से अलग रखा गया है।

# वृंदावन की कुंज गलियों में भी जाम

अवधनामा संवाददाता

■ बड़ी गाड़ियों को शहर में प्रवेश करने से रोका जाता है

**मथुरा।** वृंदावन में शासन प्रशासन के द्वारा एक सीमित क्षेत्र में नो एंट्री एवं वृंदावन के मुख्य बाजारों में बड़ी गाड़ियों का आना-जाना रोक रखा है। साथ ही पुलिस प्रशासन के द्वारा जगह बैरियर लगाकर बड़ी गाड़ियों को अंदर आने से रोका जाता है, लेकिन उसके बावजूद भी वृंदावन की कुंज गलियों में बाहर से आने वाली गाड़ियां प्रवेश कर जाती हैं। जिसके बाद वृंदावन की छोटी छोटी गलियों में भारी जाम लग जाता है। ऐसा ही नजर बांके बिहारी मंदिर के समीप बनखंडी मार्ग स्थित मोटे गणेश मंदिर पर देखने को मिला। जहां पर राजस्थान नंबर की गाड़ी बिना रोक टोक के बाजार में घुस गई और जिसके चलते बांके बिहारी मंदिर को जाने वाले मार्ग पर ई रिक्शा एवं अन्य गाड़ियों का जाम लग गया। वहीं जब संबंध में मार्केट के व्यापारी सुंदरलाल से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि आए दिनों बड़ी गाड़ियां इन छोटी छोटी गलियों में आ जाती है। जिसके चलते कई घंटो तक जाम लग जाता है। इससे न केवल वृंदावन में चलने वाले ई रिक्शा बल्कि पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वैसे तो शासन प्रशासन के द्वारा जगह बाहर से आने वाली गाड़ियों को वृंदावन में अंदर प्रवेश करने से रोका जाता है, लेकिन उसके बावजूद भी कई बड़ी गाड़ियां अपना रसूक दिखाते हुए कुंज गलियों में प्रवेश कर जाती है। जिससे वृंदावन में रहने वाले लोगों को ही नहीं बल्कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# प्रधानमंत्री मोदी के संकल्पों और कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत: घनश्याम लोधी



अवधनामा संवाददाता

■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न, होली गेट पर आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण

**मथुरा।** पूर्ण बहुमत के साथ तीसरी बार एनडीए सरकार बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। रविवार देर शाम स्पष्ट होते रुझानों के बाद बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष यशराज चतुर्वेदी के नेतृत्व में होली गेट पहुंचे और आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया।

मथुरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी की निर्णायक बढ़त को देखकर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। शहर के हृदय स्थल होली गेट पर बम-पटाखे फोड़कर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जश्न मनाया गया।

एमएलसी ठाकुर ओमप्रकाश ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी के संकल्पों और कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत है। मीडिया प्रभारी दीपांकर भाटिया ने बताया कि महानगर के सभी मंडलों में कार्यकर्ताओं द्वारा विजय का उत्सव मनाया गया। इस मौके पर मुकेश खंडेलवाल, रविकांत गर्ग, चेतन स्वरूप पाराशर, मदन मोहन श्रीवास्तव, डीएन गौतम, योगेश आवा, हरीश अग्रवाल, अनुराग चतुर्वेदी, मोहित अग्रवाल, अंकित चतुर्वेदी, मृदुल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, रामरतन चौधरी, तुलसी गर्ग, ललित अग्रवाल, प्रदीप शर्मा, जतिन अग्रवाल, अनिल गोला, टीटू आनंद, चरतलाल सर्राफ, यश अग्रवाल, प्रशांत यादव आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ठाकुर राधा रमण लाल की शरण में पहुंची सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी



**मथुरा।** मथुरा लोकसभा सीट से भाजपा की तीसरी बार सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी मंगलवार की सुबह मतगणना के परिणाम घोषित होने से पहले वृंदावन स्थित ठाकुर राधा रमण लाल मंदिर पहुंची। जहां पर उन्होंने ठाकुर राधा रमण लाल की पूजा अर्चना की एवं अपना माथा टेक कर अपनी विजय एवं देश में भाजपा की सरकार बनने की कामना की। वही मंदिर की सेवायत अभिषेक गोस्वामी के सानिध्य में आराध्या ठाकुर राधा रमण लाल जू का पूजन अर्चन किया। इस दौरान से ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी के साथ दर्शकों की फोटो खिंचवाने के लिए होड़ सी लगी रही। इस मौके पर बोलते हुए सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी ने बताया कि पूरे देश भर में एक बार फिर से भगवा झंडा लहराएगा। एक बार फिर देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। वहीं उन्होंने बताया कि ठाकुर राधा रमण लाल की असीम कृपा से वह भारी बहुमतों से जीत हासिल करेंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद विपक्ष के सारे दावे झूठे साबित होंगे।

## ठाकुर राधा रमण लाल की शरण में पहुंची सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी

**मथुरा।** मथुरा लोकसभा सीट से भाजपा की तीसरी बार सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी मंगलवार की सुबह मतगणना के परिणाम घोषित होने से पहले वृंदावन स्थित ठाकुर राधा रमण लाल मंदिर पहुंची। जहां पर उन्होंने ठाकुर राधा रमण लाल की पूजा अर्चना की एवं अपना माथा टेक कर अपनी विजय एवं देश में भाजपा की सरकार बनने की कामना की। वही मंदिर की सेवायत अभिषेक गोस्वामी के सानिध्य में आराध्या ठाकुर राधा रमण लाल जू का पूजन अर्चन किया। इस दौरान से ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी के साथ दर्शकों की फोटो खिंचवाने के लिए होड़ सी लगी रही। इस मौके पर बोलते हुए सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी ने बताया कि पूरे देश भर में एक बार फिर से भगवा झंडा लहराएगा। एक बार फिर देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। वहीं उन्होंने बताया कि ठाकुर राधा रमण लाल की असीम कृपा से वह भारी बहुमतों से जीत हासिल करेंगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद विपक्ष के सारे दावे झूठे साबित होंगे।

## हेमा मालिनी ने बनाई हैट्रिक, जीत पर भाजपा में हर्ष की लहर

**मथुरा।** हॉट सीट मथुरा पर लगातार तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी ने अपने विरोधियों को टिकने नहीं दिया। पहले राउंड से ही उन्होंने बढत बनाली और राउण्ड दर राउण्ड वह अपने प्रतिद्वंदी पर बढत बनाती चली गईं। बसपा ने इस बार सुरेश सिंह और कांग्रेस ने अपने युवा नेता मुकेश धनगर पर दांव लगाया था। हालांकि मुकेश धनगर के प्रदर्शन ने स्थानीय स्तर पर पार्टी में नई जान फूंकी है। उन्हें हर राउंड में वोट मिले और कांग्रेस लगातार दूसरे नम्बर पर रही हालांकि बसपा और कांग्रेस के बीच दूसरे और तीसरे स्थान के लिए मुकाबला नजदीकी रहा। खबर लिखे जाने तक गिनती के मुताबिक हेमा मालिनी अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के प्रत्याशी मुकेश धनगर से 2,22,273 वोटो से आगे चल रही है। हेमा मालिनी को 361165 वोट जबकि कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश धनगर को 138892 वोट, बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह को 127508 वोट और निर्दलीय प्रत्याशी भानु प्रताप को 11991 वोट हासिल हुए हैं।

## डीएम,एस एस पी ने मतगणना को कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था में भ्रमणशील रहकर सकुशल संपन्न कराया



**इटावा।** जनपद इटावा में जसवन्तनगर, भरथना एवं सदर इटावा के लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान की मतगणना को मंगलवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा मतगणना स्थलों पर पुलिस बल के साथ पहुंचकर समस्त स्तरों पर सुरक्षा व्यवस्था को चाकचौबन्द रखते हुए मतगणना को सकुशल संपन्न कराया गया।

## जून विश्व पर्यावरण विशेष: पेड़ों के बिना जीवन नहीं

कुदरत ने बख्शी हमें,कायनात रंगीन।
टुकड़े-टुकड़े बांट ली,
हमने यहां जमीन।।
पेड़ काटकर जब हुई,कॉलोनी आवाद।
प्राण वायु की उस समय,आई बेहद याद।।
स्वारथ,मतलब के धनी,
काटें पेड़ तमाम।
जीव जन्तु सब विलक हों,
उन्हें नहीं एतराम।।
एक पेड़ से जुड़त है,
कई जीवों के वास,
पंछी,तितली,गिलहरी,
के होते आवास।।
सड़क,भवन निर्माण में,
चढ़ विकास की भेंट।
हरे पेड़ की जगह अब,कंक्रीट और सीमेंट।।
गगनचुंबी भवनों के,
जंगल है बेमिसाल।
दमा,अस्थमा रोग से,
भरे पड़े अस्पताल।।
भावी पीढ़ी के लिए,
रखें जरा यह ख्याल।
पेड़ लगाए जतन से,
हो जीवन खुशहाल।।



**भगवानदास शर्मा**
**शिक्षक सह साहित्यकार,कार्यकारिणी सदस्य-नेल्स (नेचर एंड लाइफ सेविंग फाउंडेशन)**

# अफगानिस्तान ने रचा टी20 वर्ल्ड कप में इतिहास, सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाली तीसरी टीम बनी

अफगानिस्तान ने प्रोविडेंस में युगांडा को 125 रनों से हराकर टी20 वर्ल्ड कप इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। ग्रुप सी के मैच में टी20 वर्ल्ड कप में डेब्यू कर रही युगांडा की टीम अफगानिस्तान के 5 विकेट पर 185 रन के जवाब में 58 रनों पर ऑलआउट हो गई। जिसके बाद अफगानिस्तान ने ये मैच 125 रनों से जीत लिया। आइए टी20 वर्ल्ड कप में मिली कुछ सबसे बड़ी जीतों पर एक नजर डालें।



श्रीलंका ने टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत हासिल की है। जब उन्होंने जोहान्सबर्ग में केन्या को 172 रनों से हराया। श्रीलंका ने 260/6 का विशाल स्कोर बनाया, और केन्या आवश्यक रन रेट को बनाए नहीं रख सका और महज 88 रन पर पूरी टीम सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका 2009 टी20 वर्ल्ड कप में स्कॉटलैंड पर 130 रनों के अंतर से जीत के साथ दूसरे स्थान पर है। 2021 में अफगानिस्तान ने शारजाह में स्कॉटलैंड पर 130 रनों की जीत दर्ज करके दक्षिण अफ्रीका के साथ बराबरी की।

वर्तमान में चल रहे टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अफगानिस्तान ने युगांडा को 125 रनों से हरा दिया। ये टी20 वर्ल्ड कप इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी जीत थी।

## नोवाक जोकोविच ने ग्रैंडस्लैम में की अपनी 370वीं जीत दर्ज, फेडरर को छोड़ा पीछे

दाहिने घुटने के दर्द से जूझने के बावजूद नोवाक जोकोविच ने अपने से युवा प्रतिद्वंद्वी को साढे चार घंटे तक चले मुकाबले में पांच सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेट की शुरूआत में जोकोविच पीठ के बल लेट गए थे और लग रहा था कि उन्हें मुकाबला छोड़ना होगा लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए 23वीं रैंकिंग वाले फ्रांसिस्को सेरूंडोलो को 6.1, 5.7, 3.6, 7.5, 6.3 से हराया। अब उनका सामना सातवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड से होगा। रूड ने 12वीं रैंकिंग वाले टेलर फ्रिट्ज को 7.6, 3.6, 6.4, 6.2 से हराया। पिछले साल फ्रेंच ओपन फाइनल में जोकोविच ने रूड को हराया था। अन्य क्वार्टर फाइनल में एलेक्स डि मिनौर का सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। डि मिनौर ने 2021 अमेरिकी ओपन चैम्पियन दानिल मेदवेदेव को हराया था। वहीं ज्वेरेव ने होल्गर रूने को 4.6, 6.1, 5.7, 7.6, 6.2 से मात दी।

# श्रीलंका के क्रिकेटरों ने टी20 विश्व कप में अपने शेड्यूल की आलोचना की

श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा और स्पिनर महीष तीक्षणा ने टी20 विश्व कप में अपनी टीम के मैचों के शेड्यूल को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा है कि यह काफी अनुचित है और लंबी यात्राओं के कारण उन्हें एक अभ्यास सत्र रद्द करना पड़ा है। श्रीलंका को ग्रुप डी के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका ने हराया। तीक्षणा ने अपनी टीम के मैचों के कार्यक्रम की आलोचना करते हुए कहा कि इसका टीम पर नकारात्मक असर पड़ा है। उन्होंने कहा यह गलत है। हमें हर मैच के बाद यात्रा करनी पड़ रही है क्योंकि हम चार अलग अलग मैदानों पर खेल रहे हैं।



उन्होंने कहा हमने फ्लोरिडा से मियामी से उड़ान ली और आठ घंटे हवाई अड्डे पर इंतजार करना पड़ा। हमें रात आठ बजे निकलना था लेकिन सुबह पांच बजे उड़ान ली। यह अनुचित है लेकिन खेलते समय यह मायने नहीं रखता। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका को दो और मैच यहां खेलना है जबकि भारतीय टीम तीन मैच यहां खेलेगी। तीक्षणा ने कहा होटल से अभ्यास स्थल भी एक घंटे 40 मिनट का रास्ता है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले भी हमें सुबह पांच बजे उठना पड़ा। तीक्षणा ने नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि कुछ टीमों को एक ही स्थान पर खेलना है और उनका होटल मैदान से 14 मिनट का ही रास्ता है।

उन्होंने कहा मैं नाम नहीं लूंगा लेकिन कुछ टीमें एक ही जगह पर खेल रही है और उन्हें हालात की जानकारी है। वे अभ्यास मैच भी यहीं खेल रहे हैं। हमने अभ्यास मैच फ्लोरिडा में खेला है और तीसरा मैच भी वही है।इस बारे में अगली बार विचार करना होगा क्योंकि अब तो कुछ नहीं हो सकता। कप्तान हसरंगा ने कहा पिछले कुछ दिन काफी कठिन रहे। चार मैच, चार अलग अलग स्थानों पर। यह कठिन है। एक मैच न्यूयॉर्क में, दूसरा डलास में, अगला फ्लोरिडा में। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के अनुसार श्रीलंका के मैनेजर महिंडा हालांगोडा ने इस मसले पर आईसीसी को पत्र लिखा है लेकिन टूर्नामेंट के बीच में किसी तरह का हल निकलने की उम्मीद नहीं है।

## आयरलैंड के खिलाफ मैच से पहले टीम इंडिया का अभ्यास, विराट कोहली ने भी की प्रैक्टिस

आयरलैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2024 मैच से पहले न्यूयॉर्क में भारतीय टीम ने जमकर अभ्यास किया। इस दौरान नेट्स में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को भी देखा गया। बता दें कि सोमवार की रात भारत ने नासाउ काउंटी क्रिकेट ग्राउंड में लगभग तीन घंटे तक अभ्यास किया। बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया अपने अभियान की शुरुआत 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ खेलकर करेगी। विराट कोहली अभ्यास मैच से ठीक एक रात पहले न्यूयॉर्क पहुंचे, इसलिए वे 1 जून को न्यूयॉर्क में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के लिए नहीं खेल पाए। हार्दिक पंड्या की अंतिम ओवरों में धमाकेदार पारी और ऋषभ पंत के अर्धशतक के बाद, भारत ने कोहली को आराम दिए बिना मैच 60 रनों से जीत लिया। वहीं विराट कोहली ने ट्रेनिंग सेशन में खूब पसीना बहाया। अपने 40 मिनट के इस सत्र के दौरान कोहली ने युजवेंद्र चहल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हार्दिक पंड्या और रविंद्र जडेजा जैसे गेंदबाजों का सामना किया।

# भारत के मुय कोच के तौर पर आखिरी टूर्नामेंट : राहुल द्रविड़

राहुल द्रविड़ ने सोमवार को पुष्टि कर दी कि टी20 विश्व कप भारतीय टीम के मुख्य कोच के तौर पर उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। द्रविड़ की यह घोषणा अप्रत्याशित नहीं थी क्योंकि माना जा रहा था कि वह इस पद के लिये दोबारा आवेदन नहीं करने वाले हैं। बोर्ड ने पिछले महीने इस पद के लिये आवेदन बुलाये थे। आयरलैंड के खिलाफ विश्व कप में भारत के पहले मैच से पूर्व मीडिया से बातचीत में द्रविड़ ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के हर क्षण का लुत्फ उठाया है।



उन्होंने कहा हर टूर्नामेंट अहम है। भारत के कोच के तौर पर हर मैच मेरे लिये महत्वपूर्ण रहा है। मेरे लिये इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कोच के तौर पर मेरा आखिरी टूर्नामेंट है। द्रविड़ नवंबर 2021 में टी20 विश्व कप के बाद भारत के मुख्य कोच बने थे।

उन्होंने कहा मुझे अपना काम बहुत पसंद है। मैंने भारतीय टीम की कोचिंग का पूरा मजा लिया और यह खास काम भी है। मुझे टीम के साथ काम करने में मजा आया लेकिन क्रिकेट के इस तरह के शेड्यूल और जीवन के जिस चरण पर मैं अभी हूं, मुझे नहीं लगता कि मैं फिर आवेदन कर सकूंगा। उन्होंने कहा इसलिये यह मेरा आखिरी टूर्नामेंट है लेकिन मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता। पहले दिन से मेरे लिये हर मैच महत्वपूर्ण है और मायने रखता है। इसमें कोई बदलाव नहीं होगा।

## भारत के आर प्रग्गनानंद ने रचा इतिहास, विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया

सोमवार को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद ने विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर मैग्नस कार्लसन और फैबियानो कारुआना पर अपनी जीत दर्ज की। टाईब्रेकर आर्मागेडन गेम में भारतीय की जीत से पहले प्रागनानंद और लिरेन ने शास्त्रीय प्रारूप में गतिरोध का सामना किया। भारत के ग्रैंडमास्टर इससे पहले इस प्रतियोगिता में मैग्नस कार्लसन और फैबियानो कारुआना सहित उच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को हरा चुके हैं। डिंग लिरेन आर्मगेडन गेम में हार गए, जिससे युवा भारतीय खिलाड़ी ने पारंपरिक खेल में ड्रॉ के बावजूद एक और हाई-प्रोफाइनल जीत हासिल की। बता दें कि, इससे पहले प्रज्ञानानंद ने हाल ही में मैग्नस कार्लसन और फैबियानो कारूआना को लगातार दो बार हराकर सुर्खियां बटोरी हैं। हिकारू नाकामुरा एक और रोमांचक मुकाबले में टूर्नामेंट लीडर मैग्नस कार्लसन के करीब पहुंच गए। नाकामुरा ने समय पर आर्मगेडन थ्रिलर जीत लिया, जिससे कार्लसन से उनका अंतर केवल आधा अंक रह गया।

# बजरंग पुनिया को मिली राहत, एनएडीए द्वारा लगाए गए बैन को एडीडीपी ने हटाया

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी के अनुशासन पैनल ने सोमवार को बजरंग पुनिया पर लगाए गए अस्थाई निलंबन को रद्द कर दिया। अनुशासन पैनल ने बजरंग को नाडा द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिए जाने तक उन पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया है। बजरंग ने इसी साल मार्च में सिलेक्शन ट्रायल के बाद डोप टेस्ट के लिए अपना सैंपल देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद एनएडीए ने 23 अप्रैल को टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग को निलंबित कर दिया था और बाद में वर्ल्ड शासी निकाय ने यही कार्रवाई की थी।



बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित किया गया था और बजरंग एक मुकाबला हारने के बाद अपना यूरीन सैंपल दिए बिना ही उस स्थान से चले गए थे। उन्होंने तीसरे-चौथे स्थान के मुकाबले में हिस्सा ही नहीं लिया था।

बजरंग ने अपने वकीलों के जरिए निलंबन को चुनौती दी थी और एडीडीपी को अपने जवाब में दोहराया था कि उन्होंने कभी भी सैंपल देने से इनकार नहीं किया था। बल्कि सिर्फ ये जानने की मांग की थी कि नाडा ने दिसंबर 2023 में उनका सैंपल लेने के लिए एक्सपायरी डेट वाली सैंपल किट क्यों भेजी थी। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने अब तक उनके इस प्रश्न का उत्तर क्यों नहीं दिया है।

# आमिर अली से तलाक लेना जिंदंगी का सबसे सही फैसला था, अपनी कलेशों से भरी शादी पर बोली संजीदा शेख

संजीदा शेख फिलहाल हीरामंडीः द डायमंड बाजार में अपने अभिनय के लिए तारीफें बटोर रही हैं। संजय लीला भंसाली ने अपनी पहली वेब सीरीज के साथ ओटीटी की दुनिया में कदम रखा और संजीदा इस शो में वहीदा नामक मुख्य किरदार निभा रही हैं। उन्होंने हाल ही में अभिनेता आमिर अली से तलाक के बारे में खुलकर बात की और कहा कि उन्हें अपनी बेटी से ताकत मिलती है। हाउटरफ्लाई से बात करते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मेरे साथ जो कुछ भी हुआ, उससे उभरने के लिए मैं बहुत भाग्यशाली हूं। शायद मुझे तब लगा हो कि मैं सबसे ज्यादा उदास व्यक्ति हूं, या मैं बहुत दुखी हूं, या, मेरे साथ क्या हो रहा है, मेरे जीवन के साथ क्या हो रहा है? लेकिन इन सब से उबरकर और अपने इस रूप में खुश रहने के लिए मैं खुद को धन्य मानती हूं।





उन्होंने कहा कि कुछ पुरुष और साथी होते हैं जो आपको हतोत्साहित करने की कोशिश करते हैं, जो आपको बताते हैं कि आप कुछ नहीं कर सकते। या वे कहेंगे कि आप यह नहीं कर पाएंगे। ऐसे लोगों से दूर रहना ही बेहतर है। हर रिश्ते में ऐसे दौर आते हैं जब आप खुश होते हैं और फिर कुछ ऐसे भी होते हैं जब आप खुश नहीं होते और फिर आप अपने जीवन के लिए फैसला लेते हैं और यही मैंने अपने लिए किया, क्योंकि मैंने खुद से प्यार करना शुरू कर दिया और मैंने खुद को प्राथमिकता देना शुरू कर दिया और यह बहुत, बहुत महत्वपूर्ण है।

सिंगल मदर होने के बारे में बात करते हुए, संजीदा ने कहा, सिंगल मदर क्या होती है? मैं एक माँ हूँ... मैं बस सबको यही बताती हूँ कि माँ तो माँ होती है, सिंगल हो या न हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरी ज़िम्मेदारियाँ नहीं बदलेंगी। एक माँ के तौर पर, मुझे जो करना है, मैं करूँगी। संजीदा शेख लंबे समय से भारतीय टेलीविज़न इंडस्ट्री में एक लोकप्रिय नाम रही हैं। 2012 में शादी के बंधन में बंधने से पहले इस जोड़े ने कई सालों तक डेट किया। शादी के 8 साल बाद 2020 में यह जोड़ा अलग हो गया और 2021 में उन्हें तलाक मिल गया। संजीदा के पास अपनी बेटी आयरा अली की कस्टडी है।

जहाँ तक उनके शो की बात है, हीरामंडी 1940 के दशक में स्वतंत्रता संग्राम की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह दरबारियों और नवाबों की नज़र से विभाजन-पूर्व भारत के एक प्रमुख जिले की सांस्कृतिक वास्तविकता को दर्शाता है। इस सीरीज़ में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल मुख्य भूमिका में हैं। स्टार कास्ट में फरदीन खान, ताहा शाह, शेखर सुमन और अध्ययन सुमन भी शामिल हैं। इस सीरीज़ का प्रीमियर 1 मई को नेटफ्लिक्स पर हुआ।

# रणबीर कपूर को दीपिका पादुकोण का फ़्लर्ट करना पसंद नहीं था, दोनों के रिलेशनशिप से जुड़े हुए कई खुलासे

रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण ने ये जवानी है दीवानी और तमाशा के प्रचार के दौरान अपने रिश्ते, ब्रेकअप और उसके बाद दोस्त बनने के बारे में बात करने से परहेज़ नहीं किया। जहाँ ड्ढड्ढछ्वस्त्र को रिलीज़ हुए 11 साल हो चुके हैं, वहीं इस साल के अंत में तमाशा को रिलीज़ हुए नौ साल हो जाएँगे। प्रशंसक अक्सर दोनों समय की उनकी बातचीत और साक्षात्कारों को फिर से देखते हैं। अपने एक साक्षात्कार में, अभिनेताओं ने उन गुणों को स्वीकार किया जो उन्हें एक-दूसरे के बारे में पसंद नहीं थे।




एनिमल स्टार ने स्वीकार किया कि उन्हें यह पसंद नहीं था कि वह फ़्लर्ट करती थीं। वह फ़्लर्ट करती हैं। वह बहुत ज़्यादा काम कर रही हैं और उन्हें खुद को जलाना नहीं चाहिए। उन्हें ज़्यादा छुट्टियाँ और ब्रेक लेने चाहिए और खुद को संयमित रखना चाहिए, जो उन्होंने अब करना शुरू कर दिया है। रणबीर ने 2015 में बॉम्बे टाइम्स से कहा जब उनसे पूछा गया कि उन्हें दीपिका में कौन से गुण नापसंद हैं।

जब दीपिका से भी यही पूछा गया, तो उन्होंने कहा, उनमें मुझे पसंद से ज़्यादा चीज़ें नापसंद हैं। मुझे पसंद है कि वह लोगों के प्रति बहुत-बहुत सम्मान रखता है। वह ऐसा व्यक्ति है जो लोगों और परिस्थितियों से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित नहीं होता। वह ऐसा व्यक्ति है जो अलग-थलग रह सकता है। उनसे यह भी पूछा गया कि उन्हें एक-दूसरे के बारे में कौन-सी चीजें पसंद हैं। दीपिका ने कहा, मुझे उसके बारे में जितनी चीजें पसंद नहीं हैं, उससे कहीं ज़्यादा चीजें ऐसी हैं जो मुझे पसंद नहीं हैं। मुझे पसंद है कि वह लोगों के प्रति बहुत-बहुत सम्मान रखता है। वह ऐसा व्यक्ति है जो लोगों और परिस्थितियों से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित नहीं होता। वह ऐसा व्यक्ति है जो अलग-थलग रह सकता है। रणबीर ने कहा, उसके मूल्य उसके माता-पिता से आते हैं। वह कई बार गलत बात कह सकती है, गलत काम कर सकती है, अप्रिय हो सकती है, असभ्य हो सकती है, मीठी हो सकती है, लेकिन यह सब चीजों के बारे में उसके जैविक ज्ञान से आता है, मुझे नहीं लगता कि वह कभी कुछ इसलिए कहती है क्योंकि किसी और ने ऐसा कहा है। यह उसकी सोच से आता है और वह बहुत सकारात्मक है। यदि आप उसके साथ कोई साक्षात्कार या कोई दृश्य कर रहे हैं तो वह अपने सह-अभिनेता या निर्देशक का बहुत ख्याल रखती है। उनका दिमाग हीरो-केंद्रित नहीं है और वह ऐसी सुपरस्टार नहीं हैं जो दूसरों से लाइमलाइट चुराना पसंद करती हैं। 11 साल बाद, रणबीर और दीपिका आगे बढ़ चुके हैं और शादीशुदा भी हैं। जबकि रणबीर की शादी आलिया भट्ट से हुई है और उनकी एक बेटी भी है। दीपिका की शादी रणवीर सिंह से हुई है और वह अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं।

# अरबाज खान के साथ बिताई गयी मलाइका अरोड़ा की आखिरी रात का सच, दोनों के बीच या हुआ था? तलाक तक कैसे पहुंची थी बात

मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान की मुलाकात 20 की उम्र में हुई और वे प्यार में पड़ गए। दिसंबर 1998 में उनकी शादी हुई और नवंबर 2002 में उनके पहले बच्चे अरहान का जन्म हुआ। 19 साल की शादी के बाद जब वे अलग हुए तो इंटरनेट पर इस जोड़े ने सबको चौंका दिया। मलाइका ने अपने शो मूविंग इन विद मलाइका में खुलासा किया था कि अरबाज को प्रपोज करने वाली वह खुद थीं और उन्होंने अरबाज से शादी सिर्फ इसलिए की क्योंकि वह अपने घर से बाहर निकलना चाहती थीं।





कुछ साल पहले मलाइका ने बताया था कि कैसे उनका परिवार नहीं चाहता था कि वे तलाक लें। उन्होंने कहा मुझे लगता है, सबकी पहली यही राय है कि मत करना। कोई आपको नहीं कहेगा कि, 'हां, हां, प्लीज जाइए, करिए।' यही पहली बात है, कि आप सोच समझकर यह फैसला लें। मैं भी इसी चीज से गुजरी हूं।

मलाइका ने याद करते हुए कहा, तलाक से एक रात पहले भी, मेरे परिवार ने मेरे साथ बैठकर मुझसे फिर पूछा, 'क्या तुम निश्चित हो? क्या तुम अपने फैसले के बारे में 100 प्रतिशत आश्वस्त हो?' ये वे लोग हैं जो चिंता करते हैं और परवाह करते हैं, इसलिए वे निश्चित रूप से ऐसा कहेंगे, उन्होंने कथित तौर पर शो में कहा। उन्होंने आगे कहा हर कोई कहता था, 'अगर तुम यह फैसला ले रही हो, तो हमें तुम पर वास्तव में गर्व है और हमारी नज़र में तुम एक मज़बूत महिला हो। इसलिए मेरे लिए, इस तरह से मुझे वह अतिरिक्त ताकत मिली जिसकी मुझे ज़रूरत थी।

हाल ही में, मलाइका और उनके बेटे अरहान खान ने शादी, सेक्स और रिश्ते पर चर्चा की, क्योंकि वे बाद के वॉडकास्ट, डंब बिरयानी के लिए एक मसालेदार बातचीत में लगे हुए थे।

अरहान ने मलाइका से पूछा, इससे पहले उन्होंने कहा, मुझे एक सटीक तारीख, एक जगह, एक गंतव्य और किससे शादी करनी है। इस पर मलाइका ने कहा, मेरे लिए मिर्ची खाना बेहतर है। मैं इसका जवाब नहीं दे सकती। मुझे नहीं पता कि इसका कोई जवाब है या नहीं। मुझे लगता है कि मैं अब अपनी सबसे अच्छी ज़िंदगी जी रही हूँ।

अरबाज खान अब मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी कर चुके हैं। उन्होंने दिसंबर 2023 में अरबाज की बहन अर्पिता के मुंबई स्थित घर पर शादी की। दूसरी ओर, मलाइका अभिनेता अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं। हालांकि, ऐसी अफवाहें हैं कि मलाइका और अर्जुन के बीच सब कुछ ठीक नहीं है।

# वरुण धवन और नताशा दलाल के घर बेटी ने लिया जन्म दिया, डेविड धवन ने की पुष्टि

वरुण धवन और उनकी पत्नी नताशा दलाल ने बेटी को जन्म दिया है। डेविड धवन ने अस्पताल के बाहर मौजूद मीडिया को यह खबर दी। उन्हें अपने नए पिता वरुण के साथ देखा गया। जब पैपराज़ी ने डेविड से पूछा कि क्या वरुण और नताशा ने बेटी को जन्म दिया है, तो फ़िल्म निर्माता ने सिर हिलाकर हाँ कहा और कैमरामैन को शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। इससे पहले बताया गया था कि नताशा को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई है। सूत्र ने बताया कि डॉक्टर के अनुसार, नताशा इस सप्ताह बच्चे को जन्म देने वाली है। आज सुबह उसे प्रसव पीड़ा शुरू हुई, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। वरुण इस बात का ध्यान रख रहे हैं कि इस दौरान वह अपनी पत्नी के साथ रहें और उन्होंने सभी पेशेवर प्रतिबद्धताओं को बाद की तारीख़ के लिए टाल दिया है। इससे पहले आज, अभिनेता को मुंबई के एक अस्पताल के बाहर देखा गया। वह एक छोटा सा बैग लेकर अस्पताल परिसर से अपनी कार में निकलते हुए देखे गए।



वरुण धवन और उनकी फैशन डिजाइनर पत्नी नताशा दलाल ने अपने पहले बच्चे के आगमन की घोषणा करते हुए इंटरनेट पर हलचल मचा दी। पिछले साल मुंबई के एक क्लिनिक में जोड़े के देखे जाने की अटकलों के बावजूद, वरुण ने आधिकारिक तौर पर एक मार्मिक इंस्टाग्राम पोस्ट के माध्यम से प्रशंसकों के साथ दिल को छू लेने वाली खबर साझा की। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वरुण धवन ने अपने लिविंग रूम से एक शांत मोनोक्रोम स्नैपशॉट पोस्ट किया। तस्वीर में, वरुण घुटनों के बल बैठे हैं और नताशा दलाल के हाथों को थामे हुए उनके बेबी बंप पर प्यार से किस कर रहे हैं। इस सुखद घोषणा के साथ ही दंपति ने आश्वासन दिया कि माँ और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं, जो बढ़ते परिवार के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत है। तस्वीर में उनका पालतू कुत्ता भी सोफे पर आराम से बैठा हुआ दिखाई दे रहा है, जिसकी नज़र कैमरे पर टिकी हुई है। वरुण धवन ने पोस्ट को कैप्शन दिया, हम गर्भवती हैं। आप सभी के आशीर्वाद और प्यार की ज़रूरत है।

नताशा और वरुण बचपन के प्रेमी हैं। नताशा का दिल जीतने का वरुण का सफ़र पार्क में टहलना नहीं था। करीना कपूर खान के साथ उनके रेडियो शो पर एक स्पष्ट साक्षात्कार में, वरुण ने आश्चर्यजनक खुलासा किया कि नताशा ने कई बार उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। बॉलीवुड की हिट फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जाने जाने वाले अभिनेता ने अपनी लंबे समय से चली आ रही दोस्ती के बारे में बताया जो अंततः प्यार में बदल गई।

उन्होंने कहा पहली बार मैं नताशा से छठी कक्षा में मिला था। हम ग्यारहवीं या बारहवीं कक्षा तक दोस्त थे। हम बहुत करीबी दोस्त थे, वरुण ने साक्षात्कार के दौरान खुलासा किया। अपने शुरुआती स्कूल के दिनों को याद करते हुए, उन्होंने बास्केटबॉल कोर्ट पर एक यादगार मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा, मुझे उसे देखना याद है, और, जब मैंने उसे उस दिन देखा, तो मुझे लगा कि मुझे उससे प्यार हो गया है।

# भारत में बिजली मांग का बना ऑलटाइम रिकॉर्ड
## देश में प्रचंड गर्मी के बीच 250 गीगावाट रही डिमांड

**नई दिल्ली।** भारत के अधिकतर हिस्सों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। गर्मी से बचने के लिए लोग पंखा कूलर एसी और फ्रीज का सहारा ले रहे हैं जिसकी वजह से बिजली की रिकॉर्ड मांग हो रही है। यही कारण है कि देश के विद्युत क्षेत्र में पहली बार 30 मई 2024 को 250 गीगावाट की रिकॉर्ड अधिकतम बिजली की मांग रही और भारत ने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया है।

भारत के अधिकतर हिस्सों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। गर्मी से बचने के लिए लोग पंखा, कूलर, एसी और फ्रीज का सहारा ले रहे हैं, जिसकी वजह से बिजली की रिकॉर्ड मांग हो रही है। यही कारण है कि देश के विद्युत क्षेत्र में पहली बार 30 मई 2024 को 250 गीगावाट की रिकॉर्ड अधिकतम बिजली की मांग रही और भारत ने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया है।

बता दें कि इससे एक दिन पहले यानी 29 मई को बिजली की मांग 234.3 गीगावाट के उच्चतम स्तर पर पहुंची थी। यह गर्मी के मौसम की वजह से बढ़े भार और बढ़ती औद्योगिक व आवासीय बिजली खपत के संयुक्त प्रभाव को दर्शाती है। खास बात यह है कि इतनी भारी मांग के बावजूद इससे देश के ट्रांसमिशन नेटवर्क में कोई समस्या नहीं आई और बिजली कटौती की भी कोई रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई।

**सहारा**

> भारत के अधिकतर हिस्सों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। गर्मी से बचने के लिए लोग पंखा, कूलर, एसी और फ्रीज का सहारा ले रहे हैं



इस मांग को पूरा करने में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, खासकर सौर घंटों के दौरान सौर ऊर्जा और गैर-सौर घंटों के दौरान पवन ऊर्जा से मिला समर्थन भी बहुत महत्वपूर्ण रहा। बिजली की देखरेख और इसको निर्देशित करने वाली संस्थाएं अब आने वाले महीनों में 258 गीगावाट की अधिकतम मांग के लिए तैयारी कर रही हैं।

ज्ञात हो कि साल 2012 में 30-31 जुलाई को इसी तरह से बिजली की भारी मांग थी, जिसकी वजह से भारत को दुनिया की सबसे बड़ी बिजली कटौती का सामना करना पड़ा था। उस समय उत्तरी और पूर्वी ग्रिड ओवरलोड के कारण ध्वस्त हो गए थे। इसका नतीजा यह रहा था कि देश में 620 मिलियन लोग 13 घंटे से अधिक समय तक अंधेरे में डूबी रही थी।

साल 2012 से लेकर अबतक किए गए उपायों ने भारत के ट्रांसमिशन नेटवर्क को दुनिया के सबसे बड़े एकीकृत ग्रिड में बदल दिया है। मजबूत ट्रांसमिशन नेटवर्क की वजह से ऑपरेटर ग्रिड-इंडिया को देश में बिजली वितरण के लिए थर्मल, न्यूक्लियर हाइड्रो, सोलर और विंड पावर को एक कोने से दूसरे कोने तक और लोड को इधर-उधर शिफ्ट करके संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है।

# मंडी की जनता ने परिवारवाद की राजनीति को नकारा: कंगना रनौत

**■ कंगना ने अपनी जीत का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को दिया**

**मंडी (हि.स.)।** मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत ने अपनी जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को दिया है। कंगना ने कहा कि उन्होंने नरेन्द्र मोदी के नाम पर यह चुनाव लड़ा था। उनका अपना राजनीति में कोई विशेष मुकाम नहीं था। अभिनेत्री कंगना रनौत मंगलवार को यहां मंडी में पत्रकारों से बता कर रही थीं। कंगना ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता ने परिवारवाद की राजनीति को नकार कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि आज मेरे जीवन का विशेष दिन दिन है। क्योंकि मैंने पहला चुनाव जीता है। यह चुनाव अनिश्चितताओं से भरा रहा, जिसमें नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आभार व्यक्त करना चाहूंगी,



जिन्होंने इस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और मंडी की बेटी और बहन को इस मुकाम पर पहुंचाया। कंगना ने कहा कि अब हम सब मिलकर एक नई शुरूआत करेंगे। हर विधानसभा क्षेत्र की अलग-अलग समस्याएं हैं, उनकी मांगों के अनुरूप काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने कई कामों को रुकवाया है। उनके बारे में विधायकों से बता करके रणनीति बनाई जाएगी। कंगना ने कहा कि अब वह कहीं जाने वाली नहीं और मंडी के लोगों से मिलती रहूंगी।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 'पर्यावरण माह' मनाया



**कानपुर/बरेली।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपने टोयोटा पर्यावरण माह की शुरुआत की घोषणा की। यह एक समर्पित महीना (जून 2024) होता है जो पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने तथा हरित, ससटेनेबल भविष्य के प्रचार-प्रसार और जरूरत की बात करने के लिए है। टोयोटा पर्यावरण चुनौती 2050 (टीईसी 2050) तथा इस वर्ष की थीम वैश्विक स्तर पर नंबर 1 बनने की दिशा में जिम्मेदार संसाधनों के उपभोग के लिए एकजुट हों÷ द्वारा समाहित अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण में जटिल रूप से बुनी गई भिन्न पहल के एक समूह के माध्यम से, कंपनी का लक्ष्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और कार्रवाई को बढ़ावा देना है। इसमें मुख्य रूप से जल प्रबंधन तथा वनरोपण के साथ प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र के पुनरुद्धार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के लिए संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की थीम से पूरी तरह मेल खाता है, जो भूमि पुनरुद्धार, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने के महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोर देता है। इसे हमारी भूमि, हमारा भविष्य के नारे के साथ प्रस्तुत किया गया है। टीकएम के पर्यावरण माह समारोह के बारे में बताते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और विनिर्माण निदेशक, श्री बी. पद्मनाभ ने कहा, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में, हम मानते हैं कि पर्यावरण और सामाजिक स्थिरता आर्थिक प्रगति जितनी ही महत्वपूर्ण है। हम उन छह पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं, जिन्हें टोयोटा वैश्विक स्तर पर संबोधित करने की कोशिश कर रही है। हमारा ध्यान सिर्फ़ उत्पादों और हमारे विनिर्माण कार्यों पर ही नहीं है, बल्कि संपूर्ण मूल्य श्रृंखला पर है, साथ ही हम उन समुदायों को भी वापस दे रहे हैं जहाँ हम काम करते हैं।

# लोकसेवकों को पक्षपात से परे रहना चाहिए
## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आइएएस से जुड़ा कार्यक्रम में की शिरकत

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति धनखड़ ने यहां भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) 2022 बैच के सहायक सचिवों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसेवकों को सदैव पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण से परे देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक लोकसेवक को राजनीतिक दलों के साथ संलिप्तता नहीं रखनी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने अधिकारियों से राष्ट्रवादी और संघवादी दृष्टिकोण अपनाने और राष्ट्र के हित को सदैव सर्वोच्च रखने तथा विधि के शासन को बनाए रखने का आह्वान किया।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोकसेवकों से पक्षपात से परे रहने का आह्वान करते हुए सोमवार को कहा कि उन्हें राष्ट्रवादी और संघवादी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।



उपराष्ट्रपति धनखड़ ने यहां भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) 2022 बैच के सहायक सचिवों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसेवकों को सदैव पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण से परे देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक लोकसेवक को राजनीतिक दलों के साथ संलिप्तता नहीं रखनी चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने अधिकारियों से राष्ट्रवादी और संघवादी दृष्टिकोण अपनाने और राष्ट्र के हित को सदैव सर्वोच्च रखने तथा विधि के शासन को बनाए रखने का आह्वान किया। धनखड़ ने लोकसेवकों से उच्च नैतिक सिद्धांतों को बनाए रखने का आग्रह किया और कहा कि आप परिवर्तन के वाहक हैं। आप गुणवत्तापूर्ण शासन में महत्वपूर्ण आधार हैं और त्वरित विकास के पथप्रदर्शक हैं।

उन्होंने कहा कि लोकसेवा पहले से कहीं अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण है और इसमें समाज के सभी वर्गों, विशेषकर कमजोर, और वंचित पृष्ठभूमियों से आने वाले लोगों का प्रतिनिधित्व है। धनखड़ ने कहा कि आज भारत आशा और संभावनाओं से भरा हुआ है और निवेश के लिए सबसे पसंदीदा जगह है। उन्होंने कहा कि युवा के लिए अवसर दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं।

### कुपवाड़ा में आतंकियों का एक सहयोगी गिरफ्तार, गोला-बारूद बरामद

**कुपवाडा (हि.स.)।** कुपवाड़ा जिले के नागरी इलाके में सर्च एंड डिस्ट्रॉय ऑपरेशन (एसएडीओ) के दौरान आतंकियों के एक सहयोगी को गिरफ्तार किया गया है।

भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर नागरी के सामान्य क्षेत्र में संयुक्त अभियान चलाया। कुपवाड़ा पुलिस ने नागरी पार्क में एक नाका भी स्थापित किया। इस संयुक्त अभियान में आतंकियों के एक सहयोगी एजाज अहमद पैरी को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 01 हैंड ग्रेनेड, 01 पिस्तौल, 01 मैगजीन और 04 राउंड 9 एमएम गोला-बारूद के साथ अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है।

### मध्य गाजा पर इजराइली हमले में 11 लोगों की मौत

**यरुशलम (हि.स.)।** मध्य गाजा पर रविवार-सोमवार की रात इजराइल के हमले में तीन बच्चों और एक महिला सहित कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी फलस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रविवार देर रात बुरीज शरणार्थी शिविर में एक घर पर हुए हमले में तीन बच्चों सहित चार लोग मारे गए। सोमवार तड़के दूसरे हमले में नुसरीरात शरणार्थी शिविर में एक महिला सहित सात लोगों की मौत हो गई। इससे पहले सोमवार को इजराइली सेना ने बताया था कि गाजा सीमा के निकट एक कस्बे में एक व्यक्ति का शव मिला है। सेना के मुताबिक, आशंका है कि इस व्यक्ति को सात अक्टूबर को हमास ने अपने हमले के दौरान बंधक बना लिया होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल ने हमास को तीन चरणीय युद्धविराम और बंधक रिहाई समझौते की पेशकश की है तथा घोषणा की है कि गाजा में लड़ाई समाप्त करने का समय आ गया है।

# ब्रिटेन के लिए जासूसी कर रहे दो चीनी नागरिक गिरफ्तार
## चीनी खुफिया एजेंसी ने बताया- एमआई-6 के लिए कर रहे थे काम

**बीजिंग (हि.स.)।** चीन ने अपने दो नागरिकों को ब्रिटेन के लिए जासूसी करने पर गिरफ्तार कर लिया है। यह खुलासा चीनी खुफिया एजेंसी ने करते हुए गताया कि दोनों नागरिक ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी एमआई-6 के लिए काम कर रहे थे। गिरफ्तार होने वाले एक दंपति को पकड़ा है। चीन की खुफिया एजेंसी और राज्य सुरक्षा मंत्रालय (एमएसएस) ने कहा है कि उन्होंने एमआई-6 से जुड़े एक महत्वपूर्ण जासूसी मामले का खुलासा किया है।

सरकार के महत्वपूर्ण विभाग में कार्य करने वाले दोनों नागरिकों से ब्रिटेन की ओर से जासूसी कराया जा रहा था। यह आरोप ब्रिटिश पुलिस के उस दावे के कुछ हफ्ते बाद सामने आया है, जिसमें उन्होंने तीन लोगों को हांगकांग की खुफिया एजेंसी के लिए कार्य करने में हिरासत में लिया था। पकड़े गए दंपति का सिर्फ सरनेम जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि वांग और जोउ को एमआई-6 की ओर से भर्ती किया गया था।

**महत्वपूर्ण**

> सरकार के महत्वपूर्ण विभाग में कार्य करने वाले दोनों नागरिकों से ब्रिटेन की ओर से जासूसी कराया जा रहा था। यह आरोप ब्रिटिश पुलिस के उस दावे के कुछ हफ्ते बाद

वांग 2015 में ब्रिटेन पढ़ने के लिए गया था। वहां अपनी पत्नी से मिला। वहां वांग को होटल रूम और देशभर में घूमने की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। साथ ही पैसे भी दिए गए थे। दंपति ने चीनी सरकार के लिए केंद्रीय राज्य एजेंसी में काम किया और सरकार की खुफिया जानकारी एमआई-6 को दी। चीनी दावों के बारे में पूछे जाने पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री के प्रवक्ता ने कहा कि हमारी खुफिया एजेंसियों के काम या सुरक्षा मामलों पर टिप्पणी न करने की सरकार की दीर्घकालिक नीति रही है।

# म्यांमार में फर्जी नौकरियों के लालच में नहीं फंसे
## भारतीय दूतावास ने बढ़ती घटनाओं के बीच जारी की एडवायजरी

**नई दिल्ली।** म्यांमार में भारतीय दूतावास ने यहां नौकरी की तलाश कर रहे भारतीय नागरिकों से सावधान रहने का आह्वान किया है। दूतावास ने भारतीयों को इंटरनेट मीडिया के माध्यम से फर्जी और अवैध नौकरियों के लालच में नहीं फंसने की सलाह दी। अभी हाल ही में लाओस में अवैध काम में फंसे 13 भारतीयों को बचाकर घर वापस लाए जाने के बाद यह सलाह जारी की गई है।

म्यांमार में भारतीय दूतावास ने यहां नौकरी की तलाश कर रहे भारतीय नागरिकों से सावधान रहने का आह्वान किया है। दूतावास ने भारतीयों को इंटरनेट मीडिया के माध्यम से फर्जी और अवैध नौकरियों के लालच में नहीं फंसने की सलाह दी।

**म्यांमार-थाईलैंड सीमा पर सक्रिय है अंतरराष्ट्रीय क्राइम सिंडिकेट**

अभी हाल ही में लाओस में अवैध काम में फंसे 13 भारतीयों को बचाकर घर वापस लाए जाने के बाद यह सलाह जारी की गई है। भारतीय दूतावास ने सलाह में कहा कि म्यांमार-थाईलैंड सीमा पर म्यावाडी क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय क्राइम सिंडिकेट सक्रिय है। ऐसे में इस क्षेत्र में भारतीय से नौकरी का प्रस्ताव लेने से पहले सावधान रहें।

**सावधान**

> म्यांमार में भारतीय दूतावास ने यहां नौकरी की तलाश कर रहे भारतीय नागरिकों से सावधान रहने का

**भारतीयों को बनाया जा रहा है निशाना**

दूतावास ने कहा कि इस क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय क्राइम सिंडिकेट द्वारा भारतीयों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं में वृद्धि हुई है। ऐसे में हम संबंधित भारतीय दूतावासों के संपर्क



किए बिना इस प्रकार के नौकरी प्रस्तावों से बचने की सलाह देते हैं।

**तस्करी का मामला आया था सामने**

हाल ही में म्यावाडी शहर के दक्षिण में फा लू क्षेत्र में एक नया स्थान सामने आया है, यहां अधिकांश भारतीयों की भारत के साथ-साथ मलेशिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों से थाईलैंड के रास्ते तस्करी की जा रही है। दूतावास ने कहा कि विदेश में नौकरी का प्रस्ताव स्वीकार करने से पहले भारतीय दूतावासों के माध्यम से नियोक्ताओं की साख की जांच करा लें।

# पाकिस्तान में ईसाई बुजुर्ग की पिटाई से मौत

**■ पिछले सप्ताह पीड़ित पर कुरान के अपमान का आरोप लगाकर किया गया था हमला**

**लाहौर (हि.स.)।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में ईशनिंदा के आरोप में पिछले सप्ताह हिंसक भीड़ द्वारा गंभीर रूप से घायल किए एक बुजुर्ग ईसाई



व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

कट्टरपंथी इस्लामवादी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में एक उग्र भीड़ ने 25 मई को लाहौर से लगभग 200 किलोमीटर दूर पंजाब के सरगोधा जिले के मुजाहिद कॉलोनी में ईसाई समुदाय के सदस्यों पर हमला किया, जिसमें दो ईसाई और 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। भीड़ ने ईसाइयों के घरों और संपत्तियों को जला दिया और लूटपाट की।

पुलिस के अनुसार, भीड़ ने नजीर मसीह उर्फ लजार मसीह नामक बुजुर्ग ईसाई के घर और जूता फैक्ट्री को घेर लिया और उन पर कुरान के अपमान का आरोप लगाया। उग्र भीड़ ने जूता फैक्ट्री, कुछ दुकानों और कुछ घरों में आग लगा दी। एफआईआर में कहा गया है, उन्होंने मसीह को भी बेरहमी से जला दिया, लेकिन समय पर भारी पुलिस बल के पहुंचने से मसीह और ईसाई समुदाय के 10 अन्य सदस्यों को बचा लिया गया।

एफआईआर में कहा गया है कि जूता फैक्ट्री के बाहर कथित तौर पर पवित्र कुरान के कुछ पन्ने पाए गए, जिससे स्थानीय लोग भड़क गए। पुलिस ने बताया कि सरगोधा स्थित संयुक्त सैन्य अस्पताल (सीएमएच) में इलाज करा रहे मसीह की रविवार को मौत हो गई।

### तेलंगाना में आइईडी के फटने से ग्रामीण की मौत, माओवादियों ने लगाए थे विस्फोटक



हैदराबाद। तेलंगाना के मुलुगु जिले के एक वन क्षेत्र में सोमवार को प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के द्वारा लगाए गए आइईडी के फटने से 55 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार जिले के वजीदु मंडल के कोंगल गांव के पास व्यक्ति का पैर आइईडी पर पड़ गया। विस्फोट तब हुआ जब लोग पास के जंगल में लकड़ी एकत्र करने के लिए जा रहे थे।

तेलंगाना के मुलुगु जिले के एक वन क्षेत्र में सोमवार को प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के द्वारा लगाए गए आइईडी के फटने से 55 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, जिले के वजीदु मंडल के कोंगल गांव के पास व्यक्ति का पैर आइईडी पर पड़ गया। उसमें विस्फोट होने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विस्फोट तब हुआ जब ग्रामीण, उसका बेटा और तीन अन्य लोग पास के जंगल में लकड़ी एकत्र करने के लिए जा रहे थे।

# ब्रिटेन में बॉलीवुड गायक सोनू निगम मानद फेलोशिप से सम्मानित

**लंदन (हि.स.)।** ब्रिटेन में बॉलीवुड गायक सोनू निगम को संगीत के क्षेत्र में उनके विश्वव्यापी प्रभाव और योगदान के लिए प्रमुख भारतीय प्रवासी छात्र संगठन ने मानद फेलोशिप से सम्मानित किया है। सोनू निगम इस समय एक संगीत कार्यक्रम में भाग लेने के लिए ब्रिटेन में मौजूद हैं।

ब्रिटेन के 'नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनाई यूनियन' (एनआईएसएयू) ने पिछले सप्ताहांत लंदन के वेम्बली एरिना में निगम की प्रस्तुति के दौरान उन्हें फेलोशिप से सम्मानित किया। लेबर पार्टी के वरिष्ठ ब्रिटिश भारतीय सांसद वीरेंद्र शर्मा और स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज (एसओएएस) में भारतीय संस्कृति के एमेरिट्स प्रोफेसर रेचल ड्वायर ने मंच पर निगम को सम्मानित किया।

इससे पहले अभिनेत्री शबाना आजमी, लेखक जावेद अख्तर और अध्यात्मिक गुरु श्रीश्री सांस्कृतिक, शिक्षा और समाज सुधार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं। सोनू निगम ने सम्मान प्राप्त



रविशंकर समेत कई अन्य हस्तियों को यह मानद फेलोशिप प्रदान की जा चुकी है। यह फेलोशिप उन व्यक्तियों को दी जाती है जो वैश्विक मंच पर भारतीय करने के बाद कहा, ''आपके प्रेम और इस सम्मान के लिए एनआईएसएयू का धन्यवाद। मैं इसे ईश्वर की ओर से एक और अनमोल उपहार मानता हूं।''

# बाबू सिंह कुशवाहा 99335 तो प्रिया 35312 मतों से विजयी





## जौनपुर-मछलीशहर में लहराया सपा का परचम

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** लोकसभा चुनाव में जौनपुर संसदीय क्षेत्र से सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा ने जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कृपाशंकर सिंह को 99335 मतों से पराजित किया। बाबू सिंह कुशवाहा को 505795 मत प्राप्त हुए जबकि भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह को 408125 मत मिले। तीसरे स्थान पर रहे बसपा प्रत्याशी श्याम सिंह यादव को 156588 मत प्राप्त हुआ। मछलीशहर संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी प्रिया सरोज ने बाजी मारी है। उन्होंने अपने निकटतम् प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी बीपी सरोज को 35312 मतों से पराजित किया। प्रिया सरोज को 449069 मत प्राप्त हुआ जबकि वीपी सरोज को 413757 मत मिले। तीसरे स्थान पर रहे प्रत्याशी कृपाशंकर सरोज को 156680 मत प्राप्त हुए।

## प्रदेश में सपा ने अपना दम खम दिखायाः डॉ. रागिनी सोनकर

### बाबू सिंह कुशवाहा और प्रिया सरोज को जीत पर दी बधाई

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा और मछली शहर लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी प्रिया सरोज की जीत पर मछली शहर की सपा विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने हार्दिक बधाई दी। उन्होंने इस विजय को उत्तर प्रदेश में इंडी गठबंधन और सपा की बढ़ती ताकत का प्रमाण बताया। डॉ. सोनकर ने कहा कि इस जीत से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मनोबल गिरा है और जनता का विश्वास भी भाजपा से उठ गया है।उन्होंने इस महत्वपूर्ण सफलता का श्रेय सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अथक मेहनत और कुशल रणनीति को दिया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की दूरदर्शी योजना और समर्पण ने पार्टी को इस मुकाम पर पहुँचाया है। डॉ. सोनकर ने कहा कि पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) से जुड़े लोगों का भारी समर्थन मिलने से सपा की स्थिति और भी मजबूत हुई है। इस जीत के परिणामस्वरूप, न केवल जिले में बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश और देशभर में सपा और इंडी गठबंधन की स्थिति सुदृढ़ हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस विजय से सपा को और भी प्रोत्साहन मिलेगा और भविष्य में पार्टी और भी मजबूत होकर उभरेगी। सपा की इस सफलता को डॉ. रागिनी सोनकर ने जनता की जागरूकता और अखिलेश यादव के नेतृत्व का प्रतिफल बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि सपा और इंडी गठबंधन मिलकर जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे और उत्तर प्रदेश को एक नई दिशा में ले जाएंगे। सपा की यह जीत आने वाले चुनावों के लिए भी एक महत्वपूर्ण संकेत है और इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और जोश भरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बतौर स्टार प्रचारक मुझे देश के कई लोकसभा क्षेत्र में दौरा करने का अवसर मिला। सभी जगह जनमत इंडी गठबंधन के साथ दिख रहा था।

## नवजात बच्ची महिला चिकित्सालय से चोरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जनपद में चौकाने वाला मामला सामने आया है। जिला महिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड से नवजात बच्ची चोरी कर ली गई है। घटना से अस्पताल में हड़कंप मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हुआ है। परिजनों ने बीती रात की घटना बताते हुए शहर कोतवाली में तहरीर दी है। अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का भी आरोप लगाया है। 4 जून की बीती रात शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के जिला महिला चिकित्सालय के सर्जिकल वार्ड नंबर 7 में प्रसूता मां के पास सो रही मासूम बच्ची को हाफ पैंट टी शर्ट में आया एक युवक उठा ले गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

## आजाद समाज पार्टी समर्थको ने चन्द्रशेखर आजाद की जीत पर मनाया जश्न



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 में लोकसभा क्षेत्र नगीना जिला बिजनौर से भीमआर्मी चीफ एवं आजाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय चन्द्रशेखर आजाद जी 512552 वोट पाकर निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीजेपी के ओम कुमार से 151473 वोट से जीत दर्ज किए। इस विशेष अवसर पर भीमआर्मी आजाद समाज पार्टी जनपद आजमगढ़ के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता बाबा साहब डॉ आंबेडकर पार्क आजमगढ़ में इकट्ठा होकर, बाबा साहब को माल्यार्पण करने के बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाया गया। इस अवसर पर भीमआर्मी मंडल अध्यक्ष मा शोभा प्रसाद, जिला संयोजक मा शेषनाथ राव, आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष मा. रमेश चमार, पूर्व जिलाध्यक्ष ए के आनन्द एवं धर्मवीर भारती जी, जिला उपाध्यक्ष मा सहिलेश, मंडल संयोजक लीगल सेल मा जनार्दन एडवोकेट के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सपा ने लालगंज व आजमगढ लोकसभा क्षेत्र में लहराया जीत का



**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव आजमगढ़ से सांसद चुने गए जिनको कुल 161035 से जीता जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल भारद्वाज से जीत का प्रमाण पत्र लिया। इसी क्रम में लालगंज लोकसभा क्षेत्र से सपा के दरोगा प्रसाद सरोज 115023 वोटों से चुनाव जीते दोनों नेताओं ने जनता के समर्थन व सहयोग के लिए आभार जताया।

## हत्या के प्रयास में दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** थाना सरतहाँ पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमे के वांछित 02 अभियुक्त को किया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में मंगलवार को थाना सरपतहाँ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-139/2024 धारा 147/148/323/ 324/ 504/ 506/ 307/ 308/120बी भादवि थाना सरपतहाँ में वांछित दो अभियुक्तगण 1. शुभम सिंह उर्फ मास्टर पुत्र उग्रसेन सिंह निवासी बागंर कला थाना करौदी कला जिला सुल्तानपुर 2. सचिन कुमार पुत्र सुशील सिंह निवासी धरौली थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## इलाहाबाद लोकसभा सीट उज्जवल रमण ने भाजपा से छीना, नीरज त्रिपाठी हारे

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद लोकसभा सीट कांग्रेस के उज्जवल रमण सिंह ने भारतीय जनता पार्टी से छीन ली है। उज्जवल रमण सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के नीरज त्रिपाठी को 45000 से अधिक वोटो से हरा दिया है? भाजपा ने अपनी सिटिंग एमपी रीता बहुगुणा जोशी की जगह पूर्व राज्यपाल के श्रीनाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को टिकट दिया था। उज्जवल रमण सिंह ने 45034 वोटो से नीरज को हराया है। उज्जवल रमण को 378810 वोट मिले जबकि नीरज त्रिपाठी को 333776 वोट मिले हैं। मतगणना के शुरुआत से ही भाजपा के नीरज त्रिपाठी पीछे रह गए थे। प्रयागराज जिले की इलाहाबाद सीट पर इस बार विरासत संभालने की लड़ाई थी। नीरज त्रिपाठी के पास जहां पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी त्रिपाठी की विरासत संभालने की जिम्मेदारी थी वहीं पूर्व सांसद सपा के कद्दावर नेता रेवती रमन सिंह के बेटे उज्जवल रमण सिंह को भी पिता की विरासत को आगे बढ़ाना था। उज्जवल रमण सिंह चुनाव से कुछ दिन पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए थे और उसके टिकट पर मैदान में उतरे थे। पिछले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की रीता बहुगुणा जोशी ने 184000 से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी रीता बहुगुणा जोशी को 494000 और सपा के राजेंद्र सिंह पटेल को 3010000 वोट मिले थे। यहां की 5 में से तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा और एक सीट पर उसकी सहयोगी अपना दल कब्जा है। एक सीट सपा के पास है। इलाहाबाद लोकसभा सीट में सीट से लाल बहादुर शास्त्री, बीपी सिंह, जनेश्वर मिश्र, अमिताभ बच्चन और डॉ मुरली मनोहर जैसी कद्दावर लोग नेता सांसद रह चुके हैं।

## सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध, पास वालों की भी दोबारा नहीं मिली इंट्री

**महराजगंज।** मंगलवार की मतगणना में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध सुबह सात बजे से लेकर शाम सात बजे तक रहे। कलक्ट्रेट परिसर में जाने वाले दोनों मार्गों पर जगह-जगह बैरिकेडिंग व पांच स्थानों पर सुरक्षा कर्मी जांच के लिए मुस्तैद रहे। कलक्ट्रेट के मुख्य मार्ग व विधानसभावार बने मतगणना परिसर में जांच के लिए अंतिम स्थान पर भी जांच की व्यवस्था थी। इसके अलावा मतगणना टेबल के आसपास भी सुरक्षा घेरा मजबूत देखा गया। स्थिति यह थी कि कलक्ट्रेट में पास धारियों को भीतर तो घुसने दिया जा रहा था, लेकिन कोई लौटकर फिर दोबारा जाना चाहे तो उसे अनुमति नहीं दी जा रही थी। सुबह अचानक हुई बारिश में भी इनकी मुस्तैदी पूरी तरह देखने को मिली। मतगणना को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा कर्मियों ने खूब पसीना बहाया।

## गोरखपुर मंडल की सभी सीटें भाजपा ने जीती

**अवधनामा संवाददाता**

### बस्ती- संतकबीर नगर हारी- डुमरियागंज भी जीती

**गोरखपुर।** गोरखपुर और बस्ती मंडल की 9 सीटों में इस बार भाजपा को दो सीटों का नुकसान हुआ है। गोरखपुर मंडल की महाराजगं, कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर, बांसगांव सीटें भाजपा जीत गई हैं। जबकि बस्ती मंडल में संत कबीर नगर और बस्ती में भाजपा को करारी शिकस्त मिली है। वहीं, सलेमपुर में कांटे की लड़ाई चल रही है।

गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र : भाजपा प्रत्याशी रवि किशन ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की है। इंडी गठबंधन प्रत्याशी काजल निषाद को दो शिकस्त। रवि किशन 585834 मत पाए, जबकि काजल निषाद को 482308 लाख मत प्राप्त हुए। इस तरह रवि किशन ने 103526 लाख मतों जीत हासिल की। 2019 में रवि किशन ने तीन लाख चार हजार मतों से जीत हासिल की थी।

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र : भाजपा प्रत्याशी कमलेश पासवान ने जीत दर्ज की है। इंडी गठबंधन प्रत्याशी सदल प्रसाद को दी शिकस्त। कमलेश को 428364 मत मिले, जबकि सदल को 423824 लाख मत प्राप्त हुए। इस तरह कमलेश ने 4540 मतों से जीत हासिल की है।

महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र : भाजपा प्रत्याशी पंकज चौधरी ने जीत दर्ज की है। इंडी गठबंधन प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी को दी शिकस्त। पंकज चौधरी को 591319 मत मिले, जबकि वीरेंद्र चौधरी को 555859 लाख मत प्राप्त हुए। इस तरह पंकज चौधरी ने 35451 मतों से जीत हासिल की है। संत कबीर नगर लोकसभा क्षेत्र में इंडी गठबंधन प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद ने भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद को हराया। पप्पू निषाद को जहां 254310 लाख मत मिले, वहीं प्रवीण निषाद को184256 लाख मत मिले। ऐसे पप्पू निषाद ने 70,054 हजार मतों से जीत हासिल कर ली।

देवरिया लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि ने जीत दर्ज की है। इंडी गठबंधन प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह को दी शिकस्त। शशांक मणि 504541 मत पाए, जबकि अखिलेश सिंह को 469696 लाख मत प्राप्त हुए। इस तरह शशांक मणि ने 50, 4541 मतों से जीत हासिल की है।

डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने जीत दर्ज की है। इंडी गठबंधन प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी को दी शिकस्त। जगदंबिका पाल को 463303 लाख मत मिले, जबकि कुशल को 42728 लाख मत प्राप्त हुए। इस तरह जगदंबिका पाल ने 42728 हजार मतों से जीत हासिल की है।

कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय दुबे ने जीत दर्ज की है। इंडी गठबंधन प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सैंथवार को दी शिकस्त। विजय दुबे को 152359 लाख मत मिले, जबकि पिंटू को 132115 लाख मत प्राप्त हुए। इस तरह विजय दुबे ने 20244 हजार मतों से जीत हासिल की है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद **"खुली निविदा"** वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती हैः **क्र.सं.ः1- निविदा नोटिस सं.ः** 20 वर्ष 2024, **कार्य का विवरणः** एलजेएन डिवीजन में स्टेशन के वीएचएफ संचार के माध्यम से वॉयस लॉगिंग सुविधा का प्रावधान और मेजर यार्ड में ट्रेन की शंटिंग निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे का प्रावधान, **अनुमानित लागतः** ₹ 1,75,00,736.58, **बयाना राशिः** ₹2,37,500.00, **कार्य समापन अवधीः** 90 दिन, **क्र.सं.ः2- निविदा नोटिस सं.ः** 15 वर्ष 2024, **कार्य का विवरणः** एलजेएन डिवीजन के बादशाह नगर रेलवे अस्पताल और ऐशबाग, गोंडा, मैलानी, सीतापुर एवं बस्ती में हेल्थ यूनिट्स में हॉस्पिटल मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) के कार्यान्वयन के लिए फील्ड स्टाफ की तैनाती के साथ संबद्ध नेटवर्किंग उपकरण और सहायक उपकरण की आपूर्ति, स्थापना, वायरिंग, परीक्षण और कमीशनिंग के साथ लेन सुविधाओं का विस्तार, **अनुमानित लागतः** ₹ 55,57,097.14, **बयाना राशिः** ₹ 1,11,200.00, **कार्य समापन अवधीः** 13 माह, **क्र.सं.ः3- निविदा नोटिस सं.ः** 17 वर्ष 2024, **कार्य का विवरणः** लखनऊ मंडल में स्थापित एफट्रानिक्स मेक डाटालॉगर सिस्टम, RTU एव Datalogger Control Equipment का दो वर्ष हेतु वार्षिक रखरखाव अनुबंध, **अनुमानित लागतः** ₹2,14,80,319.30, **बयाना राशिः** ₹ 2,57,400.00, **कार्य समापन अवधीः** 24 माह, **क्र.सं.ः4- निविदा नोटिस सं.ः** 18 वर्ष 2024, **कार्य का विवरणः** SSE/SIG/BST और GKP के अधिकार क्षेत्र में 13 इंटरलॉक्ड ट्रैफिक गेटों पर ईएलबी का प्रावधान और एलजेएन डिवीजन पर जेईए-जीडी, जीएडीएम-बीआरके और जीडीके-जेबीआर अनुभाग में 31 इंटरलॉक्ड इंजीनियरिंग गेटों पर आरटीयू का प्रावधान, **अनुमानित लागतः** ₹ 2,29,82,467.89, **बयाना राशिः** ₹ 2,64,900.00, **कार्य समापन अवधीः** 06 माह, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः क्र.सं. 1 से 4 के लियेः-** ₹ 00.00, **(1)** निविदाओं के बंद होने की अंतिम तिथि एवं समयः 28.06.2024 at 15:00 Hrs. **नोटः** (1) इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैन्युअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण एवं निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

**मं.रे.प्र.(सि.एवं.दूर.सं.)**

**मुजाधि/सिगनल-10** **लखनऊ**

**"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"**

## एक कुन्तल 38 ग्राम तारों के बण्डल सहित 1 पुलिस ने पकड़ा



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर टीम द्वारा बिजली के तार चोरी करने वाले 01 अभियुक्त को चोरी किये गये 01 कुण्टल 38 कि0ग्रा0 तारो के बंडल सहित गिरफ्तार किया गया साथ ही 02 बाल अपचारियों को पुलिस संरक्षण में लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर फिरोजाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर बन्द पड़ी बिजली की मैन लाइन के 01 क्विंटल 38 किग्रा0 बिजली के तारों के बण्डल सहित अभियुक्त विष्णु धीमर को मरघटी बाईपास बम्बा रोड थाना उत्तर से गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 02 बाल अपचारियों को पुलिस संरक्षण में लिया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना उत्तर पर मु0अ0सं0 352/ 2024 धारा 411/414 भादवि पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वैभव कुमार सिंह, उ0नि0 राकेश कुमार गिरि, हे0का0 402 राजीव कुमार, का0 895 चतुर्भुज बघेल, का0 348 अमित कुमार थाना उत्तर थाना फिरोजाबाद शामिल रहे।

## 99 यू पी बटालियन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन पूर्व संध्या पर आयोजित हुए देशभक्ति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**






**आजमगढ़।** एन सी सी शिविर द्वारा तैयार होते हैं,देश के श्रेष्ठ नागरिक और भारतीय सेना में भर्ती के लिए उच्च प्रशिक्षित मानव संसाधन-कैम्प कमाण्डेन्ट सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 99 यू पी बटालियन एन सी सी आजमगढ़ के तत्वावधान में चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर, सी0ए0टी0सी-312 समापन पूर्व संध्या पर मंगलवार को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न जनपदों व बटालियनों से आये कैडेटों ने एक से बढ़कर एक अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित जनता का मन मोह लिया। कैम्प कमांडेंट, कमान अधिकारी 99 यू पी बटालियन ने दीप प्रज्ज्वलन करते हुए कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के पश्चात बच्चो ने देशभक्ति और पर्यावरण सरंक्षण पर आधारित, सोलो गीत,ग्रुप डांस,सोलो डांस आदि रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक श्री राजेन्द्र यादव एवं प्रधानाचार्य श्री विधान चंद तिवारी को कैम्प कमाण्डेन्ट ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इसके पूर्व प्रातः 10 बजे कैंप कमांडेंट ने अपने क्लोजिंग एड्रेस में कहा कि.इस कैंप में 10 दिनों के अंदर रेजिमेंटल लाइफ के गुणों को आत्मसात कर कैडेट निश्चित ही उच्च चरित्र,अनुशासन,कामरेडशिप, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण से अभिसिंचित होकर न केवल देश के श्रेष्ठ नागरिक बनने को तैयार हैं अपितु राष्ट्र की सेवा के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से स्वयं को तैयार कर भारतीय सेना का गौरव बढ़ाने को तत्पर हैं। उन्होंने कैंप में अपनी विधाओं श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को मेडल और पी0आई0 स्टॉफ को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया।

सांस्कृतिक संध्या के अवसर पर मीडिया के सम्मानित पत्रकार, सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य, प्रबंधक, सहयुक्त एन सी सी अधिकारीगण, सूबेदार मेजर, पी आई स्टॉफसिविल स्टॉफ एवं गणमान्य अतिथि शामिल रहे।

## डेंगू और मलेरिया के प्रकोप को देख चला स्वच्छता अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** डेंगू और मलेरिया के प्रकोप को देखते हुए। जिला पंचायत राज अधिकारी जी के आदेश क्रम में जनपद के सभी विकास खंडों में ग्राम पंचायत में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है जिससे कि संचारी रोग का बढ़ावा ना हो उससे निदान पाया जाए। आज दिनांक 4 जून 2024 को सहायक विकास पंचायत अधिकारी जी के आदेश क्रम में विकास खंड पल्हनी के ग्राम पंचायत बेलइसा के आसपास कूड़ा हटाते हुए कचरा हटाते हुए झाड़ू लगाते हुए दवा का छिड़काव करते हुए। संचारी रोकथाम नियंत्रण के तहत सरकार के आवाहन पर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों द्वारा जगह-जगह साफ सफाई किया जा रहा है इस समय जो तरह-तरह का रोग का प्रकोप चल रहा है उसे निदान पाने के लिए सम्मानित साथियों द्वारा माता और बहनों द्वारा अपने-अपने ग्राम पंचायत में साफसफाई करते हुए सफाई के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए कि आप लोग अपने घर के आसपास साफ सफाई करते रहिए इस समय जो मच्छर जनित रोगों का प्रकोप चल रहा है उसे निदान पाया जाए। आज के सफाई अभियान में जिला अध्यक्ष सीपी यादव वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गुलाब चौरसिया अभय चौहान आदि लोग मौजूद रहे विकासखंड पल्हनी जनपद आजमगढ़ स्वच्छ भारत मिशन एक कदम स्वच्छता।

## झांसी- ललितपुर मार्ग अमरपुर मण्डी पर रहा डायवर्ट

**अवधनामा संवाददाता**




**ललितपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर झांसी-ललितपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित अमरपुर मण्डी को मतगणना स्थल बनाया गया था। मतगणना स्थल पर सुबह निर्धारित समय 8 बजे से मतगणना प्रक्रिया शुरू की गयी। मतगणना को निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्बाद्ध रूप से संचालित रखते हुये कार्य किया जाना था। लिहाजा पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश व एएसपी अनिल कुमार और सीओ यातायात के निकट पर्यवेक्षण में यातायात की कमान यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने संभाली। मतगणना शुरू होने के पहले ही यातायात पुलिस ने अमरपुर मण्डी पहुंच कर मण्डी तक आने वाले झांसी से ललितपुर मार्ग को डायवर्ट कर दिया और ललितपुर से झांसी जाने वाले मार्ग को सुचारू रूप से संचालित रखा। भीषण गर्मी के बीच यातायात पुलिस कर्मी अपने प्वाइंटों पर डटे रहे और झांसी की ओर से आने वाले भारी, छोटे-बड़े सभी प्रकार के वाहनों को आगे बने कट से ही डायवर्ट कर दिया गया। इससे यातायात भी प्रभावित नहीं हुआ और मतगणना स्थल तक आने-जाने वाले सम्बन्धित अधिकारियों, पत्रकारों, प्रत्याशियों व मतगणना में जुटे कर्मियों को कोई भी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा। इस दौरान यातायात पुलिस कर्मी भी मुस्तैद रहे।

# एमजी इंडिया ने स्टॉर्म सीरीज में न्यू ग्लोस्टर को लांच किया

**लखनऊ।** 100 सालों की समृद्ध विरासत वाले ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी मोटर इंडिया ने भारत में एमजी ग्लोस्टर की नई डेजर्टस्टॉर्म और स्नोस्टॉर्म सीरीज पेश की है। नई एमजी ग्लोस्टर स्टॉर्म सीरीज को बारीकी से डिजाइन किया गया, जो अधिक लग्जीरियस और बोल्ड लुक प्रदान करती है। नई एमजी ग्लोस्टर डेजर्टस्टॉर्म, ब्लैकस्टॉर्म के तत्वों से प्रेरित डीप गोल्डन एक्सटीरियर के साथ आती है। वहीं, स्नोस्टॉर्म डुअल-टोन पर्ल व्हाइट और ब्लैक एक्सटीरियर में आती है जो निश्चित रूप से हर जगह सभी का ध्यान आकर्षित करेगी।

इस अवसर पर एमजी मोटर इंडिया के चीफ कमर्शियल ऑफिसर, सतिंदर सिंह बाजवा ने कहा कि ग्लोस्टर ने अपने डिजाइन, स्पेस, प्रीमियम फीचर्स के साथ बेजोड़ कम्फर्ट और कन्विनियंस के लिए एसयूवी पसंद करने वाले भारतीयों के बीच काफी लोकप्रियता हासिल की है। हमें पिछले साल लांच किए गए ग्लोस्टर ब्लैकस्टॉर्म के लिए प्रीमियम एसयूवी कस्टमर्स से पॉजिटिव रिस्पांस मिला है।



आज, हमें नए ग्लोस्टर डेजर्टस्टॉर्म और स्नोस्टॉर्म के लांच के साथ एक और माइलस्टोन की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है, ये दोनों ही आधुनिकता और सोफिस्टिकेशन के हमारे लक्ष्य को रेखांकित करती हैं। नई ग्लोस्टर स्टॉर्म सीरीज असाधारण और विशिष्ट अनुभव प्रदान करने और हाई-टेक सुविधाओं की पेशकश करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है, जो एमजी की प्रीमियम और बोल्ड होने की विरासत को बनाए रखती है।

नई ग्लोस्टर डेजर्टस्टॉर्म एक डीप गोल्डन एक्सटीरियर के शानदार कंट्रास्ट में आती है, जो कमांडिंग ब्लैक ग्रिल से लेकर रेड कैलिपर्स के साथ ब्लैक अलॉय व्हील्स तक बोल्ड ब्लैक हाइलाइट्स से पंक्चुएटेड है। डार्क-थीम वाले ओआरवीएम, रेड आइल एलईडी हेडलैम्प्स और हाइलैंड्स मिस्ट एलईडी टेललैम्प्स मिस्ट्री का टच जोड़ते हैं, जबकि ऑल-ब्लैक डोर हैंडल, डीएलओ गार्निश, रूफ रेल्स, स्पॉइलर और फेंडर गार्निश असेंबल को पूरा करते हैं। यह हर ड्राइव को स्टाइल और परफॉर्मेंस का स्टेटमेंट बनाते हैं। नए ग्लोस्टर डेजर्टस्टॉर्म के ब्लैक-थीम वाले इंटीरियर का उद्देश्य ड्राइविंग एक्सपीरियंस को बेहतर बनाना है। अपहोस्ट्री से लेकर ट्रिम्स तक, हर तत्व एक जीवंत और प्रीमियम एम्बियंस का प्रतीक है। इसके अलावा, व्हाइट स्टीचिंग के साथ ब्लैक स्टीयरिंग व्हील, व्हीकल की अपील में एक सटल लेकिन विशिष्ट टच जोड़ता है।

वहीं, नई ग्लोस्टर स्नोस्टॉर्म का स्लिक सिल्हूटएक रीडिफाइंड लग्जीरियस एलीगेंस को प्रदर्शित करता है और एडवेंचर और एक्सप्लोरेशन के लिए मंच तैयार करता है। नए एक्सटीरियर कलर पैलेट के साथ स्नोस्टॉर्म में डुअल-टोन पर्ल व्हाइट और ब्लैक एक्सटीरियर है। रेड इन्सर्ट के साथ हेडलैंप और रेड एक्सेंट के साथ पर्ल व्हाइट में हाइलाइट किए गए फ्रंट और रियर बम्पर के फीचर्स इस एडिशन को और शानदार लुक्स देते हैं। फ्रंट ग्रिल, अलॉय और रियर स्पॉइलर स्लीक ब्लैक के साथ तैयार किए गए हैं और स्पोर्टीनेस का टच जोड़ते हैं। आउटडोर हैंडल सहित एक्सटीरियर को ब्लैक फिनिश के साथ सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। वहीं, आउटसाइड रियर-व्यू मिरर ब्लैक फिनिश में है, जिसमें रेड इन्सर्ट, विंडो सराउंड, फेंडर गार्निश और ब्लैक टच के साथ फॉग गार्निश की झलक मिलती है। टेललाइट में स्मोक्ड ब्लैक इफेक्ट है, जो व्हीकल के आकर्षण में रहस्यात्मकता को जोड़ता है। सीटें और स्टीयरिंग व्हील को व्हाइड स्टहीचिंग के साथ ब्लैक थीम में सजाया गया है, जिससे एक रीडिफाइंड और इन्वायटिंग माहौल बनता है। ग्लोस्टर ड्राइविंग अनुभव को डीलर-फिटेड एक्सेसरीज की एक रेंज के साथ और भी बेहतर बनाया जा सकता है, जिसमें डेजर्टस्टॉर्म और स्नोस्टॉर्म बैज, सीट मसाजर, थीम कारपेट मैट, डैशबोर्ड मैट, क्रिस्टल क्लियर साउंड क्वालिटी के लिए प्रीमियम जेबीएल स्पीकर शामिल हैं।

# चुनाव नतीजों से शेयर बाजार में कोहराम, निवेशकों के 29.14 लाख करोड़ स्वाहा


**नई दिल्ली (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव परिणाम के कारण घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को कोहराम की स्थिति बन गई। शेयर बाजार आज करीब 6 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई थी, लेकिन दिन के कारोबार में मतगणना के रुझानों से बाजार पर लगातार दबाव बढ़ता गया। बाद में रुझानों से केंद्र में भाजपा की अगुवाई वाली एनडीए सरकार बनने की स्पष्ट संभावना नजर आने लगी, तो शेयर बाजार निचले स्तर से कुछ हद तक रिकवरी करने में भी सफल रहा। आज की गिरावट के कारण इंट्रा-डे में सेंसेक्स 6,200 अंक से अधिक टूट गया। इसी तरह निफ्टी भी इंट्रा-डे में करीब 2,000 अंक लुढ़क गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 5.72 प्रतिशत और निफ्टी 5.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार में मची भगदड़ के कारण निवेशकों को आज 29 लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो गया।



कोरोना काल के बाद शेयर बाजार में पहली बार इतनी जोरदार गिरावट देखी गई। आज के कारोबार के दौरान बीएसई के इंडस्ट्रियल, यूटिलिटी, एनर्जी, टेलीकॉम, ऑयल एंड गैस, कैपिटल गुड्स और पावर इंडेक्स में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह पीएसयू बैंक और मेटल सेक्टर के शेयरों में भी आज चौतरफा बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 8.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 6.79 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 29 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 396.77 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 425.91 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 29.14 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

# करदाताओं को रिफंड हासिल के लिए बैंक खाते को करना होगा सत्यापित




**नई दिल्ली (हि.स.)।** आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने वाले करदाताओं के लिए काम की खबर है। इनकम टैक्स विभाग ने करदाताओं को रिफंड प्राप्त करने के लिए बैंक अकाउंट को सत्यापित करने की सलाह दी है।

आयकर विभाग ने मंगलवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में करदाताओं को रिफंड प्राप्त करने के लिए अपने बैंक खाते को सत्यापित करने हेतु एक अनुस्मारक जारी किया है। विभाग ने जिन करदाताओं के पास कोई वैध बैंक अकाउंट नहीं है, उन्हें ई-मेल और एसएमएस के माध्यम से सूचित भी किया है।

विभाग ने करदाताओं से कहा कि ई-फाइलिंग पोर्टल पर अपने बैंक खाते की सत्यापन स्थिति की जांच https:ncometa&.gov.in/iec/fo portal/ पर जाकर करें। आयकर विभाग ने बैंक अकाउंट का सत्यापन करने के लिए जानकारी दी है।

विभाग के अनुसार सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट https:ncometa&.gov.in/iec/fo portal/ पर जाएं।अपने खाते में लॉगिन करें।

# आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड लखनऊ के दो छात्र नेशनल टॉपर बने

**नई दिल्ली।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने लखनऊ में अपने दो छात्र आयुष नौगरैया और आर्यन यादव की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में 720 में से 720 परफेक्ट स्कोर हासिल किया और ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त कर नेशनल टॉपर के रूप में उभरे हैं। साथ ही अन्य दो छात्रों में प्रणव श्रीवास्तव ने 716 अंक (ऑल इंडिया रैंक 71) और इकरा खान 711 अंक (एआईआर 327) हासिल किए हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को परिणाम घोषित किए हैं। स्टूडेंट्स की उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षकों, और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का बड़ा हाथ है। उनके साथी, परिवार और समर्थकों के एकजुट समर्थन ने उन्हें इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंचाया है। स्टूडेंट्स ने प्रभावशाली स्कोर हासिल करके अपने माता-पिता और आकाश इंस्टिट्यूट के पूरे स्टाफ को गौरवान्वित किया है।



स्टूडेंट्स नीट को क्रैक करने के लिए दो साल के क्लासरूम कोर्स में आकाश के साथ शामिल हुए थे, जिसे दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा माना जाता है। उन्होंने नीट में शीर्ष परसेंटाइल्स की कुलीन सूची में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने और उनके सीखने के कार्यक्रम के सख्त पालन में उनके प्रयासों को दिया। ÷हम आभारी हैं कि आकाश ने दोनों में मेरी मदद की है। लेकिन आकाश की सामग्री और कोचिंग के लिए, हमनें थोड़े समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझा होगा,÷ उन्होंने कहा।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ। एच। आर। राव ने कहा, सभी स्टूडेंट्स को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई। ÷हमें अपने स्टूडेंट्स की उपलब्धि पर गर्व महसूस हो रहा है। उनका प्रभावशाली स्कोर और एनईईटी 2024 में राष्ट्रीय टॉपर का खिताब हमारे छात्रों की क्षमता और हमारी शिक्षण पद्धतियों की प्रभावशीलता के चमकदार उदाहरण हैं। आकाश में, हम अपने छात्रों को उनके सपनों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए सर्वोत्तम संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन स्टूडेंट्स की सफलता निसंदेह कई और छात्रों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगी।

नीट प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा उन छात्रों के लिए योग्यता परीक्षा के रूप में आयोजित किया जाता है जो भारत में सरकारी और निजी संस्थानों में स्नातक चिकित्सा (एमबीबीएस), दंत चिकित्सा (बीडीएस) और आयुष (बीएएमएस, बीयूएमएस, बीएचएमएस, आदि) पाठ्यक्रम करना चाहते हैं। विदेश में प्राथमिक चिकित्सा योग्यता हासिल करने का इरादा रखने वालों के लिए।

आकाश हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों के लिए कई पाठ्यक्रम प्रारूपों में नीट कोचिंग प्रदान करता है। हाल के दिनों में, आकाश ने कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान बढ़ाया है। इसका आई ट्यूटर रिकॉर्डेड वीडियो व्याख्यान प्रदान करता है। मॉक टेस्ट वास्तविक परीक्षा परिदृश्य का अनुकरण करते हैं, इस प्रकार छात्रों को परीक्षा का सामना करने के लिए आवश्यक परिचितता और आत्मविश्वास मिलता है।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सस्ता हुआ सोना, चांदी में भी गिरावट



**नई दिल्ली (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव के परिणाम वाले दिन भी घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी सस्ता हुआ है। बाजार में आई इस गिरावट के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,100 रुपये से लेकर 72,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 66,090 रुपये से लेक्र 66,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 92,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# बिरला ओपस की इंटरैक्टिव एक्सपो का लखनऊ में आगमन हुआ

**■ बिरला ओपस ने अपनी पहुँच बढ़ाने का मिशन शुरू किया है, जिसके अंतर्गत यह भारत के 175 से ज्यादा शहरों में एक्सपो का आयोजन करेगा**

**लखनऊ।** आदित्य बिरला ग्रुप ने फरवरी 2024 में 'बिरला ओपस' के लॉन्च के साथ पेंट उद्योग में प्रवेश किया था। बिरला ओपस की शुरुआत के साथ आदित्य बिरला ग्रुप तेजी से बढ़ते हुए 80,000 करोड़ रुपये के भारतीय डेकोरेटिव पेंट उद्योग में प्रवेश कर गया, जिसके लिए कंपनी ने 10,000 करोड़ रुपये का बड़ा अग्रिम निवेश किया। कंपनी 2025 तक पूरे देश में छः मैनुफैक्चरिंग सुविधाएं स्थापित करके अपना पेंट व्यवसाय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। व्यापारिक समुदाय, खासकर डीलर्स, पेंटर्स, कॉन्ट्रैक्टर्स, आर्किटेक्ट्स और

BIRLA opus PAINTS

इंटीरियर डिज़ाईनर्स के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए कंपनी ने ये एक्सपो बिरला ओपस के उत्पाद और इनकी यूएसपी का प्रदर्शन करने के लिए डिज़ाईन की हैं। यहाँ पर ट्रेड पार्टनर्स को इन उत्पादों की बेहतर क्वालिटी का अनुभव लेने का मौका मिलेगा। यदि आप व्यापारिक समुदाय का हिस्सा हैं और इस विषय में ज्यादा जानने के इच्छुक हैं, तो 5 और 6 जून, 2024 (बुधवार और गुरुवार) को होटल एलीट कन्वेंशन, कानपुर हरदोई बाईपास रोड, पारा रोड, लखनऊ में पधारें और बिरला ओपस के उत्पादों की संपूर्ण श्रृंखला का अनुभव प्राप्त करें। बिरला ओपस ने भारत का अग्रणी पेंट ब्रांड बनने का सफर शुरू किया है। यह 145 से ज्यादा उत्पादों और 1200 से ज्यादा एसकेयू का पोर्टफोलियो पेश कर रहा है, जिनमें वॉटर-बेस्ड पेंट, इनैमल्स, वूड फिनिश, और वॉल पेपर शामिल हैं, जो 2300 से ज्यादा टिंटेबल कलर विकल्प प्रदान करते हैं। विभिन्न स्थानों पर आयोजित अपनी पिछली एक्स्पो और डीलर मीट्स को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद बिरला ओपस की टीम अब देश में 175 से ज्यादा स्थानों पर एक्स्पो आयोजित करने और व्यापारिक समुदाय के साथ अपने संबंध मजबूत करने के लिए उत्साहित है। बिरला ओपस ने अपने कलर्स के कैटलॉग में कुछ शेड्स लखनऊ को समर्पित किए हैं, जो नवाबों के शहर का जीवंत सार प्रदर्शित करते हैं। न्यूट्रल टिंट, ÷लखनऊ समर्स÷ और व्हाइट शेड 'नवाब्स कुर्ता' इस शहर की सुंदर वास्तुकला, संस्कृति, और यहाँ की मशहूर चिकनकारी एंब्रॉयडरी एवं यहाँ के लोगों से प्रेरित है।

इस एक्सपो के साथ ही लखनऊ उत्तर प्रदेश का पहला शहर बन गया है, जहाँ बिरला ओपस की विशेष पेंट गैलरी होगी। यहाँ बिरला ओपस का स्टैंड-अलोन पेंट्स स्टोर होगा, जहाँ ब्रांड की संपूर्ण रेंज और सभी उत्पाद ग्राहकों को उपलब्ध होंगे, और वो यहाँ आकर इन उत्पादों का अनुभव ले सकेंगे, इनके बारे में परामर्श प्राप्त कर सकेंगे और इन्हें खरीद सकेंगे। बिरला ओपस पेंट गैलरी की शुरुआत 7 जून, 2024 से अग्रवाल ट्रेडर्स, राजाजीपुरम, लखनऊ में होगी। बिरला ओपस के सीईओ, श्री रक्षित हर्गवे ने कहा, ''हम 175 से ज्यादा स्थानों पर एक्स्पो द्वारा भारत के हर कोने तक पहुँचने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और इन स्थानों पर व्यापारिक पार्टनर्स, जैसे डीलर्स, पेंटर्स, कॉन्ट्रैक्टर्स, आर्किटेक्ट्स, और इंटीरियर डिज़ाईनर्स को हाउस ऑफ बिरला ओपस पेंट्स के उत्पादों की पूरी श्रृंखला का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित करते हैं।

# नीतिगत सुधारों के साथ आवासीय मांग बढ़ाने की दिशा में काम करे नई सरकार

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट डेवलपर्स की संस्था नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल ने कहा है कि नई सरकार को रियल एस्टेट क्षेत्र में वृद्धि को लेकर नीतिगत सुधार करने के साथ आवासीय मांग को बढ़ावा देने के लिए मकान खरीदारों के साथ-साथ डेवलपर्स को कर प्रोत्साहन प्रदान करना चाहिए। संस्था ने विकास के लिए अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाने की भी मांग की। नरेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू का कहना है कि रियल एस्टेट क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जिसमें वृद्धि की काफी संभावनाएं हैं, लेकिन कई बड़ी चुनौतियां भी हैं।

2030 तक एक ट्रिलियन डालर के बाजार आकार तक पहुंचने और 2047 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उद्योग बनने के लिए हमें सरकारी समर्थन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बढ़ती हुई आवास ऋण मासिक किस्त से निपटने के लिए प्रमुख नीतिगत सुधारों को लागू करना और स्थिरता प्रोत्साहन शुरू करना आवश्यक है।

हरि बाबू ने कहा कि इसके अतिरिक्त वित्तीय सीमाओं को समायोजित करके तथा बिल्डर के लिए प्रोत्साहन प्रदान करके किफायती आवास को अधिक सुलभ बनाना विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र खासकर किफायती आवासीय क्षेत्र में वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए विशिष्ट नीतिगत सुधार आवश्यक हैं।

सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) के संस्थापक एवं चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र के साथ-साथ बुनियादी ढांचा क्षेत्र विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण है।

हमें विश्वास है कि नई सरकार मेट्रो तथा बड़े शहरों से परे बुनियादी ढांचे के विकास और रियल एस्टेट क्षेत्र पर अपना ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी, क्योंकि इनका अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।

# सिमरन चौधरी की लेटेस्ट रिलीज़ "चोरी" ने गोपनीयता और प्यार की कहानी के साथ भावनाओं को जाग्रत किया




**नई दिल्ली।** सिमरन चौधरी अपने नए सिंगल 'चोरी' के साथ भारतीय पॉप म्यूज़िक में हलचल मचा रही हैं। गोपनीय प्यार का रोमांच पेश करते हुए यह ट्रैक श्रोताओं को वासना और प्रलोभन की एक मधुर यात्रा पर ले जा रहा है। अपनी हृदयस्पर्शी मीठी धुन के साथ ''चोरी'' का ट्रैक पूरे विश्व के श्रोताओं के दिल में उतर जाएगा।

सिमरन की अलौकिक आवाज और राजा के मीठे बोलों के साथ इस ट्रैक का संगीत सिमरन और राजा ने मिलकर दिया है, और एडेन ने इसके साउंडस्केप का निर्माण किया है। इस ट्रैक की खट्टी-मीठी मैलोडी और नाजुक संरचना सिमरन द्वारा कहानी कहने की कला को निखार कर लाती है, और एक ऐसे अनुभव का निर्माण करती है, जो अंतरग होने के साथ शक्तिशाली भी है। फोल्किन रानी ईपी और नी भाबी के लिए काफी सराहना बटोरने के बाद सिमरन 'चोरी' के हर छंद में छिपे हुए रोमांस की जीवंत कल्पना का चित्रण कर रही हैं, जिसमें समय की गति स्थिर हो जाती है। यह एक ऐसा गीत है, जो खत्म होने के बाद भी आपकी स्मृति में लंबे समय तक बना रहेगा।

इस गीत के रिलीज़ के लिए उत्साहित सिंगर-परफॉर्मर सिमरन चौधरी ने कहा, ''छिपे हुए प्यार का रोमांच हर कोई अनुभव कर चुका है। यह बिल्कुल अलग तरह से होता है, और चोरी में इसी का चित्रण है। इस ट्रैक में उन जादुई क्षणों को पेश किया गया है, जो दुनिया से छिपे हुए हैं, पर उनका अनुभव बहुत गहराई से होता है। इस गीत के निर्माण का सफर बहुत गहरा और भावनापूर्ण था। अभिव्यक्तिपूर्ण और लोकसंगीत से प्रेरित तत्वों के साथ इस ट्रैक में मैंने एक नया आकर्षक सफर शुरू किया है, और संगीत के नए क्षेत्रों में उतरकर इनोवेटिव साउंड्स के साथ प्रयोग किया है। मुझे उम्मीद है कि श्रोता भी वही रोमांच और तीव्रता महसूस करेंगे, जो यह गीत बनाते हुए मुझे महसूस हुआ।''

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने वैश्विक स्तर पर नंबर 1 बनने की दिशा में जिम्मेदार संसाधनों के उपभोग के लिए एकजुट हों, की थीम वाला 'पर्यावरण माह' मनाया

**बैंगलोर।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपने टोयोटा पर्यावरण माह की शुरुआत की घोषणा की। यह एक समर्पित महीना (जून 2024) होता है जो पर्यावरण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने तथा हरित, ससटेनेबल भविष्य के प्रचार-प्रसार और जरूरत की बात करने के लिए है। टोयोटा पर्यावरण चुनौती 2050 (टीईसी 2050) तथा इस वर्षकी थीम वैश्विक स्तर पर नंबर 1 बनने की दिशा में जिम्मेदार संसाधनों के उपभोग के लिए एकजुट हों द्वारा समाहित अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण में जटिल रूप से बुनी गई भिन्न पहल के एक समूह के माध्यम से, कंपनी का लक्ष्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति गरूकता और कार्रवाई को बढ़ावा देना है। इसमें मुख्य रूप से जल प्रबंधन तथा वनरोपण के साथ प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र के पुनरुद्धार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के लिए संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की थीम से पूरी तरह मेल खाता है, जो भूमि पुनरुद्धार, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने के महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोर देता है। इसे हमारी भूमि, हमारा भविष्य के नारे के साथ प्रस्तुत किया गया है। यही नहीं, इसे #GenerationRestoration भी कहा गया है। गुजरे कुछ वर्षों में, टीकेएम ने सचेत रूप से ससटेनेबल व्यावसायिक व्यवहारों को अपनाया है और एक कार निर्माता से एक मोबिलिटी कंपनी में तब्दील हो गया है। ग्रह के प्रति सम्मान के अपने सिद्धांत का ध्यान रखते हुए, टोयोटा ने अक्टूबर 2015 में वैश्विक स्तर पर ' टोयोटा पर्यावरण चुनौती 2050×#39; (टीईसी 2050) की घोषणा की थी। इसमें छह पर्यावरणीय चुनौतियाँ शामिल हैं। तीन चुनौतियों का पहला समूह हमारे उत्पादों और विनिर्माण गतिविधियों सहित इसकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला से कार्बन तटस्थता प्राप्त करने पर केंद्रित है। बाद की तीन चुनौतियों का उद्देश्य पानी के उपयोग को कम करने और अनुकूलित करने, रीसाइकिल-आधारित समाज को सक्षम करने तथा प्रकृति के साथ सद्भाव, में भविष्य के समाज की स्थापना करके शुद्ध सकारात्मक प्रभाव पैदा करना है।

अपने संसाधनों का प्रबंध जिम्मेदारी से करने के लक्ष्य के साथ, टीकेएम ने एक समग्र दृष्टिकोण

अपनाया है और विभिन्न ससटेनेबल पहल में सक्रिय रूप से लगा हुआ है। कंपनी ने महत्वपूर्ण

उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें भूजल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि शामिल है जो वित्त वर्ष 2022-23 में मानसून के बाद (2009 में 90 फीट से) 16.1 फीट पर है। विनिर्माण और गैर-विनिर्माण अनुप्रयोगों के लिए 51,000 घन मीटर क्षमता वाले वर्षा जल संचयन तालाब हैं। उत्पादन के लिए पानी की आवश्यकता का 95% रीसाइकिल्ड और वर्षा जल संचयन के माध्यम से पूरा किया जाता है। इसके अलावा, टीकेएम कचरे की बढ़ी हुई रीसाइकिलिंग क्षमता के साथ 96त्न तक रीसाइकिल करने वाले समाज को बढ़ावा दे रहा है।

पर्यावरण संरक्षक के रूप में, कंपनी ने प्रकृति संरक्षण में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पिछले कुछ वर्षों में, टीकेम ने मियावाकी अवधारणा का उपयोग करके अपने कारखाना परिसर में 112 एकड़ में 328,000 से अधिक पेड़ लगाए हैं। यह ×ह्लब्शह्ल;संभावित प्राकृतिक वनस्पति" की अवधारणा के आधार पर जंगलों को बहाल करने और पुनर्निर्माण करने पर केंद्रित है और इसी एप्लिकेशन ने जैव विविधता बनाने और खाद्य श्रृंखला तथा पारिस्थितिकी की सहायता करने के लिए देशी प्रजातियों को लगाकर टीकेएम के परिसर के भीतर एक ' प्राकृतिक वन ' बनाने में मदद की है। स्थानीय जैव विविधता को बहाल करने के प्रयासों को और आगे बढ़ाने के लिए, टीकेएम ने अत्याधुनिक ' इकोज़ोन ' की स्थापना की है, जो टीकेएम के प्लांट सुविधा में स्थित थीम पार्कों वाला एक अनुभवात्मक शिक्षण केंद्र है, जो जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट से मूल्य, पारिस्थितिकीय संतुलन, जल संसाधन प्रबंधन आदि सहित प्रकृति संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर ज्ञान-साझाकरण के माध्यम से योगदान करना जारी रखता है।

# कांग्रेस ने भाजपा से छीना अपना गढ़

## किशोरी लाल शर्मा ने स्मृति ईरानी को दी करारी शिकस्त

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** आखिरकार कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी से 5 साल बाद अपनगढ़ छीन ही लिया। यहां कांग्रेस ने अंतिम समय में किशोरी लाल शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया और भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी को करारी शिकस्त देने में सफलता हासिल की। उल्लेखनीय है की स्मृति ईरानी 2024 में तीसरी बार संसदीय क्षेत्र अमेठी से चुनाव मैदान में थी।

वर्ष 2014 में जब वह पहली बार अमेठी से चुनाव लड़ी तो उन्होंने पुरजोर मेहनत करते हुए लगभग 3 लाख मत हासिल किया लेकिन लगभग डेढ़ लाख मतों से वह राहुल गांधी से चुनाव हार गई थी। केंद्र में भाजपा की सरकार बनी उसमें वह मंत्री बनी। इस बीच में लगातार अमेठी में अपनी उपस्थिति बनाए रखा।वर्ष 2019 में भाजपा ने फिर उन्हें प्रत्याशी बनाया और पुरजोर मेहनत करते हुए उन्होंने जनता का विश्वास हासिल करते हुए राहुल गांधी को लगभग 50000 से अधिक मतों से शिकस्त दी। सरकार में वे फिर मंत्री बनी।इधर 5 साल बाद फिर लोकसभा चुनाव हुआ 2024 के चुनाव में राहुल गांधी के इंतजार में अमेठी की जनता रही लेकिन आखिरी मौके पर उन्होंने रायबरेली से चुनाव लड़ना तय किया और अमेठी से किशोरी लाल शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया। बहुत कम समय में किशोरी लाल शर्मा ने अमेठी में जनसभाएं की प्रियंका गांधी राहुल गांधी अखिलेश यादव और मल्लिकार्जुन खड़गे सहित तमाम कांग्रेस नेताओं ने यहां पर पूरी मेहनत करते हुए जनता को भरोसा दिलाया। आखिरकार किशोरी लाल शर्मा लगभग डेढ़ लाख मतों के अंतराल से स्मृति ईरानी को हराकर कांग्रेस का यह गढ़ वापस लाने में सफल हो गए। चुनाव के दौरान अमेठी में तमाम आरोप प्रत्यारोप के तीर चले लेकिन जनता ने उसे खारिज किया और कांग्रेस के पक्ष में जनमत देते हुए किशोरी लाल शर्मा के जीत का मार्ग प्रशस्त किया। किशोरी लाल शर्मा ने इसे अमेठी की जनता और कांग्रेस की जीत बताते हुए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।जिला मुख्यालय स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में मंगलवार को निर्धारित समय पर मतगणना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रारंभ हुई आरंभिक दौर में बैलेट मतों की गिनती में स्मृति ईरानी किशोरी लाल शर्मा से आगे हुई लेकिन उसके बाद किशोरी लाल शर्मा ने लगातार बढ़त बनानी शुरू की और हर चक्र में बढ़त बनाते गए कांग्रेसियों के हौसले बढ़ते अंतराल को देखकर बुलंद होते रहे और आखिर समय आते-आते किशोरी लाल शर्मा डेढ़ लाख के मतों के अंतराल से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी स्मृति ईरानी से आगे पहुंच गए निर्णायक बढ़त देखकर जहां कांग्रेसियों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया वहीं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मायूस हो गए। समाचार लिखे जाने तक निर्वाचन आयोग की ओर से प्रत्याशी के जीत का अधिकृत ऐलान नहीं किया गया था। लेकिन कांग्रेस पार्टी की ओर से जारी किए गए मतों के आंकड़े के अनुसार किशोरी लाल शर्मा को 536492 मत बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नन्हे सिंह को 34408 मत और भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी स्मृति ईरानी को 370470 मत मिले बताए गए हैं। कांग्रेसी अपने पार्टी प्रत्याशी की जीत का जश्न मना रहे हैं।

### अमेठी की जनता व कांग्रेस का ऋणी हूं: केएल शर्मा



**अमेठी।** लोकसभा चुनाव जीतने के बाद किशोरी लाल शर्मा ने प्रेस के माध्यम से अमेठी की जनता और कांग्रेस पार्टी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मजबूत और सशक्त लोकतांत्रिक देश का सबसे राष्ट्रीय पटल पर सुप्रसिद्ध अमेठी एवं अमेठी की प्यारी जनता का राजनैतिक मेलजोल बडा ही अद्भुत अनुकरणीय और शिखर पर रहा। श्री शर्मा ने कहा कि यह जीत किशोरी लाल शर्मा की नहीं जीत तो संपूर्ण अमेठी परिवार की है आप सभी अमेठी वासियों कांग्रेस पार्टी सोनिया गांधी मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करता हूं और आप सबको यह विश्वास दिलाता हूं कि अमेठी आम जनमानस का आदेश निर्देश व सुझाव का मैं सदैव पालन करूंगा। आप सब के प्रति समर्पण त्याग प्यार स्नेह और सम्मान के साथ जनहित कार्यों में सतत प्रयत्नशील रहूंगा आप सबके सहयोग से अब अमेठी में जनता और जनप्रतिनिधि का रिश्ता सम्मान पूर्वक पुनः स्थापित ही नहीं बल्कि प्रत्येक अमेठी वासी अपने को गौरवान्वित महसूस करें यह मेरा अटूट दृढ संकल्प होगा।

# भाजपाइयों ने मनाई जीत की खुशी छोड़े पटाखे, बांटी मिठाइयां



सदर विधायक डाक्टर शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की देवरिया में शानदार जीत के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता साथियों एवं देवरिया की महान जनता का बहुत-बहुत धन्यवाद हम सब मिलकर देवरिया की सेवा करेंगे और जो परिणाम देवरिया के हित में आया है हम सब उसको सार्थक करेंगे।

**डॉक्टर शलभ मणि त्रिपाठी**
**विधायक देवरिया सदर**



भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि यह जीत पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और देवरिया की जनता के अपार स्नेह का परिणाम है, मैं सभी का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।

**भूपेंद्र सिंह**
**जिलाध्यक्ष, भाजपा**

### भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि ने 36 हजार वोटों से जीते

भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि ने देवरिया लोकसभा सीट पर महत्वपूर्ण जीत दर्ज करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह को लगभग 36,000 वोटों से पराजित किया। यह जीत भाजपा के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है और इससे पार्टी की क्षेत्र में पकड़ और मजबूत हुई है। शशांक मणि ने अपने चुनाव अभियान के दौरान स्थानीय मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया और जनता के बीच अपनी नीतियों और विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी लोकप्रियता और जमीनी स्तर पर काम करने की शैली ने उन्हें मतदाताओं के बीच एक मजबूत समर्थन दिलाया। कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह, जो गठबंधन के उम्मीदवार थे, ने भी जोरदार चुनाव प्रचार किया और क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया। हालांकि, वे शशांक मणि की लोकप्रियता और भाजपा के संगठनात्मक शक्ति के सामने टिक नहीं पाए। चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद, शशांक मणि ने अपने समर्थकों और क्षेत्र की जनता को धन्यवाद दिया और विश्वास दिलाया कि वे देवरिया के विकास और प्रगति के लिए निरंतर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा, यह जीत केवल मेरी नहीं है, बल्कि देवरिया की जनता की जीत है। मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं और वादा करता हूं कि आपके विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी मेहनत करूंगा। देवरिया की जनता ने एक बार फिर से भाजपा पर अपना विश्वास जताया है, जिससे स्पष्ट होता है कि भाजपा की नीतियाँ और शशांक मणि का जनसमर्थन क्षेत्र में मजबूत है। इस जीत से भाजपा को आगामी चुनावों के लिए भी प्रोत्साहन मिलेगा और वे अपने विकास के एजेंडे को और मजबूती से आगे बढ़ा सकेंगे।





अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** देवरिया लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि की जीत पर केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी मनाई और पटाखे जलाकर जीत का जश्न मनाया । दोपहर बाद से ही पुरवा स्थित भाजपा केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा सभी जीत का अंतर जानने के लिए उत्सुक रहे शाम को जब रिजल्ट आया तो सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और पटाखे जलाकर जीत की खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ताओं ने शशांक मणि को फूल मालाओं से लाद दिया तथा जय श्री राम के नारे से पूरा कार्यालय परिसर गूंज उठा । जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह और शशांक मणि ने कार्यकर्ताओं के जोश को देखकर हाथ जोड़कर अभिनंदन किया और सभी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर निवर्तमान सांसद डाक्टर रमापति राम त्रिपाठी, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सदर विधायक डाक्टर शलभ मणि त्रिपाठी, एमएलसी डाक्टर रतनपाल सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र चौरसिया, गिरीश चंद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, प्रमोद शाही, प्रभाकर तिवारी, आनंद शाही, मनीष सहाय, निर्मला गौतम, सुधीर श्रीवास्तव, अरविंद पांडे, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, रमेश वर्मा, नागेशपति तिवारी सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गोवर्धन उठाकर श्रीकृष्ण ने इंद्र का किया मानमर्दन



**भेंटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के सेमरा गांव में चल रही श्रीमदभागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन हुआ। कथा में श्री कृष्ण की बाल लीलाओं को सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। मंगलवार को श्री मद भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित गंगा सागर तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं को सुनाते हुए बताया कि पूतना वध अघासुर बकासुर जैसे राक्षसों का अंत करके श्री कृष्ण ने धरती वासियों को सुख दिया। मां यशोदा ने जब भगवान श्री कृष्ण के मुख में पूरे ब्रह्मांड को देखा तो वे आश्चर्य चकित हो गई। व्यास ने कथा में गोवर्धन पूजा की कथा सुनाते हुए बताया कि गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के जलावृष्टि से श्री कृष्ण ने जहां गोकुल वासियों की रक्षा किया। वहीं इंद्र का भी मान मर्दन किया। कथा यजमान पंडित बाबू लाल तिवारी राम राज त्रिपाठी ने आए हुए श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। पंडित अवधेश तिवारी एवं आचार्य अनिल पांडेय ने व्यास पीठ का पूजन यजमान को पूजन कराया। इस मौके पर डॉ घनश्याम द्विवेदी अवधेश तिवारी हरी राम पाण्डेय चंद्रिका प्रसाद मिश्र जगत नारायण मिश्र हरि शंकर मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## परिवर्तन की लहर पर सवार रहा मतदाता

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव में अमेठी संसदीय क्षेत्र का मतदाता यहां सत्ता के विरोध में परिवर्तन की लहर पर सवार दिखाई पड़ा। सभी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी को काफी मत मिले जिसके कारण बढ़ती हुई बढ़त आखिर तक निर्णायक दौर में पहुंच गई।विधानसभा क्षेत्र अमेठी और सलोन का ग्राफ कुछ ज्यादा अंतराल पर रहा वहीं तिलोई जगदीशपुर और गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र में कुछ मतदान केंद्रों पर कांटे की टक्कर दिखाई पड़ी तो कहीं भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी को बढ़त मिली कहीं कांग्रेस प्रत्याशी को बढ़त मिलती दिखाई दे रही थी।चक्र वार मतगणना के दौरान यह दिखाई दे रहा था कि कांग्रेस प्रत्याशी का मत प्रारंभ से भारी होता गया जिसको संतुलित करने में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी अक्षम साबित हुई और आखिरकार अंतराल इतना लंबा हो गया कि इस गैप को भरना नामुमकिन हो गया और कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी को शिकस्त देते हुए अपने गढ़ को जीतकर खोई हुई प्रतिष्ठा वापस हासिल कर ली।यहां एक बात यह स्पष्ट दिखाई पड़ी की अमेठी संसदीय क्षेत्र का मतदाता सत्ता के विरोध में परिवर्तन की लहर पर सवार हो गया था मतदान के दिन भी मतदाताओं का स्वर मुखर रहा लेकिन एग्जिट पोल वालों ने इसको दूसरे दृष्टिकोण से लेते हुए अमेठी की सीट भी भाजपा की झोली में डाल दी थी। जिसको लेकर आम जनमानस के बीच तीखी प्रक्रिया भी हो रही थी आज चुनाव परिणाम आने के बाद लोग एग्जिट पोल पर कहीं-कहीं हंसी उड़ाते भी दिखाई दे रहे थे।

## लोकसभा की जनता ने तोड़ दिया बड़बोले विनोद सोनकर का गुरुर, मिली शिकस्त

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** कौशाम्बी लोकसभा की जनता ने बड़बोले विनोद सोनकर का गुरुर तोड़ने का काम बाखूबी किया गया है। जनता ने न तो भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में दिग्गजों ने हुए चुनावी जनसभाओं में मंच से राम मंदिर न हु हिंदुत्व की आड़ में माथा टेका बल्कि पहली बार राजनीतिक गलियारे में पहुंच कर भाग्य आजमाने आये पूर्व मंत्री व सपा के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज के पुत्र पुष्पेन्द्र सरोज को एक लाख 15हजार से अधिक भारी मतों से संसद भेजने का इतिहास रच दिया है।

मंगलवार को हुई मतगणना में ईवीएम से निकलकर लोकसभा 50 सीट से जीत कर सांसद के रूप में पुष्पेन्द्र सरोज का युवा चेहरा जनता के सामने आया है। पुष्पेन्द्र सरोज का सांसद निर्वाचित घोषित होने की खबर मिलते ही बधाई देने वालो का सैलाब ओसा मंडी के पास उमड़ पडी।

### देश में सबसे कम उम्र के सांसद बने पुष्पेंद्र

सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज चुनाव जीत गये। उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी विनोद सोनकर को एक लाख 15 हजार से अधिक वोटो से हराया है। देश मे सबसे कम उम्र के सांसद पुष्पेंद्र सरोज बने है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज के बेटे पुष्पेंद्र सरोज है। बीजेपी से दो बार के सांसद विनोद सोनकर को हराकर जीत दर्ज किया।

**कौशाम्बी की जनता की ऐतिहासिक जीत**

कौशाम्बी की जनता की ऐतिहासिक जीत है। सपा उम्मीदवार पुष्पेंद्र सरोज 1 लाख 15 हजार से अधिक मतो से बीजेपी के विनोद सोनकर को चुनावी शिकस्त दी है। पुष्पेंद्र सरोज ने कहा कि उनकी जीत कौशाम्बी की जनता की ऐतिहासिक जीत है। वह जानता की उम्मीद पर खरे उतरने के लिए कटिबद्ध है। पिता इंद्रजीत सरोज के काम के बदौलत जीत का ताज हासिल करने में वह कामयाब रहे।

## कौशाम्बी से भाजपा प्रत्याशी संगम लाल हारे



**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना पूरी हो गई है,लोकसभा कौशाम्बी सीट से सिटिंग सांसद और भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर और प्रतापगढ़ लोकसभा सीट से सिटिंग सांसद भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता चुनाव हार गए है। कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर और प्रतापगढ़ सांसद संगम लाल गुप्ता मतगणना के दौरान प्रतापगढ़ जनपद के मतगणना स्थल पर मौजूद थे, जैसे ही एहसास हुआ कि वह दोनो अपनी अपनी सीट हार गए है, वह दोनो अपने समर्थको के साथ मायूस होकर बाहर निकल गए।

## बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के गांव की एक बालिका 6 महीने पहले 8 जनवरी को अपने कोखराज थाना क्षेत्र के बघेला पुर गांव के रहने वाले अपने जीजा के साथ मुंबई भाग गई थी आरोप है कि बालिका के साथ मारपीट और उसे प्रताड़ित किया जाता था संदिग्ध परिस्थितियों में 3 जून को बालिका की मुंबई में मौत हो गई है बालिका के भाई ने कोखराज थाना पुलिस को तहरीर दे करके अपने जीजा और अपने विवाहित बहन उसके सास ससुर पर गंभीर आरोप लगाए हैं बालिका के भाई का कहना है कि जीजा और उसके परिवार के लोगों की प्रताड़ना से उसकी बहन की मौत हुई है।

## रमाशंकर राजभर के चुनाव जीतने पर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**सलेमपुर, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सलेमपुर से इंडिया गठबंधन, सपा प्रत्याशी रमाशंकर राजभर के चुनाव जीतने पर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने नगर के सोहनाग मोड़ के समीप आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान कांग्रेस के सलेमपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी डॉ धर्मेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि यह जीत लोकतंत्र व संविधान बचाने वाले लोगों की जीत है। यहां की जनता ने गठबंधन को जिताकर विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। सपा नेता पूर्व प्रमुख भीम सिंह ने कहा कि यह जीत पीडीए की जीत है। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से यह मिली है। सलेमपुर के पूर्व चेयरमैन सुधाकर गुप्त ने कहा कि रमाशंकर राजभर के नेतृत्व में सलेमपुर लोकसभा का चतुर्दिक विकास होगा। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मार्कण्डेय मिश्र ने कहा जाता यह जीत गठबंधन के कार्यकर्ताओं के मेहनत का प्रतिफल है। खुशी का इजहार करने वालों में प्रमोद गौतम, कामरेड प्रेमचंद यादव, गोपाल यादव, प्रदीप यादव, कांग्रेस के अखिलेश मिश्र, सत्यम पाण्डेय, लालसाहब यादव, प्रेमचंद वर्मा, मनोज पाण्डेय, सैयद फिरोज अहमद, पप्पू प्रधान,गिरिजाशंकर, हरेराम यादव, अमित यादव, राकेश यादव, सुरेन्द्र यादव,मुन्ना यादव, सतीश पाण्डेय, मनीष पाण्डेय, प्रिंस पाण्डेय, आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# कुशीनगर में अपनी सीट बचाने में सफल हुए विजय कुमार दुबे



नवनिर्वाचित सांसद को जीत का प्रमाण पत्र देते डीएम



मतगणना स्थल का जायजा लेते डीएम व एसपी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कुशीनगर संसदीय सीट पर लगातार दूसरी बार भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दुबे का दबदबा रहा। जीत का परचम लहराने के बाद श्री दुबे अपनी सीट बचाने में सफल हो गए। 2019 के चुनाव में जिस तरह से भारी बहुमत से जीत दर्ज किया था उसके अपेक्षा इस बार के चुनाव में काफी अंतर देखने को मिला है। इन्होंने ने अपने प्रतिद्वंदी सपा के उम्मीदवार अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह को 81796 मतों से करारी शिकस्त देकर कुशीनगर का किंग बन गए।

बता दें कि लोकसभा चुनाव में कुशीनगर सीट पर एक जून को मतदान संपन्न हुआ था। इस संसदीय क्षेत्र के खड्डा विधानसभा क्षेत्र में 56.44 फीसदी, कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र में 56.90 फीसदी, पडरौना विधानसभा क्षेत्र में 58.03 फीसदी, रामकोला विधानसभा क्षेत्र में 56.16 फीसदी और हाटा विधानसभा क्षेत्र में 56.54 फीसदी समेत कुशीनगर संसदीय क्षेत्र में कुल 57.57 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिसका मतगणना आज 4 जून मंगलवार को सुबह 8 बजे से शुरू हुआ। शुरुआती रुझान में सपा गठबंधन के प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह को बढ़त मिली लेकिन कुछ ही राउंड गिनती के बाद भाजपा के विजय कुमार दुबे बढ़त बनाने लगे। बीच बीच में कई बार रोचक परिणाम आए लेकिन दोपहर बाद स्थिति साफ हो गई। विजय कुमार दुबे लगातार बढ़त बनाते गए और शाम तक करीब 5,16,345 मत पाकर सपा गठबंधन प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह को 81796 मतों से शिकास्त दे दिया। अजय सिंह को कुल 4,34,210 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। जबकि बसपा के शुभ नारायण चौहान 67136 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के उम्मीदवार स्वामी प्रसाद मौर्य को 36559 मत, वेद प्रकाश मिश्र को 2332, सुनील कुमार शुक्ला को 3529 जबकि नोटा को 9774 मत मिले। उधर भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दुबे की जीत दर्ज करने के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जगह-जगह पटाखे फोड़े गए तथा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। मतगणना फाइनल होने के बाद जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र दिया।

- अपने प्रतिद्वंदी सपा उम्मीदवार अजय सिंह को भारी मतों से दी शिकस्त
- 2019 चुनाव के अपेक्षा इस बार जीत में रहा अंतर

### किस प्रत्याशी को कितने मिले वोट

| | |
|---|---|
| विजय कुमार दुबे | 516006 |
| अजय प्रताप सिंह | 434210 |
| शुभ नारायण चौहान | 67137 |
| स्वामी प्रसाद मौर्य | 36559 |
| वेदप्रकाश मिश्र | 2332 |
| सुनील कुमार शुक्ला | 3529 |
| हरिकेश | 4094 |
| अमिय उपाध्याय | 2431 |
| रामचंद्र सिंह | 3614 |
| नोटा | 9774 |
| **कुल मत पड़े** | **1079200** |

### एक नजर में कुशीनगर जनपद की फोकस

तथागत गौतम बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली के रूप में कुशीनगर वैश्विक मानचित्र पर प्रमुखता से अंकित है। यह क्षेत्र बुद्ध और गुप्तकाल के कई प्राचीन धरोहरों को भी समेटे हुए है। मान्यता है कि यह क्षेत्र भगवान श्रीराम के पुत्र कुश की राजधानी था और तब इसका नाम कुशावती था। इस सीट पर पहली बार 2009 में आम चुनाव हुए जिनमे कांग्रेस के रंजीत प्रताप नारायण ने जीत दर्ज की। साल 2014 में यहां पर भारतीय जनता पार्टी विजयी हुई और राजेश पाण्डेय सांसद बने। इसके बाद 2019 में भाजपा के विजय दुबे सांसद चुने गए। इस क्षेत्र में देवरिया जनपद के हिस्से भी आते हैं। विधानसभा और मुद्दे कुशीनगर जिले की कुल आबादी 35,64,544 लाख है। इसमें खड्डा, हाटा, पडरौना, रामकोला और कुशीनगर विधानसभा शामिल है। स्थानीय मुद्‌दों में गन्ना किसानों की बदहाली, मूलभूत संसाधनों की कमी प्रमुख है। वहीं विकास की धीमी गति, शिक्षा और बेरोजगारी भी मुद्दे हैं।

### सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हुई 14 टेबलों पर हुई मतगणना

मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू हुई जो देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम था। मतगणना स्थल का डीएम उमेश मिश्रा, डीआईजी गोरखपुर व एसपी धवल जायसवाल प्रेक्षक के साथ जायजा लेते रहे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 14 टेबल लगाए गए थे जिसमें कुल 392 कार्मिक मतगणना कर रहे थे। दस प्रतिशत कार्मिक रिजर्व में रहे। मतगणना में पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए पांच टेबल लगाए गए, जबकि तमकुहीराज और फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र के पोस्टल बैलेट गणना के लिए देवरिया भेज दिया गया।

**पांच प्रत्याशियों से ज्यादा नोटा को मिला वोटः** एक जून को हुए लोकसभा चुनाव में नोटा को भी वोट दिया है। मतगणना सम्पन्न होने के बाद नोटा को कुल 9752 मत मिले। अन्य पांच प्रत्याशियों के तुलना में नोटा को सबसे ज्यादा वोट मिले।

**पोस्टल बैलेट में सपा की हुई जीतः** लोकसभा चुनाव में कुशीनगर सीट पर भले ही भाजपा प्रत्याशी को जीत मिली हो लेकिन पोस्टल बैलेट में हार का सामना करना पड़ा है। बैलेट पोस्टल के मतगणना में सपा के अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह को 345 तो भाजपा के विजय कुमार दुबे को 339 मत मिले। इस तरह से पोस्टल बैलेट में सपा की जीत हुई है।

## कुशीनगर में भाजपा की हैट्रिक जीत, जश्न में डूबे कार्यकर्ता

### विजय कुमार दुबे लगातार दूसरी बार बने कुशीनगर के सांसद



भाजपा कार्यालय पर जश्न मनाते पदाधिकारी व कार्यकर्ता

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कुशीनगर लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी विजय कुमार दूबे की लगातार दूसरी बार विजय पर पूरे लोकसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। इसके पूर्व 2014 में भाजपा से ही राजेश उर्फ गुड्डु पांडेय ने जीत दर्ज की थी। इस तरह से कुशीनगर सीट पर भाजपा की हैट्रिक जीत है। मतगणना के दौरान जैसे जैसे विजय दुबे की लीड बढ़ती गई वैसे वैसे पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश बढ़ता गया। दोपहर बाद जैसे ही भाजपा को निर्णायक बढ़त मिली पदाधिकारी व कार्यकर्ता जगह जगह पटाखे फोड़े और मिठाई बांटना शुरू कर दिए। यह जश्न देर रात तक जारी रहा। रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में भी जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों द्वारा पटाखे फोड़े गए और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने इस जीत पर भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं और सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं ने भीषण गर्मी में भी पार्टी की नीतियों कार्यक्रमों को जनता के बीच ले जाने में अथक परिश्रम किया और मोदी की गारंटी को जन जन तक पहुंचाया। कहा कि जनता ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की दिशा में अपना जनादेश दिया है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विनोद भारती, जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, कार्यालय व्यवस्था प्रमुख भीखम प्रसाद, एडवोकेट किशोर यादव, प्रवीण मिश्र गुंजन, अमित राय, अवधेश प्रजापति, ऋषिकेश सिंह, मण्डल अध्यक्ष, मुकुंद पाण्डेय, अरुण राय, डॉ पंकज दुबे, विकास यादव, दीपक पाण्डेय, मनीष चौधरी सहित दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जेष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगल पर जगह-जगह हुआ शरबत और प्रसाद वितरण

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जेष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगल पर नगर सहित ग्रामीण अंचल में शर्बत और प्रसाद वितरण की धूम रही।बताया गया है कि ज्येष्ठ मास के मंगलवार का विशेष महत्व है। शास्त्रों के अनुसार ज्येष्ठ माह में मंगलवार को हनुमान जी को तुलसी दल की माला अर्पित की जाती है। साथ ही मीठी चीजों का भोग लगाकर उनकी स्तुति करते हुए हलवा पूरी और जल का दान करना शुभ माना गया है। मान्यता है कि ऐसा करने से मंगल संबंधी हर समस्या का निदान हो जाएगा। नगर स्थित हनुमानगढ़ी धाम टीकरमाफी आश्रम स्थित हनुमानगढ़ी देवीपाटन स्थित हनुमान मंदिर महाजपुर स्थित हनुमान मंदिर सोमपुर मनकंठ स्थित हनुमान मंदिर गढ़ा माफी सहित अन्य मंदिरों पर पूजन अर्चन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी दिखाई पड़ी। श्रद्धालुओं ने मंदिरों के साथ ही घरों में सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ बजरंग बाण पाठ आदि कर हनुमान जी का पूजन अर्चन किया। नगर में विभिन्न स्थानों पर स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

# सपा के अक्षय यादव ने 89,582 से भाजपा को हराया

**मतगणना प्रारम्भ से लेकर मतगणना पूरी होने तक सपा प्रत्याशी अक्षय यादव ने भाजपा प्रत्याशी विश्वदीप सिंह को आगे नहीं निकलने दिया। हर मतगणना के चक्कर में अपनी जीत बरकरार रखी। भाजपा प्रत्याशी विश्वदीप सिंह पर मोदी गारन्टी भी नहीं चली। अवधनामे ने 7 मई को हुए मतदान दिवस के दिन ही अपनी समीक्षा कर 8 मई के अंक में यह लिख दिया था कि फिरोजाबाद लोकसभा में कमल पर साईकिल भारी पड़ेगी।**





**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद 20 लोकसभा की मतगणना अपने तय समय के अनुसार 8 बजे भारी चाक-चौबन्ध व्यवस्थाओं के बीच प्रारम्भ हुयी। कड़ी दोपहर, भारी गर्मी के बावजूद भी जिला प्रशासन के आला अधिकारियों से लेकर इलेक्शन कमीशन के प्रेक्षक तथा मतगणना की व्यवस्थाओं में जुटे कर्मचारी पूरी मुस्तैदी के साथ लगे रहे और सकुशल शान्तिपूर्वक निष्पक्ष मतगणना पूर्ण करायी गयी। मतगणना के पूरे 32 चक्र पूर्ण होने पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अक्षय यादव को विजयी घोषित करते हुए मतगणना को अन्तिम रूप दिया गया। जनपद फिरोजाबाद की विधानसभा शिकोहाबाद क्षेत्र के अन्तर्गत मण्डी समिति में मतगणना केन्दऊ बनाया गया था जहां पर पहले ही चक्र में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अक्षय यादव ने अपने प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी विश्वदीप सिंह से 2168 मतों से बढ़त हासिल की। जबकि बसपा प्रत्याशी चौधरी बशीर ने प्रथम चक्र में मात्र 3067 मत प्राप्त किए थे। कहने को तो फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर 7 प्रत्याशी मैदान में थे। जिनमें से प्रमुख रूप से आमना-सामना सपा और भाजपा में था तो वहीं बसपा को तीसरे नम्बर पर देखा जा रहा था। जबकि शेष 4 प्रत्याशी डमी के रूप में ही शुरू से अन्त तक दिखायी दिए। वह बात अलग है कि चारों डमी प्रत्याशियों ने भी 14,296 मत प्राप्त किए। वहीं नोटा के भाग्य में भी 5273 मत आए। सपा प्रत्याशी अक्षय यादव ने जिस तरह पहले ही चक्र से भाजपा प्रत्याशी विश्वदीप सिंह से बढ़त बनायी थी वह बढ़त निरन्तर चलती रही। बीच-बीच में सपा प्रत्याशी ने बढ़त लगभग 1,14000 मतों तक से बनायी थी। इस तरह बढ़त कम ज्यादा तो होती रही लेकिन भाजपा प्रत्याशी को बराबर तो बहुत दूर की बात सपा प्रत्याशी अक्षय यादव ने आगे नहीं आने दिया। मतगणना पर लगी लोगों की निगाहें देख-देख कर यही चर्चा होती नज़र आयीं कि फिरोजाबाद लोकसभा में मोदी की गारन्टी किसी भी विधानसभा में चलती दिखायी नही दी। इस तरह मतगणना के कुल 32 चक्रों के परिणाम आने पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अक्षय यादव ने 5,82,865 मत प्राप्त किए जबकि भाजपा के विश्वदीप सिंह ने मात्र 4,53,283 मत प्राप्त किए। देखा जाए तो भाजपा प्रत्याशी ने 2019 में जितने मत प्राप्त किए थे। 2024 के इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने उतने मत भी प्राप्त नहीं किए। 2019 में फिरोजाबाद लोकसभा से विजयी हुये डॉ0 चन्दऊसेन जादौन ने 4,95,819 मत हासिल किए थे। वहीं बसपा प्रत्याशी चौधरी बशीर ने मात्र 90,243 मत प्राप्त किए। इस प्रकार सपा प्रत्याशी अक्षय यादव ने दोनों प्रतिद्वंदियों को पीछे छोड़कर 89,582 मतों से जीत हासिल की।

## समाजवादी पार्टी ने भाजपा से सीट छीनी

**शिकोहाबाद।** फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव के सुपुत्र अक्षय यादव ने यह सीट भाजपा प्रत्याशी विश्वदीप सिंह को हराकर जीत ली। लोकसभा सीट जीतने के बाद सपा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। नगर में ढोल नगाड़े बजा कर और मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। समाजवादी पार्टी की मानी जाने वाली सीट वर्ष 2019 में भाजपा ने छीन ली थी। जिसके बाद समाजवादी पार्टी अपनी इस सीट को जीतने के लिए 2024 के चुनाव में छह माह पूर्व से ही तैयारियों में जुट गई थी। सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव ने



अपना पूरा समय क्षेत्र में दिया। इस दौरान उन्होंने गांव-गांव जाकर लोगों से बैठकें कर सपा प्रत्याशी अक्षय यादव को जिताने के लिए दिन रात एक किया। आज चुनाव परिणाम आने के बाद उनकी मेहनत रंग लाई। वहीं सपा प्रत्याशी अक्षय यादव ने भी पार्टी के कार्यकर्ताओं को साथ लेकर क्षेत्र में जमकर प्रचार प्रसार किया था। पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी एक जुट होकर पार्टी प्रत्याशी को जिताने के लिए दिन रात एक कर दिया था। पूरी पार्टी एक टीम भावना से लड़ी और उसने जीत हासिल की। सपा के प्रत्याशी अक्षय यादव ने यह सीट 89185 वोट से जीत ली। सपा के अक्षय यादव को कुल मत 541689 मिले जबकि उनके प्रतिद्वंदी भाजपा के विश्वदीप को 452504 मत मिले। वहीं बसपा के प्रत्याशी चौधरी बसीर अहमद को 90844 वोट मिले। समाजवादी पार्टी ने पहले ही राउंड से बढ़त बनाई जो दूसरे राउंड में पीछे रह गए। इसके बाद जब बढ़त हासिल की तो सपा प्रत्याशी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। जीत के बाद सपा प्रत्याशी अक्षय यादव ने जनपद के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

# प्रत्याशी चयन में अनदेखी भाजपा को पड़ी महंगी

**चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी का संगठन और आरएसएस से नहीं बन सका तालमेल**

**शिकोहाबाद।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद में जिस तरह से प्रत्याशी चयन में स्थानीय संगठन के साथ प्रदेश संगठन की अनदेखी की, उसका नतीजा भाजपा को पार्टी प्रत्याशी की हार से चुकाना पड़ा। प्रत्याशी की घोषणा नामांकन से मात्र एक दिन पूर्व करने और प्रत्याशी द्वारा भाजपा संगठन और आरएसएस से कोई तालमेल न बैठाने का नतीजा पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा। चुनाव के दौरान जिस तरह से भाजपा नेताओं को फिरोजाबाद सीट को लेकर जीत की पूरी संभावना थी, वो मतगणना के दौरान धूमिल हो गई। भाजपा को इस हार से सबक जरूर लेना चाहिए और पार्टी के निचले स्तर से ऊच्च स्तर तक के संगठन के कार्यो की समीक्षा करनी चाहिए। इसके साथ ही भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में भी नाराजगी रही। जो पूरे चुनाव के दौरान अपनी ढपली अपना अलाप रागते नजर आए। इसके बाबजूद पार्टी संगठन ने स्थानीय स्तर पर आकर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में तालमेल बैठाने की कोशिश नहीं की गई। लोगों ने जमकर भितरघात भी किया। पूरे दिन प्रत्याशी के साथ रहने के बाद वोट के लिए दूसरी पार्टी के प्रत्याशी के लिए प्रचार किया। जनपद में भाजपा नेताओं की आपसी खींचतान और झगड़ों को सुलझाना होगा। तभी पार्टी अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। हार का दूसरा फैक्टर ओवर कोन्फीडेंस भी रहा। भाजपा के प्रदेश संगठन के साथ ही केंद्रीय संगठन को भी एसा आभास नहीं था कि देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में पार्टी का इतना खराब प्रदर्शन रहेगा। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा भाजपा को एकबार फिर भारी पड़ी। पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी के कार्यकाल में भी भाजपा के लोगों को अतिउत्साह हो गया था, जिसकी बजह से पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। वही गलती इस बार भी भाजपा ने दोहराई है। भाजपा के प्रदेश एवं केंद्रीय संगठन के पदाधिकारियों को इस पर गहनता से मंथन करना होगा। तभी भाजपा वर्ष 2027 के चुनाव में प्रदेश में भाजपा की सरकार को रिपीट कर सकती है, अन्यथा भाजपा को 2027 में भी इन नतीजों को दोहराना पड़ सकता है।

## हत्या के प्रयास में वांछित दो शातिर दबोचे

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास में वाँछित दो शातिर अभियुक्तों को घटना में प्रयुक्त एक अदद देशी पिस्टल 32 बोर मय 02 अदद कारतूस 32 बोर व 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर मय 02 अदद कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना उत्तर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 347/2024 धारा 307/504 भादवि में वाँछित अभियुक्तगण 1. दीपक पुत्र विमल निवासी किशन नगर गली नं0-2 बम्बा बाईपास रोड, आकाश पुत्र विमल कुमार पता किशन नगर गली नं0-2 बम्बा बाईपास रोड थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को नगला पान सहाय रैपुरा रोड स्थित सी0एन0जी0 पम्प के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# झाँसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र में फिर खिला कमल का फूल

**लगातार दूसरी बार अनुराग शर्मा ने दर्ज की शानदार जीत**

**काँग्रेस-सपा गठबंधन का जिले में पहले से बेहतर हुआ प्रदर्शन**



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** कृषि उत्पादन मण्डी अमरपुर में अभूतपूर्व सुरक्षा प्रबन्धों के बीच जिले में लोकसभा चुनाव के लिए हुए मतों की गणना का कार्य शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया है। लोकसभा चुनाव में जिले से भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा को लगातार दूसरी बार मतदाताओं ने खूब पसंद किया। शुरू से ही मतगणना में बढ़ते बनाते हुये आखिरकार अनुराग शर्मा ने झाँसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र से लगातार दूसरी बार जीत हाँसिल की। जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में संघर्ष तो देखने को मिला, लेकिन गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य ही अपना अस्तित्व बचाते नजर आये। हालांकि महरौनी व ललितपुर विधानसभा में कांग्रेस-सपा गठबंधन का प्रदर्शन पहले से बेहतर हुआ है, लेकिन गठबंधन भी कोई खास प्रभाव नहीं दिखा सका।

अमरपुर स्थित नवीन गल्ला मण्डी में मतगणना के लिए सुरक्षा के अभेद प्रबंध सुनिश्चित किये गये थे। सुबह निर्धारित समय 8 बजे से ही मतगणना कार्य शुरू हो गया था। जिले में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए 20 मई को हुए मतदान में जिले की महरौनी व ललितपुर दोनों विधानसभाओं के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। इन मतों की गिनती के लिए सजाये गये विधानसभावार पण्डालों में 21-21 टेबिलें लगायी गयी थीं, इसमें एक-एक अतिरिक्त टेबिल आर.ओ. के लिए लगायी गयी थीं। विधानसभा महरौनी की मतगणना के लिए 28 राउण्ड व ललितपुर विधानसभा में मतगणना के लिए 28 राउण्ड खोले गये। मतगणना शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने अमरपुर कृषि उत्पादन मण्डी समिति को छावनी में तब्दील कर दिया गया था, वहीं सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह-जगह बेरियर लगाकर वाहनों की आवाजाही रोक दी गयी थी। झांसी की ओर आने-जाने वाले वाहन बाईपास से होकर गुजारे गये। मतगणना स्थल पर अनाधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश नहीं करने दिया गया। जिन्हें प्रशासन द्वारा पास जारी किये गये, वही मतगणना केन्द्र पर प्रवेश पा सके। गल्ला मण्डी के अंदर भी पुलिस का कड़ा पहरा था।

**किस प्रत्याशी को मिले कितने वोट** - लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना प्रक्रिया के उपरान्त जिला प्रशासन की ओर से जारी अंतिम प्रपत्र में अंकित किया गया है कि भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अनुराग शर्मा को कुल 174521 मत प्राप्त हुये। गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य को 123880 वोट प्राप्त हुये। वहीं बसपा प्रत्याशी रवि प्रकाश को 17024 मत मिले। चन्दन सिंह को 593 वोट, इं.दीपक कुमार वर्मा को 393 वोट, इन्द्रासिंह को 522 वोट, गनेश राम को 764 वोट, धर्मेंद्र प्रताप को 683 वोट, रमेश को 1498 वोट, लखनलाल को 1946 वोट और नोटा को 4153 वोट प्राप्त हुये। इस प्रकार कुल 325977 मत गिने गये।

अच्छों-अच्छों की खुली कलई

पार्टी में प्रतिष्ठापूर्ण पद हासिल करने के अलावा चुनाव संचालन का जिम्मा लेने वाले पदाधिकारी के गांव व मोहल्लों में प्रदर्शन काफी लचर होने से अब शायद वह मुंह छिपाते घूम रहे होंगे। सपा-कांग्रेस गठबंधन और काँग्रेस के कई कद्दावर नेता अपने मोहल्लों में ही पार्टी के लिए वोट नहीं दिलवा सके। कई नेताओं के तो परिवार के पूरे वोट भी पार्टी प्रत्याशी को नहीं मिले। वहीं भाजपा ने हर गली, मोहल्ले में धमाकेदार प्रदर्शन कर सभी को चौंका दिया। मोहल्ला कई मोहल्ले जहां सपा के कद्दावर नेताओं का आवास होने के साथ-साथ यह क्षेत्र सपा का गढ़ माना जाता है लेकिन इन क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी को तीन अंकों तक के ही वोट हांसिल हुए।

# राम भुआल निषाद ने मेनिका गांधी को हराया

**जिले में भाजपा को वोटरों ने नहीं, बल्कि खुद भाजपाईयों ने हराया**

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** 38-सुल्तानपुर लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी प्रत्याशी पूर्व मंत्री राम भुआल निषाद ने सुल्तानपुर की सांसद रहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका संजय गांधी को लगभग 45 हजार मतों के अंतर से हराकर सीट हथिया ली है। चर्चा है कि स्थानीय भाजपा नेताओं का पूरा सहयोग न मिलना भी हार का एक कारण रहा है।जो राम को लाये थे, हम उनको लायेंगे,भाजपाईयो का यह नारा लोगो ने जरूर सुना होगा, किन्तु सिर्फ सुना था, उसके भावार्थ को मतदाताओं द्वारा नजर अंदाज कर दिया गया था। आखिरकार जिले के भाजपाईयो ने चुनाव पूर्व जो नारा लगाया था,उसे मतगणना में दिखा भी दिया। जिले के भाजपाईयो ने अपने नारे में यही कहा था, कि जो राम को लाये है, हम उनको लायेंगे,अगर उनकी मंशा को देखे, तो उन्होंने करके दिखा भी दिया। आपको याद होगा भगवान् श्रीराम जब 14 वर्ष का बनवास काटकर अयोध्या वापस लौटे थे, तो उनके साथ केवट भी अयोध्या आए थे। जिले के भाजपाई खेवनहारो द्वारा राम को गंगा नदी को अपने नाव से पार करवाने वाले केवट जाति के राम भुआल निषाद को जिले में सांसद की कुर्सी सौंपकर अपने कहे हुए नारे को सिद्ध करके दिखा दिया।

## मां की जमींन पर अवैध रूप से कब्जा करने का लगाया आरोप

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला नेहरू नगर निवासी अच्युत स्वास्थ्य पुत्र लक्ष्मीकांत ने कोतवाली महरौनी पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरिया लटकन झूम उसकी पुश्तैनी जमीन है जो उसकी मां के नाम है। वह अपनी मां के साथ शहरी इलाके में रहता है और समय-समय पर गांव जाकर अपनी जमीन की देखभाल भी करता है। लेकिन कुछ समय से वह गांव नहीं गया, जिसका फायदा उठाते हुए गांव में ही रहने वाले दबंग प्रवृत्ति के विपक्षी जगदीश पुत्र भगवान दास आदि ने मिलकर एक राय होकर उसकी मां की जमीन पर जबरन अवैध रूप से कब्जा कर लिया। उसे जब इस बात की जानकारी हुई और उसने गांव जाकर जब दबंग की इस हरकत पर विरोध जताया, तो उन्होंने सरेआम गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली महरौली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर सभी नाम जड़ आरोपियों के खिलाफ 447, 504, 506 धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# लंभुआ तहसील के कर्मचारियों की मनमानी आई सामने

**अवधनामा संवाददाता**

**आम जनता त्रस्त कर्मचारी मस्त**

**सुल्तानपुर।** एक तरह जहा हिट बेब यानी भीषण गर्मी का कहर लोग झेल रहे है,तो वही कर्मचारी है कि आम जनता का इसी गर्मी में दोहन करते नजर आ रहे है।ये पूरा मामला लंभुआ तहसील से जुड़ा हुआ है।जहा भूलेख काउन्टर पर तहसील कर्मियों द्वारा जनता का दोहन किया जा रहा है। अपनी खतौनी लेने के लिए आई आम जनता को घण्टो इस चिलचिलाती धूप में खड़ा रहना पड़ता है। घण्टो लाइन में लगने के बाद भी उन्हें खतौनी नही मिल पाती है। भूलेख काउंटर पर बैठे कर्मचारी कभी सर्वर ना होने का बहाना तो लाइट ना होने का रोना रो कर आम जनता को कड़ी धूप में घण्टो खड़ाकर बिना खतौनी दिए वापस लौटा देते है। वही अगर बात करे भूलेख काउंटर पर आने वाले आमजनता की सुविधाओ की,तो वहां जिम्मेदार अधिकारी एक पंखा लगाना भी मुनासिब नही समझते है। अब सवाल उठता है कि इस भीषण गर्मी में आम जनता घण्टो लाइन में खड़ी रहती है की उसे खतौनी मिलेगी लेकिन आखिर में उसे निराशा हाथ लगती है वही अगर इस गर्मी में किसी की तबियत बिगड़ी या कोई अनहोनी किसी के साथ होती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा यह सबसे बड़ा सवाल निकल कर सामने आता है। देखा जाए तो भूलेख काउंटर पर बैठे कर्मचारियों के लिए पंखा इनवर्टर बैटरी इत्यादि की व्यवस्था उपलब्ध है लेकिन आम जनता के लिए कुछ भी नहीं वही भूलेख खतौनी निकलने पर 20 शुल्क देना पड़ता है तो साहब क्या कुछ नहीं बचता की प्रिंटर चलाने के लिए एक इनवर्टर बैटरी ही लगा लेते जो लाइट का बहाना बताते हैं वही सेटिंग गेटिंग वाले लोग अंदर से ही खतौनी निकलवा लेते हैं भोली भाली जनता लाइन में खड़ी रहती है अगर किसी को अपने गाटा संख्या नहीं पता है तो लंभुआ में खतौनी नाम से नहीं निकलते हैं साहब अब भोली भाली जनता का इस हीट वेव में कौन सहारा बने जहां तहसील परिसर में एक वाटर कूलर लगा है वह भी नहीं चल रहा था।

# वार्डवासियों ने जलापूर्ति कराने को लेकर दिया ज्ञापन



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** नगर के वार्ड नंबर 17 के सिविल लाइंस द्वितीय में जल की आपूर्ति के ठप्प हो जाने से वहा की जनता को खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा। बता दे की गर्मियों के चलते क्षेत्र में पिछले महीने से जल आपूर्ति बाधित है। कई दिनों से क्षेत्र में जल सप्लाई बिलकुल बंद हो गई है। इसके फलस्वरूप क्षेत्रीय लोगों को पानी की एक एक बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। इस विषय में वार्ड नं 17 के सिविल लाइंस 2 क्षेत्र वासियों ने जल आपूर्ति ठप्प होने पर चिंता जाहिर की और अपनी शिकायत को एक ज्ञापन के माध्यम जलापूर्ति सुचारू करने हेतु जिलाधिकारी के नाम से उप जिला अधिकारी को एवं झांसी डिवीजन जल संस्थान के कार्यालय में अधिशासी अभियंता को सौंपा। उपस्थित लोगों ने अधिकारियों को बताया प्रति वर्ष ग्रीष्म काल में हमेशा क्षेत्र के लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। संबंधित अधिकारियों द्वारा पहले से इस संकट से निपटने की तैयारी नही की जाती है और इससे लोगों को जल के अभाव में मुस्किल दौर से गुजरना पड़ता है। इस बार इस समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। ज्ञापन देते समय पार्षद कुन्दन पाल, प्रभुजी पारासर, शशि शर्मा, कपिल सराफ, उमेश झा, स्वप्निल बरया, कुलदीप जैन, आयुष शर्मा, निकुंज तिवारी आदि मौजूद थे। इस पर अधिकारियों द्वारा आपूर्ति को ठीक करने का आश्वासन दिया गया।

# चंद मिनट में किडनी से सात एमएम का स्टोन किया बाहर




**ये कारनामा कर दिखाया सर्जरी के पितामह डां. आरपी सिंह ने**

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** सर्जरी के पितामह कहे जाने वाले वरिष्ठ सर्जन डां.आरपी सिंह की सर्जरी का आज भी कोई सानी नही है,बढ़ती उम्र के बाद भी कभी-कभी बीमारियों की जटिलताएं और मरीज़ों के असहाय दर्द को दूर करने के लिए वयोवृद्ध सर्जन डां.आरपी सिंह ने हमेशा एक जिम्मेदार नागरिक और अपने हुनर का लोगों के लिए उपयोग करने में कभी भी कंजूसी नही दिखाई, सरकारी सेवा में उच्च पदो पर रहते हुए आम लोगों के लिए हमेशा उपलब्ध रहने और उनकी समस्याओ के निस्तारण के लिए तैयार रहना उनकी आदत में शुमार है,सोमवार को मेडिकल कॉलेज में एक 50 वर्षीय व्यक्ति भर्ती था,जिसकी किडनी में 7 एमएम का स्टोन था,डां.आरपी सिंह नें चंद मिनट में किडनी से स्टोन बाहर करते हुए मरीज को नई जिंदगी देने का काम डां.सिंह द्वारा किया गया,उक्त अवसर पर ब्लडबैंक प्रभारी/वरिष्ठ एनेस्थेटिक डां.आरके मिश्रा भी मौके पर मौजूद रहे,मरीज के परिजनों ने डां.आरपी सिंह व डां.आरके मिश्रा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया।

## रंगदारी न देने पर मजदूर की जमकर की पिटाई

**भदैया,सुल्तानपुर।** विकास क्षेत्र के गांव धरौली चौराहे पर रंगदारी नहीं देने पर एक अपराधी ने मजदूर की पिटाई कर दी। जिससे मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित मजदूर ने अपराधी के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात में तहरीर दी है। बताया जाता है कि चितई का पुरवा (धरौली) गांव का राजाराम काम की तलाश में गया था काम न मिलने पर घर लौट रहा था रास्ते में धरौली चौराहे लाल मोहम्मद ने राजाराम को रोकते हुए रंगदारी की मांग की। राजाराम ने विरोध किया तो लाल मोहम्मद ने अपने हाथ में लिए लाठी डंडों से से राजाराम की पिटाई करना प्रारंभ कर दिया। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर राजाराम की जान बचाई, गंभीर रूप से घायल राजाराम ने बताया कि लाल मोहम्मद पर कई मामले दर्ज हैं।

# केडीसी में संपन्न हुआ मतगणना कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतगणना कार्य को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुव्यस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से नियुक्त किये गये मतगणना पर्यवेक्षकों, माइक्रो आब्ज़र्वर्स व मतगणना सहायक का द्वितीय प्रशिक्षण स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि सभी कार्मिक पूरी शालीनता, धैर्य एवं संयम का परिचय देते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार गणना का कार्य सम्पन्न करायेंगे। डीएम मोनिका ने कहा कि सभी कार्मिक पूरी तरह से तटस्थ रहते हुए अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए पूरी सावधानी के साथ रिजल्ट शीट की प्रतियों को भरने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी लोग इस प्रकार से कार्य करेंगे जिससे पोलिंग एजेन्ट भी आपकी कार्यवाही से संतुष्ट हो जाएं। प्रशिक्षण के दौरान जिला प्रशिक्षण अधिकारी व अन्य अधिकारियों द्वारा भी मतगणना कार्मिकों को मतगणना के बारे में तकनीकी, व्यवहारिक एवं आयोग के दिशा निर्देशों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक डीआरडीए राज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व गणना कार्य के लिए नियुक्त किये गये मतगणना पर्यवेक्षक, माइक्रो आब्ज़र्वर व मतगणना सहायक मौजूद रहे।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट जोन/ | लखनऊ–उ०रे० ०रे०उ/वाणिज्य–मण्डल– |
|---|---|
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं/ | 19402-SLR-F2-LKO-ADI-22-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.06.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.06.2024 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं/ | 12231-SLR-F2-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.06.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.06.2024 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं/ | 12419-SLR-F2-LKO-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.06.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.06.2024 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं/ | 14207-SLR-F2-PBH-DLI-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.06.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.06.2024 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं/ | 14229-SLR-R1-PYGS-YNRK-22-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.06.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.06.2024 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं/ | 14217-SLR-R1-PYGS-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.06.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.06.2024 at 13:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं/ | 22122-SLR-F2-LKO-LTT-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.06.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.06.2024 at 13:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं० ० लॉट सं/ | 14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.06.2024 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.06.2024 at 13:40 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No.: C/SLR Leasing contract-2019/KS Date:- 04.06.2024 1661/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# यह प्रमाण पत्र भाजपा, अपना दल को समर्पित: अनुप्रिया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** जीत का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पश्चात अनुप्रिया पटेल ने कहा- यह प्रमाण पत्र भाजपा, अपना दल और एनडीए के सभी साथी दलों के कार्यकर्ताओं को समर्पित है। उन सभी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का यह प्रमाण पत्र है। मिर्जापुर की जनता का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करती हूँ कि मिर्जापुर की बेटी मिर्जापुर के दिल में बसती है। आज इस प्रमाण पत्र से उन्होंने इस बात को तीसरी बार कहा है। मुझे तीसरी बार आशीर्वाद देने के लिए मिर्जापुर के मतदाताओं का दिल से आभार और देश के मतदाताओं का एनडीए गठबंधन को हैट्रिक लगाने के लिए दिल से आभार और बहुत बहुत धन्यवाद।

## राजनाथ सिह, पंकज चौधरी व अनुप्रिया पटेल को छोड़ कर यूपी में मोदी सरकार के सभी मंत्री चुनाव हारे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कई केंद्रीय मंत्रियों को हार का सामना करना पड़ा है। राजनाथ सिह , पंकज चौधरी व अनुप्रिया पटेल को छोड़ कर यूपी में मोदी सरकार के सभी मंत्री चुनाव हार गए हैं । लखनऊ से मोहनलालगंज लोकसभा सीट से केन्द्रीय राज्य मन्त्री कौशल किशोर को सपा के आर के चौधरी ने हरा दिया। वही फतेहपुर से लोकसभा सांसद व केन्द्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने हराया है। जालौन से केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा को सपा प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार ने हराया वहीं चंदौली से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडे को समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह ने हराया है। केंद्रीय मंत्री



स्मृति ईरानी को कांग्रेस के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने 90000 वोट से हराया वही लखीमपुर खीरी से केंद्रीय राज्य मंत्री अजय मिश्रा को सपा के लोकसभा प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा ने हराया पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान को सपा के हरेंद्र मलिक ने हरा दिया है।

# गोंडा से भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन ने लगाई हैट्रिक

**कैसरगंज से करण भूषण जीते**

अवधनामा ब्यूरो



**गोण्डा/लखनऊ।** गोंडा और कैसरगंज सीटों पर एक बार फिर कमल खिला है। एक तरफ गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने भाजपा के टिकट पर हैट्रिक लगाई तो दूसरी ओर कैसरगंज से भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह ने अपना पहला चुनाव जीतकर पिता बृजभूषण शरण सिंह की साख बचा ली। गोंडा लोकसभा सीट से कीर्तिवर्धन सिंह ने 2014 के चुनाव में सपा प्रत्याशी नंदिता शुक्ला को 1.60 लाख वोटों से हराकर पहली बार भाजपा के टिकट पर जीत हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा के विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह को 1.66 लाख मतों के अंतर से हराया था। इस बार इंडिया गठबंधन ने सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा को चुनाव मैदान में उतारा था। माना जा रहा था कि श्रेया जीत दर्ज कर अपने दादा बेनी प्रसाद वर्मा की हार का बदला ले सकेंगी। कुर्मी, यादव और मुस्लिम वोटों की बदौलत वह संसद तक पहुंचेंगी। मगर जातीय जुगलबंदी भी उन्हें जीत नहीं दिला पाई। ऐसे में कीर्तिवर्धन सिंह तीसरी बार जीत हासिल करने में सफल हो गए। इसी तरह कैसरगंज से सांसद बृजभूषण शरण सिंह का टिकट काटकर भाजपा ने इस बार उनके बेटे करण भूषण सिंह को चुनाव मैदान में उतारा। करण भूषण ने पहली बार में ही सपा प्रत्याशी भगतराम मिश्र को शिकस्त दी है। यहां भी सपा की ब्राह्मण वोटों की सेंधमारी कोई खास असर नहीं डाल पाई। करण भूषण ने देवीपाटन मंडल में सबसे अधिक वोटों से जीत दर्ज कराई है।

# डॉ. बी. एन. तिवारी ने तीसरा आयरनमैन खिताब हासिल किया

अवधनामा ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे केंद्रीय अस्पताल, नई दिल्ली के एक प्रसिद्ध अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक /जीआई और एचपीबी ऑंको सर्जन डॉ. बिश्वनाथ तिवारी ने आयरन मैन हैम्बर्ग चैंपियनशिप 2024 में अपना तीसरा आयरनमैन खिताब हासिल करके एक बार फिर इतिहास रच दिया है। उन्होंने पहले भी दो बार आयरनमैन चैंपियनशिप पूरी की है और अब तीसरी बार आयरनमैन चैंपियनशिप पूरी करके उन्होंने एक और शानदार उपलब्धि हासिल की है। डॉ. तिवारी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने उन्हें पहले भारतीय रेल अधिकारी और भारत के ऐसे पहले सर्जन हैं, जिन्होंने तीन आयरनमैन खिताब हासिल किए हैं।

आयरनमैन चैंपियनशिप में 3.8 किलोमीटर समुद्र में तैराकी, 180 किलोमीटर साइकिलिंग और 42 किलोमीटर की दौड़ शामिल होती है। डॉ. तिवारी ने अपने पिछले व्यक्तिगत रिकॉर्ड में सुधार करते हुए इस स्पर्धा को मात्र 12 घंटे और 58 मिनट में पूरा किया। उन्होंने यह कारनामा डेनमार्क में आयोजित पहली आयरन मैन चैंपियनशिप में बनाए गए अपने पिछले रिकॉर्ड से 7 मिनट कम समय में पूरा किया। डॉ. तिवारी ने कहा कि समुद्र की लहरों और ठंडे पानी के विपरीत तैरना और हवा की गति के विपरीत साइकिल चलाना बहुत कठिन और चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उन्होंने दृढ़ता से इस चैंपियनशिप को पूरा किया।

## ड्रोन कैमरे से निगरानी और वीडियोग्राफी का कांग्रेस ने लागया आरोप

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय की ड्रोन कैमरे से निगरानी और वीडियोग्राफी का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने प्रमुख सचिव गृह और पुलिस महानिदेशक से पूछा कि आखिर आप क्या कार्रवाई करना चाहते हैं। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने कहा



कि प्रदेश पुलिस ड्रोन कैमरे से निगरानी और वीडियोग्राफी कर रही थी जो टोकने पर भाग खड़ी हुई। उन्होंने प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव गृह और पुलिस महानिदेशक से पूछा कि जब देश में लोकसभा चुनाव की मतगणना हो रही है तो इस तरह की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी का क्या इरादा है। डॉ. राय ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के साथ देश की आम जनता ने भी लड़ाई लड़ी है। इसी वजह से भारतीय जनता पार्टी बुरी तरह से हार रही है और देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। डॉ. राय ने कहा कि बड़ी संख्या में ऐसी सीटें हैं जिनमें जीत-हार का मार्जिन बहुत कम है। कई जगहों पर कार्यकर्ताओं ने शिकायत की है कि सत्ता की ताकत से उन सीटों को हराने का प्रयास हो रहा है। जनता ऐसी कोई हरकत बर्दाश्त नहीं करेगी।

## अजेंद्र सिंह राजपूत बने हमीरपुर के नये सांसद

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** महोबा- तिंदवारी लोकसभा संसदीय क्षेत्र 47 में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजेंद्र सिंह राजपूत ने किया भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल कोद 2629 मतों से पराजित कर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को जीत की हैट्रिक बनानें से रोकनें में सफल हुए। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल की आपत्ति



पर कुछ इवीएम मशीनों की दो बार रिकौनटिंग भी करा गयी इस के बावजूद सपा के प्रत्याशी नें सफलता हासिल की।विजयी प्रमाणपत्र जिलाधिकारी अधिकारी /रिटर्निंग आफिसर राहुल पाण्डेय नें रात 10 बजे के बाद दिया तब तक सपा समर्थन अन्दर बाहर चट्टान की तरह डटे रहे।

# मेरा जीवन काशी की सेवा को सतत समर्पित रहेगा: अजय

**सत्ता बल की धौंस और भारी धन बल के निवेश के मुकाबले काशी की महान जनता ने विपुल जनसमर्थन का जितना आशीर्वाद दिया वह सत्ता के शीर्ष दुर्ग के खिलाफ मेरी नैतिक जीत है।**



**कांग्रेस और सपा की जीत के साथ इंडिडा गठबंधन को भारी सफलता से अभिभूत हूं : कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और वाराणसी से इंडिया गठबंधन उम्मीदवार अजय राय ने चुनाव परिणाम के बाद कहा कि सत्ता बल की धौंस और भारी धन बल के निवेश के मुकाबले काशी की महान जनता ने विपुल जनसमर्थन का जितना आशीर्वाद दिया वह सत्ता के शीर्ष दुर्ग के खिलाफ मेरी नैतिक जीत है। बाबा विश्वनाथ की कृपा और शिवस्वरूप काशीवासियों से मिले इस प्रेम का मैं जीवन की आखिरी सांस तक ऋणी रहूंगा। मेरा जीवन काशी की सेवा को सतत समर्पित रहेगा। श्री राय ने कहा कि काशी ने मुझे जिस तरह दस लाख पार के दंभी नारे को औंधे मुंह कर भारी जनसमर्थन दिया वह मेरी हार में भी जीत है। मैं और इंडिडा गठबंधन के हमारे साथी इस लोकतांत्रिक युद्ध में निहत्थे पैदल थे। दूसरी ओर सत्ता की चकाचौंध और संसाधना का सैलाब था। मंत्रियों से लेकर राज्यपालों तक की फौज मेरे खिलाफ काशी में घर-घर घूम रही थी। धन और सत्ता शक्ति के जबरदस्त निवेश के बावजूद संकीर्ण जीत पाने में शीर्ष सत्ता नायक के दांत काशी की जनता ने खट्टे कर दिये। इंडिया दलों के जांबाज कार्यकर्ता साथियों के साथ वाराणसी की जनता ने मेरा चुनाव खुद को ही अजय राय मान लड़ा। उनके इस विश्वास का मैं ऋणी हूं और हर सुख-दुख में उनके साथ खड़ा रहूंगा। श्री राय ने कहा कि हम मां गंगा की संतान हैं और इस चुनाव में मां गंगा का संकेत साफ है कि काशी के सम्मान और हितों के खिलाफ राजनीति काशी को गंवारा नहीं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में उत्तर प्रदेश में मिली कांग्रेस और सपा की जीत के साथ इंडिडा गठबंधन को भारी सफलता से अभिभूत हूं और प्रदेश की जनता का हृदय से आभारी हूं। प्रदेश की जनता ने 4 लाख मतों से राहुल गांधी को जिता कर और भारी अपव्यय के बाद भी नरेन्द्र मोदी को डेढ़ लाख से कम वोटों से जीतने में पसीने छुड़ा यह सिद्ध कर दिया कि भारत मां की अपूर्व प्रदक्षिणा करने वाले राहुल गांधी नरेन्द्र मोदी से बहुत बड़े जननायक हैं। अयोध्या की भाजपा की हार ने साबित कर दिया कि धार्मिक भावनाओं का राजनीतिक इस्तेमाल लोकतंत्र को अमान्य है।

## जीत देख कांग्रेसियों का उत्साह चरम पर पहुंचा

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव मतगणना शुरू होने के बाद सुबह से ही कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटना शुरू हो गयी। जैसे-जैसे सीटों के रुझान आते गये कांग्रेसी जोश से लबरेज नजर आने लगे। प्रदेश में कांग्रेस की सीटों की संख्या में होते इजाफे को देख कांग्रेसियों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। कांग्रेसियों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की तस्वीरें हाथों में लेकर जबरदस्त नारेबाजी की। वहीं कांग्रेस मुख्यालय को तिरंगी झंडियों से सजाया जाने लगा। कांग्रेस मुख्यालय के लॉन को पूरी तरह तिरंगी झंडियों से सजा दिया गया। मंगलवार को मतगणना शुरू होते ही कांग्रेस



मुख्यालय का मीडिया कक्ष पार्टी नेताओं से भर गया। कांग्रेस प्रवक्ताओं के साथ ही पार्टी नेता टीवी चैनलों पर सीटों के रुझान देखते दिखे। प्रदेश के रुझानों में कांग्रेस पार्टी के आधा दर्जन से अधिक सीटों पर बढ़त देख कांग्रेसी खुशी से झूठ उठे। कांग्रेस मुख्यालय में ढोल-नगाड़ों की आवाजें गूंजने लगी। हाथों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तस्वीरें लिए कांग्रेसी ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरके। कांग्रेसियों ने पार्टी की जीत की खुशी में आतिशबाजी की। इस मौके पर कांग्रेसियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिला कर जीत का जश्न मनाया।

# मोहनलालगंज: सपा प्रत्याशी आर के चौधरी 70 हजार मतों से जीते

**केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर की करारी हार**

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मोहनलालगंज के मतदाताओं ने इस बार भारी उलटफेर कर दिया। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर हैट्रिक लगाने की आस में चुनावी मैदान में थे, लेकिन वोटरों ने उनका यह अरमान पूरा नहीं होने दिया। उन्हें 70 हजार 292 मतों से हार मिली।

समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आर के चौधरी ने उन्हें हरा दिया। सपा प्रत्याशी को 6 लाख 67 हजार 869 मत मिले। वहीं, भाजपा सांसद कौशल किशोर को 5 लाख 97 हजार 577 मत प्राप्त हुए।

मतदाताओं की नाराजगी नहीं भांप पाए कौशल

मोहनलालगंज क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर मतदाताओं का रुख भांपने में पूरी तरह से फेल रहे। सवर्ण मतदाताओं के साथ ही उनकी बिरादरी का एक बड़ा वर्ग इस बार उनके साथ नहीं खड़ा हुआ। क्षेत्रीय मुद्दों की अनदेखी और दो बार सांसद रहना भी उनके खिलाफ गया। इनके बीच विभिन्न वजह से विवादों से चर्चा में रहे उनके परिवार ने भी इस हार में बड़ी भूमिका निभाई।

बेहद सामान्य परिवार से निकलकर सांसद और राज्यमंत्री तक के ओहदे तक पहुंचने वाले कौशल किशोर की छवि एक जमीनी नेता की है। इसी के दम पर मलिहाबाद विधानसभा सीट से वे एक बार



निर्दलीय विधायक भी रहे। पिछले दो बार से वे मोहनलालगंज क्षेत्र से सांसद हैं। इस दौरान उनकी क्षेत्रीय पैठ थोड़ी कम हुई। कार्यकाल के दौरान उन पर सवर्णों के विरोध में काम करने के आरोप भी लगे। क्षेत्र में सवर्ण बिरादरी पर लगे एससी-एसटी एक्ट में दर्ज हुए मुकदमों का ठीकरा भी उनके सिर फोड़ा गया। सिधौली और मोहनलालगंज क्षेत्र के मतदाताओं का उन पर क्षेत्रीय मुद्दों की अनदेखी करने का आरोप है।

इसके चलते क्षेत्र में न तो डिग्री कॉलेज बन सके और ना ही रोजगार के मौके पैदा हुए। मलिहाबाद क्षेत्र में मंडी का निर्माण तो हुआ पर चालू नहीं हुई। वहीं सिधौली में मंडी निर्माण सिर्फ वायदों और दावों तक ही सीमित रहा। राजधानी से सटा क्षेत्र होने की वजह से ट्रैफिक दबाव इन क्षेत्र पर काफी है। इसके चलते कई क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर बनाने की मांग काफी लंबे समय से उठ रही है। 10 साल के कार्यकाल में क्षेत्र में एक भी फ्लाईओवर का निर्माण न हो पाना भी उनके खिलाफ गया।

# एएमयू में वेदों पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

**जियो और जीने दो' और 'आपसी सहयोग' के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला**

अवधनामा ब्यूरो



**अलीगढ़/लखनऊ।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा कुछ सप्ताह पहले शुरू की गई अपनी विशेष व्याख्यान श्रृंखला के तहत 'आधुनिक समय में वेदों की प्रासंगिकता' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। अतिथि वक्ता, संस्कृत, पाली और प्राकृत के प्रख्यात विद्वान, प्रोफेसर सत्य प्रकाश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, एएमयू और वर्तमान में भारतीय बौद्ध अध्ययन सोसायटी और अध्यक्ष, प्राकृत विकास बोर्ड, एमएचआरडी, भारत सरकार के अध्यक्ष ने वेदों का सार समझाया और उसमें परिकल्पित 'जियो और जीने दो' और 'आपसी सहयोग' के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कई वैदिक युक्तियों को उद्धृत किया जो सार्वभौमिक भाईचारे, शांति और सद्भाव के साथ आपसी सह-अस्तित्व पर बल देते हैं। उन्होंने मानवता के बेहतर कल के लिए लोगों में प्राचीन ऋषियों के नैतिक मूल्यों को विकसित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कला संकाय के डीन प्रोफेसर आरिफ नजीर ने वेदों की शिक्षाओं पर ध्यान केंद्रित किया जो समाज के विभिन्न वर्गों के बीच आत्मीयता और आपसी समझ को बढ़ावा देते हैं। कला संकाय के पूर्व डीन प्रोफेसर कफील अहमद कासमी ने पवित्र कुरान और वेदों की शिक्षाओं का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर हिमांशु शेखर आचार्य ने व्याख्यान के विषय पर संक्षिप्त चर्चा करते हुए बताया कि वेदों से शुरू होकर संस्कृत साहित्य में धर्म, अर्थ और काम की प्राप्ति में संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया गया है और इन तीनों (त्रिवर्ग) की प्राप्ति में संतुलन की कमी ही सभी प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं का मुख्य कारण है।

## गर्डर रख रही क्रेन खराब होने से 12 घंटे बंद रहा रनवे

**लखनऊ।** अमौसी एयरपोर्ट पर मंगलवार सुबह टर्मिनल थ्री के निर्माण में लगी क्रेन खराब हो गई। इस कारण करीब 12 घंटे तक रनवे बंद रहा। लखनऊ आने-जाने वाली 84 फ्लाइटों को निरस्त किया गया, 12 उड़ानें डायवर्ट की गई तथा 40 लेट रहीं। इस दौरान करीब 20 हजार यात्री परेशान हुए। एयरपोर्ट टर्मिनल यात्रियों से ठसाठस भरा रहा। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर हाल ही में नया टर्मिनल टी-थ्री शुरू हुआ है। यहां से घरेलू विमानों का संचालन हो रहा है। टी-थ्री के सेकंड फेज का काम चल रहा है। इसमें गर्डर रखने का काम कर रही क्रेन की बीक (चोंच) सुबह करीब 5.30 बजे खराब हो गई। यह बीक रनवे के ऊपर आकर फंस गई। हादसा की आशंका के चलते एयरपोर्ट ट्रैफिक कंट्रोलर ने तत्काल यह सूचना अन्य एयरपोर्टों को दी।

एनटीपीसी NTPC

**एनटीपीसी सिंगरौली**

सिंगरौली Singrauli

**विद्युत उत्पादन के साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु संकल्पित**

- SO2 उत्सर्जन के नये मानको के पालन हेतु FGD सिस्टम की स्थापना प्रगति पर।
- एसपीएम उत्सर्जन कम करने हेतु सभी 7 इकाइयों का ईएसपी का नवीनीकरण किया गया ।
- जल संरक्षण के लिए ऐश वाटर रिसायक्लींग सिस्टम ।
- पर्यावरण संरक्षण हेतु लिक्वीड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट से पुनः चक्रीकरण।
- पर्यावरण संरक्षण हेतु डस्ट इक्स्ट्रेशन एण्ड सेपरेशन सिस्टम ।
- 20 लाख से अधिक वृक्षारोपण ।
- टाउनशिप में मियावाकी पौधारोपण पद्धति से 17500 पौधों का वनीकरण।
- पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान ।
- राख उपयोग वृद्धि हेतु एनएच के निर्माण एवं ऐश ब्रिक के निर्माण हेतु राख का प्रेषण ।
- पर्यावरण संरक्षण हेतु सिवेज ट्रीटमंट प्लांट का नवीनीकरण।
- पर्यावरण अनुकूलन हेतु 50 लाख राख ईंट का निर्माण ।
- प्लास्टिक के उपयोग की रोकथाम हेतु में जागरूकता अभियान ।




**सिंगरौली सुपर थर्मल पावर स्टेशन, शक्तिनगर, सोनभद्र ( उ.प्र.)**